CMYK

सूर्योदय : 5:18
सूर्यास्त : 7:04
अधिकतम तापमान : 31.7
न्यूनतम : 26.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-20 अंक-18 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 08 जुलाई 2026
22 मोहर्रम 1448 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदेगा इंडोनेशिया

**■ पीएम मोदी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच हुई वार्ता में बनी सहमति**



**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच मंगलवार को हुई वार्ता में इंडोनेशियाई सैन्य बलों को ब्रह्मोस मिसाइलों की आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ बनाने पर सहमति बनी।

दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण खनिज, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, दवाओं और समुद्री सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी 2018 की भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत व्यापार तथा सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत सोमवार को जकार्ता पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया।

रक्षा और खनिज क्षेत्र में बड़े समझौते ऐसा समझा जाता है कि दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में इंडोनेशिया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इस हथियार की सफलता के बाद हवा से हवा में प्रहार करने वाली 'अस्त्र' मिसाइलों का भारत से आयात करने का फैसला किया है। महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए, भारत ने इंडोनेशिया में इस्पात, निकल और दुर्लभ स्थायी चुंबकों के निर्माण में निवेश करने का फैसला किया। भारत और इंडोनेशिया ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सबांग बंदरगाह का संयुक्त रूप से विकास करने पर भी सहमति जताई। यह बंदरगाह मलक्का जलडमरऊमध्य के निकट स्थित है और भारत की ग्रेट निकोबार बंदरगाह परियोजना से लगभग 100 मील की दूरी पर है।

पीएम मोदी वार्ता के बाद अपने मीडिया बयान में कहा, 2018 में बनी हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी आज एक नयी उड़ान ले रही है। हम विकास, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और शिक्षा.. हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है, आज से भारत-इंडोनेशिया साझेदारी का एक सुनहरा अध्याय शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच बढ़ता विश्वास द्विपक्षीय रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, आज हमने रक्षा आदान-प्रदान, आपदा प्रबंधन और औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनाई।

पीएम मोदी ने इंडोनेशिया में भारतीय प्रबंधन संस्थान-बेंगलुरु (आईआईएम-बी) का एक परिसर स्थापित करने के निर्णय की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, हमें बहुत खुशी है कि भारत का यूपीआई इंडोनेशिया की भुगतान प्रणाली के साथ जुड़ने जा रहा है। इससे व्यापार सुगमता और यात्रा सुगमता, दोनों को ही बल मिलेगा। दोनों पक्षों ने समुद्री अर्थव्यवस्था, समुद्री व्यापार और बंदरगाह विकास के क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। मोदी ने कहा, वैश्विक उथल-पुथल के इस दौर में भारत का मानना है कि संवाद और कूटनीति की भूमिका, पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिन्तांग आदिपूर्ण'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान 'बिन्तांग आदिपूर्ण ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' प्रदान किया गया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने मोदी को यह पदक प्रदान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, आज सुबह, मुझे बहुत स्नेह के साथ इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान भी प्रदान किया गया है। यह सम्मान कोटि-कोटि भारतवासियों का है। पीएम मोदी ने कहा, मैं राष्ट्रपति प्रबोवो, इंडोनेशिया की सरकार और यहां की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।'' 'बिन्तांग आदिपूर्ण ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने इंडोनेशिया की एकता, निरंतरता और समृद्धि के लिए असाधारण सेवा की है।

# एक भी कार का नाम बताएं जिसमें कोई समस्या आई हो : नितिन गडकरी

**■ एथनॉल मिश्रित ईंधन पर बोले, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री**



> ईं20 पेट्रोल के कारण किसी कार में समस्या आने का कोई मामला सामने नहीं आया है। क्या देश में कोई ऐसी कार है जिसमें ई20 पेट्रोल के इस्तेमाल से कोई समस्या आई हो? बस एक का नाम बताइए। ज़्यादा एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल को लागू करने के बारे में गलत बातें फैलाई जा रही हैं। पैसा देकर यह अभियान चलाया जा रहा है।
>
> **नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के आलोचकों को चुनौती देते हुए कहा कि वे ऐसी एक भी कार का नाम बताएं जिसमें इस ईंधन के कारण कोई समस्या आई हो। ई20 पेट्रोल यानी 20 प्रतिशत एथनॉल-मिश्रित ईंधन बिक्री की अनिवार्यता को लेकर आलोचना और गाड़ियों की माइलेज कम होने की शिकायतों के बीच उन्होंने यह बात कही।

गडकरी ने यहां 'विकसित भारत' सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल आदि) पर भारत की निर्भरता एक आर्थिक बोझ है। इसके कारण ईंधन आयात पर सालाना 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और यह पर्यावरण के लिए भी खतरा है, इसलिए देश की प्रगति के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना बहुत जरूरी है।

इस आरोप पर कि उनके परिवार के सदस्यों की कंपनियां एथनॉल बनाने के काम में शामिल हैं और इसीलिए वह अधिक एथनॉल वाले पेट्रोल को लाने पर जोर दे रहे हैं, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके परिवार के सदस्यों की चीनी मिलें हैं और उनकी कंपनियां एथनॉल उत्पादन पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश में एथनॉल की अधिकता है इसलिए मक्के से एथनॉल बनाने के कदम से उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों को 45,000 करोड़ की अतिरिक्त आय हुई है।

**मक्के से एथनॉल बनाने का फैसला, किसानों को फायदा :** नितिन गडकरी ने कहा, 'जब हमने मक्के से एथनॉल बनाने का फैसला किया, तो मक्के की बाजार कीमत 1,200 रुपये प्रति क्विंटल थी और न्यूनतम समर्थन मूल्य 1,800 रुपये प्रति क्विंटल था। इस फैसले के बाद, मक्के की कीमत बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।' उन्होंने कहा, 'उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों की जेब में अतिरिक्त 45,000 करोड़ रुपये आए।'

# सीएम ने 111 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

**■ जनसभा को किया संबोधित, लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाणपत्र व डेमो चेक**



**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सदर और विश्वनाथगंज विधानसभा की 384 करोड़ रुपये की लागत की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास बटन दबाकर किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, डेमो चेक और चाबी वितरित की। इसमें सदर विधानसभा की 78.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 42 परियोजना का लोकार्पण, 160.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली परियोजना का शिलान्यास शामिल है।

विश्वनाथगंज विधानसभा में 77.10 करोड़ की लागत से निर्मित 13 परियोजनाओं का लोकार्पण और 68.80 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली परियोजनाओं की आधारशिला रखी। सीएम योगी निर्धारित कार्यक्रम से एक घंटे विलंब से पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर हजारों कार्यकर्ता उनका बेसब्री से इंतजार करते रहे। बारिश होने के बावजूद लोग मुख्यमंत्री को सुनने पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को मां बेल्हा देवी का चित्र भेंटकर स्वागत किया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने ओडीओपी के तहत चयनित आंवला उत्पाद का उपहार भेंट किया। कार्यक्रम में सांसद अमरपाल मौर्य मौजूद रहे।

# हमारी सरकार में वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज : सीएम योगी

**■ इसौली व सुल्तानपुर की 819 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण**

**■ राम मंदिर चंदा चोरी विवाद पर खुलकर बोले योगी, विपक्ष पर रहे हमलावर**

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** जिले के डायट ग्राउंड पर पहुंचे प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर स्वागत के बाद जिले के विभिन्न परियोजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक,चाभी सहित प्रशस्ति पत्र वितरित किया।

सभा स्थल पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सियावर राम चंद्र की जय के साथ अभिवादन करते हुए कहा कि रामायण कालीन स्मृतियों से जुड़े इस पावन धरा को नमन करते हुए जिले की 819 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई देता हूं। जिले के जनप्रतिनिधियो के अथक प्रयास में जिले में मेडिकल कॉलेज का संचालन हो रहा है साथ ही नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास आज किया गया। सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि पिछली सरकार वन डिस्ट्रिक वन माफिया पालती थी हमारी सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज बना रही है। उन्होंने जिले की बेहतर सड़कों से कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए कहा कि आज आप लोग 45 मिनट में अयोध्या धाम इंटर नेशनल एयर पोर्ट पहुंच रहे है। ये आपके द्वारा चुनी हुई सरकार के कारण संभव हो पाया है। जब सुरक्षा का माहौल होगा तभी विकास संभव है।

उत्तर प्रदेश को कांग्रेस व सपा ने बीमारू राज्य बना दिया था लेकिन अब आपके द्वारा चुनी गई सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा के माहौल के साथ भारी मात्रा में निवेश भी कराया है। डबल इंजन की सरकार सुरक्षा में कोई भेदभाव नहीं करती। बिना भेदभाव के सुरक्षा के बेहतर वातावरण से निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास पहले भी वही पैसा था लेकिन उसका उपयोग कब्रिस्तान के बाउंड्री वाल निर्माण में किया जाता था लेकिन डबल इंजन की सरकार में उसी पैसे का सदुपयोग करके धार्मिक स्थलों के सुधरीकरण के साथ सड़कों के निर्माण आदि में खर्च किया जा रहा है। यूपी में पिछले 09 साल में 09 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई। उद्यमों से करीब सवा 03 करोड़ लोग लाभ ले रहे है। सपा की सरकार में माफिया गरीबों की, सरकारी जमीन कब्जा कर लेते थे लेकिन हमारी सरकार में किसी की अवैध अतिक्रमण करने की मजाल नहीं है। राम मंदिर ट्रस्ट में हुई चोरी को लेकर मुख्यमंत्री विपक्ष पर हमलावर हुए उन्होंने कहा कि जैसे ही ट्रस्ट ने मांग की तुरंत एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट में जिन लोगों के नाम आए उन पर ट्रस्ट ने एफआईआर दर्ज कराकर उन्हें जेल पहुंचाया। लेकिन विपक्ष को चंदा चोरी से मतलब नहीं है। न ही उनकी कभी आस्था रही है। उनके द्वारा केवल हमारे तीर्थ को बदनाम किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम का मंदिर जनता जनार्दन के पैसे से ट्रस्ट द्वारा बनाया गया जहां आज त्रेता युग की अनुभूति होती है। इसी बात से विपक्ष को पीड़ा है इसीलिए बदनाम करने के लिए समाजवादी पार्टी व कांग्रेस मुहिम चला रही है। जिनके द्वारा राम भक्तों पर गोलियां चलवाई गई उनकी प्रभु राम में आस्था कभी नहीं हो सकती। इनके द्वारा देश व विदेश में केवल अयोध्या धाम को बदनाम किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने कई लोगों को किया सम्मानित

**सुल्तानपुर।** जिले के दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने अनीता कुमारी को घर की चाभी, सीमा मौर्य व निधि वर्मा विद्युत सखी एनआरएलएम को एक एक थर्मल प्रिंटर, संजू साहू बीसी सखी को प्रशस्ति पत्र, साधना देवी, नजमा को चेक, पूजा पाल व रीता को समूह का चेक, रीमा देवी, आराधना को 50- 50 हजार का चेक, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत अमन मौर्य की 05 लाख डेमो चेक, निर्मला को 03 लाख का डेमो चेक, दयाशंकर भार्गव को 05 लाख का डेमो चेक, लक्ष्मी जायसवाल व गुलाबपति त्रिपाठी को नंदबाबा दुग्ध मिश्रण योजना के तहत चेक व मातृत्व शिशु एवं बालिका सहायता के लिए लक्ष्मण, अरुण कुमार, लीलावती देवी व पूनम को डेमो चेक सौंपा।

### कांग्रेस व सपा के कुछ नेता हाउस अरेस्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से पहले मंगलवार को जिला पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कई नेताओं को उनके आवासों पर ही रोक दिया। वहीं समाजवादी पार्टी के चार नेताओं को हिरासत में लेकर नगर कोतवाली ले जाया गया।

# महाराष्ट्र की बरसात ने बिगाड़ा प्रदेश में सब्जियों का बजट

**■ आसमान छूने लगे टमाटर-प्याज के दाम**

**लखनऊ।** महाराष्ट्र में हो रही बरसात के कारण नासिक से आने वाले प्याज की आमद कम होते ही प्याज की कीमतों ने तेज उछाल पकड़ा है। करीब बीस दिनों में चढ़ी प्याज की कीमतों ने लोगों की आंखों से आंसू निकालना शुरू कर दिया है। फुटकर में 25 रुपये किलो मिलने वाला प्याज 40 रुपये किलो का आंकड़ा पार कर गया है। यही हाल टमाटर का है। देशी टमाटर खत्म होते ही बाहर से आने वाला टमाटर भी लाल होने लगा है।

प्याज, टमाटर, अदरक, लहसुन की कीमतों में तेज उछाल

थोक कारोबारी और दुबग्गा सब्जी एवं फल व्यापारी समिति के शहनवाज बताते हैं कि महाराष्ट्र में तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। नासिक से प्याज आता है। बरसात के कारण प्याज के ट्रकों का आवागमन कम हो गया है। माल खराब हो सकता है। ऐसे में कारोबारी हालात देखकर ही प्याज भेजते हैं। यही वजह है कि प्याज की कीमतों में उछाल आ गया है। करीब 20 दिन पहले प्याज की कैरेट (25 किलो वाली) 300 से 350 रुपये थी आज का भाव बढ़कर 650 से 700 रुपये कैरेट हो गया है। यही हाल टमाटर का है।

# अखिलेश यादव का नाम घसीटने पर भड़की सपा

**राम मंदिर चढ़ावा मामला**

**■ भाजपा सांसद निशिकांत के खिलाफ लखनऊ में तहरीर**



**लखनऊ।** राम मंदिर चंदा चोरी के मुख्य आरोपी रमा शंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के साथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का नाम घसीटने पर समाजवादी पार्टी ने आक्रामक रुख अपनाया है। टिन्नू के साथ अखिलेश यादव की कथित बातचीत के दावे से जुड़े ट्वीट पर सपा ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ लखनऊ थाने में तहरीर दी है। पार्टी ने सांसद निशिकांत दुबे और सवर्ण प्रसाद बाला सुब्रमण्यम नामक एक अन्य एक्स यूजर को मानहानि का नोटिस भी भेजा है।

सपा और भाजपा के बीच एक्स पर ये वार प्रारंभ हुआ। बाला सुब्रमण्यम नामक एक यूजर ने अपने ट्वीट में आरोप लगाया कि, 'चंदा चोरी का आरोपी टिन्नू यादव अखिलेश यादव से बातचीत करता था।' भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इसे रिट्वीट करते हुए लिखा, ' टिन्नू टीपू से ही तो बात कर रहा था। '

सांसद निशिकांत दुबे के इस रिट्वीट पर अखिलेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया के साथ 10 मिनट में ट्वीट डिलीट कर माफी मांगने की चेतावनी दी थी। अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा था।

निशिकांत दुबे ने पलटवार करते हुए लिखा कि, ' जल्दी करिए, इतना परेशान क्यों हैं? प्रश्न ही तो पूछा है? 1990 में राम भक्त पर गोली किसने चलवाई? मैं अदालत जाऊँगा '। इसी क्रम में मंगलवार को समाजवादी पार्टी ने निशिकांत दुबे और बाला सुब्रमण्यम पर पार्टी प्रमुख के खिलाफ अफवाह फैलाने और छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए लखनऊ में तहरीर दी है।

# सामने आयेगा सारा सच, दूंगा हर सवाल का जवाब : चंपत राय

**■ राम भक्तों के नाम श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव की पाती**

**लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले पर एक पत्र लिखा है, यह पत्र राम भक्तों के नाम हैं, जिसमें उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा अंतिम रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद ही वह उनपर लगाए गए सभी आरोपों का जवाब देंगे।

चंपत राय ने 'राम भक्तों' को संबोधित करते हुए पत्र में लिखा, 'सात जून को मंदिर की दान पेटियों से दान की गिनती के दौरान कथित चोरी की घटना के बाद से इस मामले को लेकर चर्चा जारी थी और उनके खिलाफ व्यक्तिगत रूप से 'निराधार आरोप' लगाए गए। ' उन्होंने कहा कि एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट ट्रस्ट की आम बैठक से पहले पेश की गई थी। राय ने कहा कि जिस रिपोर्ट को शुरुआत में 'अत्यंत गोपनीय' रखा गया था, उसे अब सार्वजनिक कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईटी द्वारा अंतिम रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद वह उठाए गए सभी मुद्दों पर बिंदुवार जवाब देंगे और 'पूरी सच्चाई' जनता के सामने आ जाएगी।

**तनातनी** जहाज ईरान के तय किए गए समुद्री रास्ते से भटक गए थे

# होर्मुज में 24 घंटे में तीन जहाजों पर हुए हमले



**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे तीन जहाजों पर हमले हुए हैं। ब्रिटिश सेना ने पुष्टि की है कि ये तीनों हमले मंगलवार को हुए हैं। हालांकि, इन हमलों की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, लेकिन माना जा रहा है कि इनके पीछे ईरान का हाथ हो सकता है। कई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनको निशाना तब बनाया गया, जब ये जहाज ईरान के तय किए गए समुद्री रास्ते से भटक गए थे। इन हमलों को ईरान की चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है। होर्मुज के खुलने के एक हफ्ते बाद भी सैकड़ों की संख्या में जहाज अब भी फंसे हुए हैं और अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स (केएमटीओ) ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार को ड्रोन से निशाना बनाए गए तीसरे जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा, लेकिन उसमें सवार कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। उसने बताया कि हमले के बाद भी जहाज ने अपनी यात्रा जारी रखी। इससे पहले, यूकेएमटीओ ने बताया था कि होर्मुज जलडमरूमध्य से ओमान की खाड़ी की तरफ जा रहे एक टैंकर को मंगलवार तड़के एक प्रक्षेपास्त्र से निशाना बनाया गया, जिससे उसमें आग लग गई। उसने कुछ घंटे बाद बताया था कि ओमान के तट के पास प्रक्षेपास्त्र से निशाना बनाए गए एक और जहाज में आग लग गई, लेकिन हमले में उसमें सवार कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर हमले कर इस रास्ते पर खुद के अधिकार को प्रदर्शित करने की कोशिश कर रहा है। वह चाहता है कि दुनिया को कहीं यह न लगने लगे कि उसने होर्मुज पर दावा छोड़ दिया है। ईरान अपनी शर्तों पर इसका संचालन करना चाहता है।

## ट्रंप की धमकियों पर ईरान की दो टूक

**■ धमकियों के बीच वार्ता संभव नहीं, अमेरिका करे समझौते का सम्मान : अराघची**



**तेहरान।** मध्य-पूर्व एशिया में फिलहाल शांति है, लेकिन यूएस-ईरान के बीच हाल ही में हुआ समझौता कितने दिन तक कायम रहेगा, इसे लेकर असमंजस बरकरार है। इसकी एक अहम वजह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फिर ईरान की ओर से दिए जा रहे जवाब माने जा रहे हैं। सोमवार को भी ट्रंप ने ऐसा ही कुछ कहा, जिसका जवाब ईरान की ओर से आया। ईरानी विदेश मंत्री सैय्यद अबास अराघची ने स्पष्ट किया कि धमकियों से काम नहीं चलेगा।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि यदि धमकियों का सिलसिला जारी रहा, तो अंतिम समझौते पर बातचीत शुरू नहीं होगी। उन्होंने इस संबंध में अमेरिका के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के पैराग्राफ 13 का हवाला दिया। अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'लाखों गौरवान्वित ईरानी' सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एकत्र हो रहे हैं। उन्होंने कहा, न तो ईरानी जनता और न ही हमारी सशस्त्र सेनाएं किसी भी तरह की धमकियों से प्रभावित होंगी।

# भंग किया जाए राम मंदिर ट्रस्ट : गहलोत

**■ चढ़ावा चोरी मामले में बोले- राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री**



**नई दिल्ली।** राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मंदिर के चढ़ावे में हुई चोरी से लोगों की आस्था पर जिस तरह से चोट पहुंची है, उनमें मंदिर ट्रस्ट को तुरंत भंग करना चाहिए। साथ ही चढ़ावा चोरी मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा कि जिस तरह अविश्वास पैदा हुआ है, उससे ट्रस्ट को भंग कर देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने खुद कहा कि यह चोरी नहीं बल्कि डकैती है। भाजपा और आरएसएस भी मान रहे कि गड़बड़ी हुई है तो फिर बचा क्या है। इसलिए इस ट्रस्ट को तुरंत भंग किया जाए। उन्होंने मामले की जांच कर रही एसआइटी पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि उप्र सरकार की ओर से गठित की गई एसआइटी पर लोगों को भरोसा नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से चुनाव आयोग ने चुनावी चंदे की पूरी जानकारी सार्वजनिक की थी, उसी तरह मंदिर के दानदाताओं की सूची भी सार्वजनिक की जाए। वैसे भी मंदिर के निर्माण में सभी राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने दान दिया है।

**मुख्यमंत्री रहते मदद की :** मंदिर निर्माण के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री रहते मदद की। गहलोत ने कहा कि जब राम मंदिर का निर्माण हो रहा था तब चंपत राय राजस्थान के भरतपुर से गैर कानूनी खदानों से पत्थर लेकर जा रहे थे। उस समय मैंने उनसे कहा था कि मंदिर निर्माण में गैर कानूनी खदानों के पत्थर नहीं लगाने चाहिए। बाद में यह पूरा मामला पीएमओ तक पहुंचा और भरतपुर के बंसी पहाड़ को लीगल माइनिंग घोषित की गई और तब यहां से पत्थर वहां पहुंचा और राम मंदिर का निर्माण हुआ।

# जिलाधिकारी ने ली स्वयं सहायता एवं कार्यों की प्रगति की महत्वपूर्ण बैठक

**कार्यों की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने दो ए0डी0ओ0 (आई0एस0बी0) के विरुद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश**



*अवधनामा संवाददाता*

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में अपराह्न 1 बजे स्वयं सहायता समूहों और कार्यों की प्रगति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शिविर कार्यालय में आयोजित की गई, बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की विस्तृत समीक्षा की गई, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन योजनाओं का मूल उद्देश्य हमारी आधी आबादी महिलाओं को स्वरोज़गार से जोड़ना और उनकी आय में वृद्धि करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि अंग्रेजी की एक प्रसिद्ध कहावत है कि 'स्काई इस द लिमिट' अर्थात् आपकी संभावनाओं की कोई सीमा नहीं है, यदि आपके पास दृढ़, संकल्प मेहनत और आत्मविश्वास है, तो आप जितनी ऊंचाइयों चाहे, प्राप्त कर सकते हैं, हमारी मातृशक्ति के अंदर जो दृढ़ संकल्प है, ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा है, उनके लिए यह अंग्रेजी की कहावत सटीक बैठती है, स्वयं सहायता समूह उनकी इसी शक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। बैठक में कार्यों की बेहद खराब प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने दो ए0डी0ओ0 (आई0एस0बी0) के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने समूहों के गठन और विकास के लिए प्रत्येक ब्लॉक और संबंधित अधिकारियों का एक दैनिक लक्ष्य तय किए जाने की बात कही, जिसके सापेक्ष सभी को अनिवार्य रूप से कार्य करना होगा, इसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सी0आई0एफ0 और अन्य मदों में जो भी अवशेष धनराशि अभी तक व्यय नहीं हुई है, उसे नियमानुसार तत्काल व्यय कर आगे की कार्रवाई की जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को कृषि, उद्यान, जिला उद्योग केंद्र, समाज कल्याण, मनरेगा, पशुपालन और बैंकिंग जैसे विभागों के साथ समन्वय कर आगे बढ़ाया जाए, महिलाएं, डेयरी, पशुपालन, गोबर के उत्पाद, दोना-पत्तल निर्माण, पैकेजिंग, सिलाई, ब्यूटी पार्लर जैसे क्षेत्रों में भी कार्य कर सकती है।

## समाधान समारोह-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**फिरोजाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशन में आयोजित समाधान समारोह-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज प्रातः 10:00 बजे जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डॉ. बब्बू सारंग द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि समाधान समारोह-2026 का उद्देश्य अधिकाधिक वादकारियों को सौहार्दपूर्ण, त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान का लाभ उठाकर अपने वादों को आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से निस्तारण कराने का आह्वान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की सचिव सुश्री योगेश शिवा ने अवगत कराया कि उनके निर्देशन में समाधान समारोह-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनपद के विभिन्न नगरों, तहसीलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार वाहन संचालित किए जा रहे हैं। इन प्रचार वाहनों के माध्यम से आमजन को समाधान समारोह की उपयोगिता, पात्रता तथा आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से वादों के निस्तारण के संबंध में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि पात्र वादकारी अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान का लाभ उठाकर अपने वादों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण कराएं। इस अवसर पर समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नगर कांग्रेस कमेटी शिकोहाबाद द्वारा चंदा चोरों की बुद्धि शुद्धि के लिए एक पद यात्रा निकाली

*अवधनामा संवाददाता*




**शिकोहाबाद।** आज नगर अध्यक्ष रामसेवक वैद्य के नेतृत्व में राम मंदिर अयोध्या में राम मंदिर के चंदे और चढ़ावे कथित चोरों से आहत करोड़ों राम भक्तों की आस्था के सम्मान में तथा दोषियों के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी शिकोहाबाद द्वारा चंदा चोरों की बुद्धि शुद्धि के लिए एक पद यात्रा निकाली गई यह पद यात्रा हनुमान मंदिर पक्का तालाब से शुरू होकर नारायण किराया स्टेट बैंक बड़ा बाजार होते हुए काली देवी मंदिर पर पहुंची यहां पर नगर कांग्रेस कमेटी शिकोहाबाद के पदाधिकारी द्वारा चंदा चोरों की बुद्धि शुद्धि के लिए, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जिससे चंदा चोरों की बुद्धि शुद्ध हो सके इस मौके पर रामसेवक वैद्य ने कहा चंदा चोरी करके हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम को अपमानित करते हुए समस्त भारत वीडियो की छवि को खराब किया है यह कांग्रेस पार्टी कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी चंदा चोरों को जेल पहुंच कर श्री राम के चांदा से चोरी का एक-एक पैसे का हिसाब लेकर रहेगी जो सरकार चंदा चोरी नहीं रोक सकती वह देश की क्या रक्षा सुरक्षा करेगी देश के गरीबों को क्या न्याय देगी पदयात्रा में चंदा चोरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है सरकार होश में आओ चंदा चोरों को देश से बाहर भगाओ चंदा चोरों को ऐसी सजा दो जिनकी सात पुश्तक याद रखें और आगे भविष्य में कोई भी भगवान श्री राम के चंदे की चोरी ना कर सके पद यात्रा में तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस मौके पर कमलेश यादव, नाजिम फारूकी, मुकेश कुमार उर्फ बाबा तिवारी, आजाद कुरैशी, तेज सिंह, अशरफ अहमद, गुलशाद, जयराम प्रजापति, शाहिद अली, उम्मीद अली, अमर सिंह नदी जगदीश वाल्मीकि, नत्थीलाल, सुबोध आदि मौजूद थे।

## वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली सदर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 834/23 धारा 419/420/467/468/471 भादवि से सम्बन्धित आनलाइन डाटा फीडिंग में कूटरचित शैक्षिक व जन्मतिथि संबंधी प्रमाण-पत्रों को अपलोड कराने के दोषी पाये गये स्वयं सेवको व वांछित अभियुक्तों ओम प्रकाश भार्गव पुत्र रामदयाल निवासी ग्राम बसहीपुर थाना हैदराबाद ओम प्रकाश प्रजापति पुत्र गोकरन प्रसाद निवासी ग्राम मुड़ासी थाना हैदराबाद को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सहारनपुर में विकास को मिल रही नई गतिः महापौर

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड संख्या-46 में चार महत्वपूर्ण सीसी सड़क एवं नाली निर्माण परियोजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया। इन निर्माण कार्यों पर करीब 47 लाख रुपये की लागत आयेगी। महापौर ने कहा कि ये निर्माण कार्य इस बात के प्रतीक हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकासपरक सोच को धरातल पर आकार मिल रहा है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज माधव विहार कॉलोनी में बालाजी मोटर्स से अमन की दुकान तक 14 लाख रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली तथा इसी कॉलोनी में अमन की दुकान से अनिल के मकान तक करीब 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत् पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इसके अलावा ब्रिज विहार कॉलोनी में करीब दस लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की सड़क पर गेंती चलाकर शुरुआत की।

**एसडीओ साहब, मीटर खराब है या बिलिंग सिस्टम?**

# मनमाने बिजली बिल से उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण, अवैध वसूली के आरोप

### आखिर क्यों होती है मीटर में रीडिंग 'स्टोर' ?

*अवधनामा संवाददाता*




**फिरोजाबाद।** बिजली विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। क्षेत्र के एक औद्योगिक उपभोक्ता ने आरोप लगाया है कि विभाग के अधिकारी और मीटर रीडिंग लेने वाले कर्मचारी कई महीनों तक वास्तविक मीटर रीडिंग लेने के बजाय अनुमानित बिजली बिल जारी करते रहे। वहीं, कथित रूप से बढ़ी हुई यूनिटों को कम कराने के नाम पर अवैध धन की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

उपभोक्ता के अनुसार जनवरी 2026 से मई 2026 तक उसके बिजली बिल में क्रमशः 75, 35, 116, 30 और 45 यूनिट की खपत दर्ज की गई। लेकिन जून 2026 के बिल में अचानक 1979 यूनिट दर्शा दी गई, जिससे वह हैरान रह गया। उसका कहना है कि यदि कई महीनों तक इतनी कम खपत थी, तो अचानक एक ही माह में इतनी अधिक यूनिट कैसे दर्ज हो गई। उपभोक्ता का आरोप है कि दीपक नामक मीटर रीडर कई बार उसकी फैक्ट्री पर आया और 10 हजार रुपये देने पर बढ़े हुए बिजली बिल को 'सेटल' कराने की बात कही। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने कथित अवैध मांग पूरी करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद अत्यधिक यूनिट वाला बिल जारी कर दिया गया। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और विभाग की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उपभोक्ता का यह भी आरोप है कि कुछ मामलों में कई महीनों तक वास्तविक मीटर रीडिंग दर्ज नहीं की जाती, जिससे यूनिट मीटर या बिलिंग रिकॉर्ड में लंबित रहती हैं। बाद में इन्हें एक साथ जोड़कर भारी-भरकम बिल जारी किया जाता है और फिर उसे कम कराने या 'सेटल' करने के नाम पर अवैध वसूली का प्रयास किया जाता है। यदि जांच में ऐसे आरोप सही पाए जाते हैं तो यह केवल उपभोक्ताओं के आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न का मामला नहीं होगा, बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली और राजस्व व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा। इधर, उपभोक्ताओं के बीच एक बड़ा सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर मीटर में रीडिंग 'स्टोर' क्यों होती है? क्या वास्तव में मीटर तकनीकी रूप से खराब होते हैं, बिलिंग सिस्टम में कोई त्रुटि होती है या फिर यह मानवीय लापरवाही का परिणाम है ? इन सवालों का जवाब केवल निष्पक्ष तकनीकी जांच से ही सामने आ सकता है। बिजली विभाग समय-समय पर गली-मोहल्लों और औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली चोरी पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाता है, लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग को अपनी आंतरिक कार्यप्रणाली की भी उतनी ही गंभीरता से समीक्षा करनी चाहिए। उनका सवाल है कि यदि मीटर रीडिंग समय पर ली जाए और बिलिंग पूरी पारदर्शिता से हो, तो ऐसे विवाद उत्पन्न ही क्यों हों उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार फिरोजाबाद जिले में बिजली बिल, मीटर रीडिंग और राजस्व संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रत्येक माह बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज होती हैं। उपभोक्ताओं का मानना है कि यदि हर माह वास्तविक मीटर रीडिंग दर्ज की जाए, बिलिंग प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए और शिकायतों का समयबद्ध व निष्पक्ष निस्तारण किया जाए, तो अधिकांश विवाद स्वतः समाप्त हो सकते हैं। शिकायतकर्ता ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल फिरोजाबाद तथा उपखंड अधिकारी (एसडीओ) उसायनी, टूंडला से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित मीटर की तकनीकी जांच कर वास्तविक खपत का सत्यापन कराने तथा यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका बिलिंग में अनियमितता या कथित अवैध वसूली में पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी बाइक को देखकर ग्रामीणों में मची खलबली

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के जोधापुरवा गांव में सोमवार देर रात एक बाइक खड़ी देख ग्रामीणों मं खलबली मच गई। संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी बाइक को देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाया, जिसके बाद बाइक चालक और उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गांव निवासी रामखेलावन ने बताया कि उनकी दुकान के पास सोमवार रात करीब 12 बजे बाइक (यूपी-31-सीएन-8863) लावारिस हालत में खड़ी थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस बाइक से कुछ लोग पिछले सात-आठ दिन से लगातार रात में गांव में आते थे और तड़के वापस चले जाते थे। सोमवार रात बाइक को लावारिस हालत में देखकर ग्रामीणों को चोरी या किसी आपराधिक गतिविधि की आशंका हुई। शोर सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, लेकिन तब तक बाइक चालक और उसके साथी भाग गए।

## छात्राएं 13 तक अपनी अंकतालिका जमा कराएं

**शिकोहाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** बीडीएम गर्ल्स डिग्री कालेज की प्राचार्या प्रो गीता यादवेन्दु की सूचना के अनुसार महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद में सत्र 2025-2026 में इंटरमीडिएट पास करने वाली छात्राओं के लिए 15 जुलाई को अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। छात्राएं अपनी अंकतालिका 13 जुलाई तक महाविद्यालय कार्यालय में जहान सिंह के पास जमा करा दें।

**पुलिस का मिशन शक्ति अभियान**

## चौपाल, बहूबेटी सम्मेलन और एंटीरोमियो टीम के जरिए महिलाओं को किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत सुलतानपुर पुलिस ने जनपदभर में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों और मिशन शक्ति टीमों ने ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान महिलाओं की समस्याएं सुनी गई और उनका विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान कराने का भरोसा दिलाया गया। साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस से बेझिझक संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। विभिन्न गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर श्बहूबेटी सम्मेलनश् आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा और सुरक्षा के महत्व तथा बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में थाना स्तर की एंटीरोमियो टीमों ने बाजारों, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। टीमों ने जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए। अभियान के दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की भी विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 108 (चिकित्सा सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) तथा 1930 (साइबर हेल्पलाइन) पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। सुलतानपुर पुलिस ने लोगों से अपील की कि महिला सुरक्षा और सम्मान को सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ परमट सेंटर होम के पास जल भराव का किया निरीक्षण



**कानुपर। (अवधनामा संवाददाता)** नगर निगम के नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय द्वारा 07 जुलाई को शहर में हुयी वर्षा के दृष्टिगत परमट सम्पवेल, परमट मन्दिर के पास, परमट शेल्टर होम के पास जलभराव स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद जितेन्द्र बाजपेयी, आनन्द त्रिपाठी महाप्रबन्धक जलकल, जोनल अधिकारी राजेश कुमार, सहायक अभियन्ता मीनाक्षी अग्रवाल, जोनल स्व0 अधिकारी मो0 फहीम, व जलकल के अभियन्तागण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक जलकल विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि परमट में नाला टैपिंग का कार्य तीन स्थानों पर किया गया है जिसमें स्थापित स्क्रीन पर फ्लोटिंग मैटेरियल एकत्र हो जाने के कारण जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। दिनॉक-03.07.2026 को हुये जल भराव का मुख्य कारण नाले पर उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा लगाया गया 1000 एम0एम0 व्यास का गेट वाल्व था, जिसे लगाने के कार्य के दौरान नाले के अन्दर 350 एम0एम0 व्यास की अस्थायी दीवार बनाई गई थी, जिसके कारण पाइप लाइन की कैरिंग कैपेसिटी कम हो जाने तथा बैकफ्लो होने के कारण जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे निकलवा दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा उक्त के सम्बंध में निम्नलिखित निर्देश दिये गये। जोनल अभियन्ता जोन-4, नगर निगम को निर्देशित किया गया कि यह नाला ठेकेदारी पद्धति से कराया गया है।

# खरीफ फसलों के लिए उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध, अफवाहों पर ध्यान न दें

### अरहर, तिल व बाजरा बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान, रबी फसलों के बीजों की बुकिंग भी शुरू

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर नगर।** जिला कृषि अधिकारी अरुणेश प्रताप सिंह ने जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया है कि खरीफ वर्ष 2026 की फसलों के लिए यूरिया, डीएपी एवं एनपीके सहित सभी प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर फैल रही किसी भी अफवाह अथवा भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें।

उन्होंने बताया कि जनपद के सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर किसानों के लिए लगभग 23,000 मीट्रिक टन यूरिया तथा 27,900 मीट्रिक टन फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध है। कृषक अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रति हेक्टेयर अधिकतम 7 बैग यूरिया तथा 5 बैग फास्फेटिक उर्वरक अपने निकटतम उर्वरक बिक्री केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए निरंतर आपूर्ति कराई जा रही है। साथ ही उर्वरक कंपनियों से नियमित रूप से रैक भी प्राप्त हो रही हैं। खरीफ सीजन में किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी की संभावना नगण्य है।

उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में अरहर, तिल एवं बाजरा के बीज जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर किसानों के लिए उपलब्ध हैं। इन बीजों पर शासन द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। कृषक अपने निकटतम राजकीय कृषि बीज भण्डार पर बुकिंग कराकर अनुदानित दर पर बीज प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि आगामी रबी सत्र 2026-27 के लिए तोरिया बीज की बुकिंग 2 जुलाई 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है। दलहनी फसलों तथा गेहूं एवं जौ के बीजों की बुकिंग 10 जुलाई 2026 से की जा सकेगी।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को कम वर्षा की संभावना के दृष्टिगत अरहर की फसल की बुआई करने की सलाह दी है। अरहर का बीज सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कम वर्षा की स्थिति में धान की फसल में आवश्यकतानुसार नियमित हल्की सिंचाई करते रहें तथा समय से खरपतवार नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# गोंड व पर्याय जातियों को मिलेगा अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सुल्तानपुर।** जिले में गोंड समाज और उसकी पर्याय जातियों के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कलेक्ट्रेट के प्रभारी अधिकारी (शिकायत) को एक आधिकारिक आख्या भेजते हुए जिले की सभी तहसीलों में गोंड एवं उसकी पर्याय जातियों धुरिया, नायक, ओझा, पठारी और राजगोंड को नियमानुसार अनुसूचित जाति (एससी) का जाति प्रमाणपत्र जारी किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। यह मामला जयसिंहपुर विकास खंड के ग्राम वैदहा निवासी बृजेश कुमार गोंड की ओर से आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत में उन्होंने मांग की थी कि सुल्तानपुर जिले की सभी तहसीलों में निवास करने वाले गोंड एवं धुरिया सहित उनकी पर्याय जातियों के लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी किया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अपनी आख्या में स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) और तहसीलदारों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में निवास कर रहे गोंड एवं उसकी पर्याय जातियों के पात्र लोगों को नियमानुसार अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र निर्गत करें। समाज कल्याण विभाग ने शिकायतकर्ता बृजेश कुमार गोंड को भी इस संबंध में की गई कार्रवाई और वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया है। साथ ही कलेक्ट्रेट स्तर से इस प्रकरण का निस्तारण किए जाने का अनुरोध भी किया गया है। प्रशासन की इस पहल से जिले के गोंड समाज और उसकी पर्याय जातियों के लोगों को जाति प्रमाणपत्र बनवाने में आ रही परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सकुशल कांवड यात्रा के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने तीनों जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**सीसीटीवी, पीए सिस्टम, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा में न हो लापरवाही'**



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने कांवड यात्रा 2026 की तैयारियों के संबंध में मण्डल के तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कांवड यात्रा में पूर्व के वर्षों की अपेक्षा अधिक प्रतिभाग करने की संभावना है। सकुशल कांवड यात्रा हेतु सम्पूर्ण कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाए। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि कांवड यात्रा प्रारम्भ होने का इंतजार न किया जाए, अभी से तैयारी प्रारम्भ कर दी जाए। कांवड मार्ग पर पडने वाले लटके विद्युत तारों को ठीक करा लिया जाए तथा मार्ग पर पडने वाले सभी ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल आदि को बैरिकेडिंग कराकर, सुरक्षित करा लिया जाए। कांवड मार्ग से संबंधित समस्त विद्युत उपकेन्द्रों में 24 घण्टे कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के मोबाईल नम्बर स्थानीय पुलिस-प्रशासन के पास उपलब्ध रहना सुनिश्चित कराया जाए ताकि किसी आकस्मिकता की दशा में उनके सम्पर्क किया जा सके। कांवड मार्ग पर उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। पिछले वर्षो के अनुभवों का लाभ उठाया जाए। कांवड मार्गो की मरम्मत तत्काल करा ली जाए। कांवड मार्ग पर पूर्व से स्थापित दिशा सूचक संकेतकों व अन्य संकेतकों को ठीक करा लिया जाए तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त दिशा सूचक संकेतक व अन्य संकेतक स्थापित करा लिए जाए। डॉ. रूपेश कुमार ने निर्देश दिए कि कांवड मार्ग पर पडने वाले दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में आवश्यक संकेत समय से पूर्व लगा लिए जाएं। कांवड मार्ग से मिलने वाले विभिन्न सहायक मार्गो पर उपयुक्त रंगों की रम्बल स्ट्रिप्स लगवा दी जाए, जिससे सहायक मार्गो से आने वाले वाहन नियंत्रित गति सीमा में ही प्रमुख मार्गो पर प्रवेश करे। मण्डल से गुजरने वाले नवनिर्मित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे प्रवेश व निकास बिन्दुओं पर कावड यात्रा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करा लिए जाए। इस दृष्टि से गागलहेडी स्थित एक्सप्रेस-वे के निकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। कांवड मार्ग पर उगने वाली झाडियों आदि की व्यापक साफ-सफाई करा ली जाए। मार्ग पर अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटवा लिए जाएं जिससे आवागमन सुचारू रहे। आवश्यकतानुसार रेलवे अधिकारियों से समन्वय की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि पूर्व में कांवडमार्गो, शिविरों, व्यस्तता वाले मार्गो व चैराहों पर सीसीटीवी कैमरों से काफी सहुलियत रही है। इस वर्ष भी पूर्व में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की सूचना एकत्रित कर ली जाए जहां ऐसे कैमरे चालू हालत में न हो, उन्हे ससमय चालू करा लिया जाए तथा आवश्यतानुसार नये कैमरे स्थापित करा लिए जाए। पूर्व में स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम को ठीक कराकर चालू हालत में रखा जाए तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था करा ली जाए। डीजे निर्धारित आकार के हों। इस संबंध में समस्त डीजे मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें अवगत करा दिया जाए। कांवड मार्ग पर नियमित साफ-सफाई, पेयजल व शौचालय आदि की व्यवस्था पर्याप्त रूप से सुनिश्चित किया जाए।

कांवड मार्ग पर पडने वाले ढाबों आदि का सुरक्षा व संवेदनशीलता के दृष्टिगत व्यापक निरीक्षण किया जाए। रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग की जाए तथा अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए। शिविर अनुमति के साथ लगाए जाएं। नगरीय क्षेत्र में सिविल डिफेन्स के द्वारा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से स्वयं सेवियों की मदद ली जाए।

## यूको बैंक का 'यूको कार्निवाल - एमएसएमई, रिटेल, कृषि एवं संसाधन' कानपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** यूको बैंक द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान 'यूको कार्निवाल एमएसएमई, रिटेल, कृषि एवं संसाधन' के अंतर्गत 06 जुलाई 2026 को द प्रिस्टीन होटल, कानपुर में दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक एक भव्य ग्राहक सम्मेलन एवं व्यवसायिक संवाद कार्यक्रम 'यूको कार्निवाल' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूको बैंक के प्रधान कार्यालय, कोलकाता से पधारे मुख्य महाप्रबंधक श्री अविनाश शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारत सरकार के एमएसएमई विभाग, कानपुर के निदेशक विष्णु कुमार तथा नाबार्ड के राहुल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न शाखाओं के प्रबंधकों, एमएसएमई एवं कृषि उद्यमियों, व्यापारियों, सम्मानित ग्राहकों तथा कृषक बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों एवं उद्यमियों को यूको बैंक की नवीनतम बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं तथा एमएसएमई, कृषि एवं रिटेल क्षेत्रों के लिए उपलब्ध वित्तीय उत्पादों एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा बैंक और ग्राहकों के बीच संवाद एवं विश्वास को और सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम के आयोजक एवं यूको बैंक कानपुर के अंचल प्रमुख दीपक कुमार ने जहाँ सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, वहीं अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एवं प्रधान कार्यालय से पधारे मुख्य महाप्रबंधक अविनाश शुक्ला ने बैंक की डिजिटल पहल, ग्राहक-केंद्रित सेवाओं एवं नवाचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यूको बैंक आधुनिक तकनीक के माध्यम से ग्राहकों को सरल, सुरक्षित एवं त्वरित बैंकिंग अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## मुख्यमंत्री योगी का दो दिवसीय प्रवास दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिनी प्रवास पर मंगलवार को वाराणसी आ रहे है। सीएम सर्किट हाउस में बाढ़ की तैयारियों और विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। देर शाम, आयुष राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र के बेटे के शादी समारोह में शिरकत करने के बाद सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। आज 8 जुलाई की सुबह टीएफसी सभागार बड़ालालपुर में शिक्षकों और शिक्षणकर्मियों के लिए 'कैशलेस चिकित्सा योजना' का शुभारम्भ करेंगे। सुबह करीब 11.15 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड से मिर्जापुर रवाना होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय वाराणसी दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए थाना लालपुर- पांडेयपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना लालपुर-पांडेयपुर अतुल सिंह एवं पांडेयपुर चौकी प्रभारी दिनेश सिंह ने पुलिस टीम के साथ सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया तथा लोगों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने की अपील की। अभियान के दौरान पुलिस ने मार्गों को अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग से मुक्त कराया ताकि मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान यातायात पूरी तरह से सुचारु रहे और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और निगरानी लगातार बढ़ाई गई है।

# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम स्थित सभागार (बोर्ड रूम) मे मंगलवार को आगामी श्रावण मास के दृष्टिगत धाम मे बाबा विश्वनाथ के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं हेतु प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं के संबंध में आयुक्त वराणसी मण्डल एस. राजलिंगम तथा पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट मोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बताते चले की इस वर्ष श्रावण मास का समय काल 30-07-2026 से प्रारंभ होकर 28-08-2026 (रक्षाबंधन) तक होगा। इसी संदर्भ में श्रावण मास की विशेष तैयारी को लेकर बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी का0वि0मं0 न्यास विश्व भूषण, डिप्टी कलेक्टर शम्भू शरण, नायब तहसीलदार मिनी एल शेखर, अपर जिलाधिकारी नगर, कमाण्डेन्ट, 95वीं बटालियन, सीआरपीएफ, कमाण्डेन्ट, 11वीं बटालियन, एनडीआरएफ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी सीआरपीएफ संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त व अन्य पीएसी के अधिकारीगण, व न्यास के समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बैठक में धाम में श्रद्धालुओं को प्रदान की जाने वाली समस्त मूलभूत सुविधाओं यथा धाम में पेय जल की उपलब्धता, चिकित्सकीय प्रबंधन, भीड प्रबंधन, पी0ए0 सिस्टम, दर्शनार्थियों हेतु सुचारू दर्शन व्यवस्था, वृद्ध/अशक्त/दिव्यांग जनों हेतु ई-रिक्शा सञ्चालन, पार्किंग व्यवस्था, सम्पूर्ण धाम की साफ-सफाई, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं को व्यापक स्तर पर लागू करने हेतु समस्त विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर प्रभावी तौर पर सुनिश्चित कराये जाने हेतु आयुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। धाम में सुरक्षा के दृष्टिगत समस्त बिजली के उपकरणों, सी0सी0टी0वी0 के सुचारू संचालन, संबंधी व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु भी निर्देशित किया गयाढ्ढ धाम के बहार गलियों में लटकते हुए बिजली के तारों को बाँध कर ऊपर कराये जाने के लिए निर्देश दिया गया।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन द्वारा धाम में दर्शनार्थियों के आवभगत हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष जिग जैग रेलिंग में ऊपर एवं नीचे दोनो तरफ बैरिकेड लॉग बंधवा कर भीड़ के दबाव को और अधिक रोकने की व्यवस्था भी की जा रही है। काशीवासियों के लिए श्रावण सोमवार तथा पर्व दिवसों के अतिरिक्त प्रतिदिन सुबह 4 बजे से 5 बजे व शाम 4 से 5 झॉकी दर्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वे दर्शनार्थी जो किंचित कारणों से धाम पहुचने में सक्षम नही है उनके लिए पवित्र सावन माह पर श्री काशी विश्वनाथ महादेव के दर्शन-पूजन के लाइव दर्शन कि सुविधा भी उपलब्ध होगी। विगत वर्षों में श्रावण माह में श्रावण सोमवार के दिन अत्यधिक रही है अतः अनुमान है कि इस वर्ष भी दर्शनार्थियों की अधिकतम भीड़ होने की संभावना है। इसके दृष्टिगत श्रद्धालुओं के लिए विशेष अपील जारी करने के निर्देश मंदिर प्रशासन को दिए गए हैं कि श्रद्धालु खाली पेट कतार में न लगें, क्योंकि अधिक भीड़ के कारण दर्शन में अपेक्षाकृत अधिक समय लग सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## गेल मे बर्गर किंग में पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ की, 30 एलपीजी सिलेंडर से मिलेगी राहत

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** गेल (इंडिया) ने वाराणसी (सीजीडी) परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ, सुरक्षित एवं किफायती ऊर्जा के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए कैंटोनमेंट क्षेत्र स्थित 'बर्गर किंग' रेस्टोरेंट में (पीएनजी) की आपूर्ति सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दी गई है। इस परियोजना का सफल क्रियान्वयन गेल की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व नवाज़िश अली अंसारी (उप महाप्रबंधक) कर रहे हैं। वहीं, वाराणसी (सीजीडी) परियोजना का संपूर्ण संचालन सुशील कुमार (जीएम) के कुशल मार्गदर्शन में जारी है । श्री अंसारी ने बताया कि,कैंटोनमेंट स्थित 'बर्गर किंग रेस्टोरेंट' जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहकों के लिए खाद्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं, पूर्व में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रति माह लगभग 30 एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग करता था। वही पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के पश्चात अब रेस्टोरेंट को निरंतर, सुरक्षित एवं निर्बाध गैस उपलब्ध हो रही है। एलपीजी से पीएनजी में परिवर्तन के परिणामस्वरूप अब प्रति माह उपयोग में आने वाले लगभग (30) एलपीजी सिलेंडरों को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा सकेगा। इससे अतिरिक्त उपभोक्ताओं तक एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी तथा अधिक लोगों को इसकी सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा। गेल (इंडिया) लिमिटेड वर्तमान में वाराणसी के विभिन्न क्षेत्रों में वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य उपभोक्ताओं को पीएनजी नेटवर्क से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयासरत है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित, भरोसेमंद एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा का लाभ मिल सके। इस दिशा में कंपनी के कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं।कैंटोनमेंट स्थित 'बर्गर किंग' में पीएनजी आपूर्ति का शुभारंभ वाराणसी में स्वच्छ, सुरक्षित एवं सतत ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पहल गेल (इंडिया) लिमिटेड की ऊर्जा दक्षता, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है।

## प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अलीगढ़ मण्डल की टीम घोषित, चित्रकूट में दिखाएंगे दमखम

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** आगामी 10 से 13 जुलाई 2026 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, चित्रकूट में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अलीगढ़ मण्डल की टीम का चयन कर लिया गया है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय, अलीगढ़ (महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम) में आयोजित हुई मण्डल स्तरीय चयन प्रतियोगिता के बाद इस टीम की घोषणा की गई। इस मण्डल स्तरीय चयन प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही और सभी का पूर्ण सहयोग रहा। टीम की रवानगी से पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती पूनम लता राज ने चयनित मुक्केबाजों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनका हौसला बढ़ाया।

अलीगढ़ मण्डल की इस टीम में चयनित मुक्केबाजों में अलीगढ़ के राम वार्ष्णेय 44-46 किग्रा, हाथरस के तौफीक 46-48 किग्रा, अलीगढ़ के इरफान 50-52 किग्रा, अलीगढ़ के अमन कुमार 52-54 किग्रा, हाथरस के अनुज चौधरी 54-57 किग्रा, अलीगढ़ के शिव कुमार अत्री 57-60 किग्रा, अलीगढ़ के आकाश सिंह 60-63 किग्रा, अलीगढ़ के मयंक सारस्वत 63-66 किग्रा और अलीगढ़ के हिमांशु कुमार 66-70 किग्रा भार वर्ग में अपना दमखम दिखाएंगे। इस जूनियर बॉक्सिंग टीम के साथ बॉक्सिंग कोच श्री अथक पटेल टीम के साथ चित्रकूट जाएंगे, जिन्हें प्रतियोगिता में टीम का बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। टीम के चयन और तैयारियों में जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव श्री सोम प्रकाश शर्मा और रेफरी व जज श्री प्रांशु चौधरी का भी विशेष योगदान रहा।

## एमजीयूजी की एनसीसी कैडेट का सुपर एसएसबी प्रशिक्षण शिविर में चयन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) एनसीसी कैडेट नैन्सी श्रीवास्तव का चयन प्रतिष्ठित सुपर एसएसबी- 55 प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। इस शिविर का आयोजन 11 अगस्त से 20 अगस्त तक प्रयागराज में किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से चयनित उत्कृष्ट कैडेट प्रतिभाग करेंगे।

102 यूपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने कैडेट नैन्सी श्रीवास्तव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुपर एसएसबी-55 प्रशिक्षण शिविर सेना में अधिकारी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एमजीयूजी के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने भी कैडेट नैन्सी को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एमजीयूजी के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, पैरामेडिकल विभाग के प्रमुख डॉ. रोहित श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने कैडेट को शुभकामनाएं दी हैं।

## अंतिम दौर में पहुंचा गौरव संग्रहालय का निर्माण

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 23.37 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है संग्रहालय का भवन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** गोरखपुर को केंद्र में रखकर पूर्वांचल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रदर्शन को मंच देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का प्रतिफल गोरखपुर का गौरव संग्रहालय तकरीबन आकार ले चुका है। गौरव संग्रहालय के निर्माण का कार्य 97 प्रतिशत भौतिक प्रगति के साथ अब अंतिम दौर में है। सभी तरह के स्ट्रक्चरल कार्य पूर्ण हैं और फिनिशिंग के काम में भी तेजी आ चुकी है।

गौरव संग्रहालय का निर्माण पुलिस लाइन के सामने किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत मुख्य भवन के निर्माण पर 23.37 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। जबकि दूसरे चरण के कार्य में 18.42 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहले चरण में 23.36 करोड़ रुपये की लागत से भवन का ढांचा तकरीबन तैयार हो चुका है। जबकि आंतरिक साज-सज्जा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए तय रकम की पहली किश्त शासन से जारी हो चुकी है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने करीब 97 प्रतिशत कार्य करा लिए हैं।

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप गौरव संग्रहालय में कुल सात गैलरियां होंगी जिनमें वैदिक काल से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक से जुड़ी विरासतों को प्रदर्शित किया जाएगा। डिजिटल डिस्प्ले, साउंड-लाइट इफेक्ट से समन्वित ये गैलरियां वैदिक काल, बुद्ध काल, जैन काल, नाथ पीठ, संतकबीर और स्वतंत्रता संग्राम में पूर्वांचल की भूमिका पर केंद्रित होंगी। संग्रहालय में म्यूरल्स पेंटिंग्स और टेराकोटा मूर्तियों के जरिये पूर्वी उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को भी प्रतिष्ठित किया जाएगा।

गौरव संग्रहालय में आने वाले लोगों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। यहां कैफेटेरिया, कॉन्फ्रेंस हॉल, पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं होंगी। इसे खास पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां एक प्रेक्षागृह भी होगा। प्रेक्षागृह की क्षमता करीब 500 दर्शकों की होगी।

## पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर द्वारा ग्राम कोकापुर मे एक पेड़ अखिलेश यादव के नाम वृक्षारोपण किया गया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर कायमगंज विधानसभा के ग्राम कोकापुर स्थित पीतांबरा एजुकेशन स्कूल में विजय सिंह यादव (दरोगा जी) प्रबंधक की उपस्थिति में 'एक पेड़ अखिलेश के नाम' अभियान के अंतर्गत कटहल के पौधे का वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर ने विद्यालय के छात्र एवम छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व तथा स्वच्छ और हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। अखिलेश यादव जी के जन्मदिवस पर लगाया गया प्रत्येक पौधा हरित, स्वच्छ और समृद्ध भविष्य का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम कोकापुर के प्रधान सुरेंद्र यादव, रामपुर दबीर के प्रधान पवन यादव शाहीपुर के पूर्व प्रधान धर्मेंद्र यादव ओमकार फौजी प्रत्याशी जिला पंचायत , रविंद्र शास्त्री देवेंद्र कोटेदार कामेश कटियार विनय यादव अशोक अम्बेडकर सहित अनेक सम्मानित ग्रामवासी एवं समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान करने वाले खरेला जेई का गैर जिले में तबादला

**महोबा।** विधानसभा प्रतिनिहित समिति की सचिवालय में संपन्न हुई बैठक में विचाराधीन प्रकरणों पर चर्चा कर समीक्षा की गई। साथ ही कई मामलों का निस्तारण भी किया गया। बैठक में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर पूर्व की बैठक खरेला के विद्युत विभाग के जेई द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को अनावश्यक परेशान किए जाने का मुद्दा उठाया गया, जिस पर मुख्य सचिव ने मुख्य अभियंता का दूसरे जिले में स्थानांतरण किए जाने की जानकारी दी।

विधान परिषद सदस्य ने बैठक में बताया कि पिछली दफा समिति को अवगत कराया गया था कि जिला महोबा के खरेला में जेई जयवीर सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं को अनावश्यक परेशान कर रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने इस बावत शिकायती की थी और जेई का अन्य जिले में स्थानांतरित किए जाने की मांग उठाई थी। उक्त प्रकरण में चेयरमैन पावर कॉरपोरेशन आशीष गोयल ने समिति को अवगत कराया गया कि इस मामले में मुख्य अभियंता द्वारा अन्य जिले में स्थानांतरण किया जा चुका है।

## रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का किया सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** भारतीय परंपराओं को लेकर निरंतर आगे बढ़ाने में रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल शनिवार को बी.एल.डब्ल्यू. में 'हेल्थ एंड वेल्थ-हमारे नायकों को सलाम 'विषय पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ- चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स-का उनके उत्कृष्ट व्यावसायिक योगदान, सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्र निर्माण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. डॉ.के.के. त्रिपाठी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि,आज के युग में डॉक्टर मानव जीवन की रक्षा और सेवा का दायित्व निभाते हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था में पारदर्शिता, अनुशासन एवं विश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि, इन दोनों व्यवसायों का समर्पण समाज की प्रगति का आधार है और ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान वास्तव में सेवा और उत्कृष्टता का सम्मान है। क्लब की अध्यक्ष डॉ. रितु गर्ग ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल सदैव समाज के प्रेरणादायी व्यक्तित्वों का सम्मान करता आया है। डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अपने-अपने क्षेत्र में न केवल उत्कृष्ट सेवाएँ दे रहे हैं, बल्कि रोटरी की विभिन्न सेवा परियोजनाओं में भी सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में सभी ने सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा रोटरी के माध्यम से समाजहित के कार्यों को और गति देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए. के. गुप्ता एवं सुभाष चंद्र बागला, सचिव ललित गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष सीए रवि सिंह ने सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मुखिया नींद में जिले में जमके बिक रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ

**अलीगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के नए मुखिया द्वारा जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री पर कोई अंकुश नहीं लग रहा। जबकि नए जिले के मुखिया दीपक सिंह द्वारा लगभग 20 दिन पूर्व खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के डीओ के रूप में कार्य संभाला। इनके आते ही शहर वासियों ने सोचा था कि शायद अब मिलावटी खाद्य पदार्थ पर रोक लगेगी परंतु ऐसा नहीं हुआ। इससे पहले जो जिले के मुखिया डॉ दीनानाथ यादव थे उन्होंने आते ही छापे मारी शुरू करा दी थी और मिलावट खोरों की नींद हराम कर दी थी। जिले भर में चाहे मिठाई विक्रेता हो खोवा या पनीर हो सभी के सैंपल भरे गये थे। यही नहीं ताला नगरी में सेल खड़ी युक्त आटे की फैक्ट्री पर छापा मारा और सैकड़ों बोरियां सील की थी। ऐसा लगता है कि नए मुखिया द्वारा मिलावट खोरों को खुली छूट देदी है जिस कारण जनता को मिलावटी चीजे खानी पड़ रही है। अब देखना होगा कि क्या नए मुखिया दीपक सिंह नींद से जागेंगे या जनता यूही मिलावटी खाद्य सामग्री का सेवन करने पर मजबूर रहेगी।

## निशुल्क कोचिंग से संवरेगा गरीब युवाओं का भविष्य

**महोबा।** शहर के वीरभूमि राजकीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की निशुल्क कोचिंग संचालित है। मंगलवार को योजना सत्र 2026-27 के सिविल, नीट, जेईई, एक दिवसीय प्रतियोगी आदि सभी बैच का जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण और दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कायक्रम दौरान सभी विद्यार्थियों को अभ्युदय योजना की जानकारी प्रदान देकर उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत निःशुल्क कोचिंग सत्र 2026-27 के सत्र के प्रथम दिन मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर विद्यार्थियों की अधिक संख्या और उनका उत्साह देखकर उपस्थित अधिकारी खुश नजर आए और उन्हें विश्वास हुआ की वह अपनी तैयारी को मजबूत करके सरकारी नौकरी में अपने भविष्य को उज्ज्वल करेंगे।

## महोबा में रोपे जाएंगे 76 लाख से अधिक पौधे, कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी (DFO) देबाषीश जेना ने बताया कि वर्ष 2026-27 के तहत जिले में कुल 76,83,800 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसमें वन विभाग 40.92 लाख और अन्य 25 विभाग मिलकर 35.91 लाख पौधे लगाएंगे। 30 जून तक शत-प्रतिशत गड्ढों का खुदान पूरा हो चुका है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग कम से कम एक बड़े स्थल पर 1000 पौधे अनिवार्य रूप से लगाए और उनकी सुरक्षा व सिंचाई की व्यवस्था करे। कृषि विभाग 8 हेक्टेयर के फार्म पर 1000 पौधे लगाकर 'विशिष्ट वन' तैयार कर रहा है। वहीं, चन्द्रावल नदी के किनारे के 9 गांवों में अभियान चलाकर बांस, अर्जुन और जामुन के पौधे रोपे जाएंगे। बीडीओ कबरई ने बताया कि ग्राम ढिकवाहा में 2000 औषधीय व फलदार पौधे लगाकर 'हर्बल वाटिका' बनाई जा रही है। डीएफओ ने बताया कि 12 जुलाई को मुख्य आयोजन गोरखगिरी स्थित शिव तांडव पहाड़ी पर होगा, जहां 'शिव वाटिका' के तहत नीम, शीशम, बेल आदि के 1000 पौधे रोपे जाएंगे।

## राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला का फर्रुखाबाद जनपद में 8 जुलाई को होगा आगमन



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की माननीय राज्यमंत्री (महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार) श्रीमती प्रतिभा शुक्ला जनपद फर्रुखाबाद में 08 जुलाई 2016 को प्रातः 10 बजे जे0जे0आर0 पैलेस, पुलिस लाइन, फतेहगढ़ में आयोजित 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगी। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री द्वारा 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर वे शिक्षकों के स्वास्थ्य सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता तथा सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों पर विचार व्यक्त करेंगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता एवं विधायक, भोजपुर नागेन्द्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में 'जिला सड़क सुरक्षा समिति' की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में एम्बुलेंस एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता तथा दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सड़क दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध ढंग से कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क संकेतक, चेतावनी बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, रिफ्लेक्टर एवं आवश्यक रोड मार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में आंतरिक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कराकर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों से इस प्रकार का प्रमाण पत्र 07 दिवस के भीतर उपलब्ध कराएं कि उनके विद्यालय से संबंध स्कूली वाहनों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है, जांच में स्कूली वाहनों के संचालन में यातायात नियमों के प्रति अनियमितता पाए जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

Ref. No. : 5537/E-TENDER/2026-27 Dated : 02-07-2026

### ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''ए'' ''बी'' ''सी'' एवं ''डी'' में रजिस्टर्ड ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | तुलसीदास मार्ग पर थर्मोप्लास्टिक पेंट का कार्य। | 5.00 | 0.50 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost + Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | कानपुर से हरदोई व हरदोई से सितापुर रिंग रोड मार्ग के किमी0 12,13,14 में थर्मोप्लास्टिक पेंट का कार्य। | 5.00 | 0.50 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost + Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 3 | लखनऊ | बुलाकी अड्डा मोहान मार्ग पर थर्मोप्लास्टिक पेंट का कार्य। | 3.00 | 0.30 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost + Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 4 | लखनऊ | शाहमीना मार्ग पर रोड साइनेज का कार्य। | 1.00 | 0.10 | Rs. 225.00 + 500.00 + (Tender cost + Stationary Charges) + GST @ 18%) = Rs. 856.00 | 03 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि, लखनऊ | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |

➤बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 10.07.2026 से दिनांक 17.07.2026 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 17.07.2026 की अपरान्ह् 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.07.2026 को अपरान्ह् 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या- 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है।निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदा का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाना है, जिसका विवरण एन0आई0सी0 की बिड डाक्यूमेन्ट में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(सत्येन्द्र नाथ)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
लो.नि.वि., लखनऊ

UPID-253410 Dated-06-07-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

For on behalf of Governor of UP

# एसआईटी जांच में दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगाः पंकज चौधरी



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। वह यहां एक व्यक्तिगत कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उनके आगमन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने उनका से स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने हाल के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आजकल बिना पर्याप्त तथ्यों और साक्ष्यों के संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था और संस्थाओं की विश्वसनीयता के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच एजेंसियों को अपना कार्य पूरी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ करने देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संबंधित प्रकरण की एसआईटी जांच जारी है और उत्तर प्रदेश सरकार पूरे मामले पर गंभीरता से नजर बनाए हुए है। सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है कि घटना की तह तक पहुंचकर सच्चाई सामने लाई जाए। उन्होंने कहा कि जो घटना हुई है, वह निश्चित रूप से दुखद है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और निगरानी तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।पंकज चौधरी ने दोहराया कि एसआईटी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच कर रही है। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार की प्राथमिकता कानून का राज स्थापित करना और जनता का विश्वास बनाए रखना है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष से महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने शिष्टाचार भेंट किया।

## अखिलेश यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट पर एफआईआर की मांगी



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय 'पवन' ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित किए जाने के मामले में कोतवाली अयोध्या नगर में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। तहरीर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव की ओर से दी गई।तहरीर में आरोप लगाया गया है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में चढ़ावा प्रकरण के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अखिलेश यादव के खिलाफ भ्रामक पोस्ट और वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं। इसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, जगद्गुरु परमहंस आचार्य तपस्वी छावनी समेत कुछ अन्य लोगों के नाम का उल्लेख करते हुए, आरोप लगाया गया है कि अखिलेश यादव को बदनाम करने के उद्देश्य से यह प्रचार किया जा रहा है कि चढ़ावा प्रकरण के आरोपी टिन्नू यादव की उनसे 980 बार बातचीत हुई थी। सपा नेता का दावा है कि यह आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और मनगढ़ंत है। उन्होंने इस मामले में संबंधित लोगों और फर्जी सोशल मीडिया आईडी संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय 'पवन' ने यह भी आरोप लगाया कि 6 जुलाई की शाम करीब चार बजे उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। उनका कहना है कि कॉल करने वाले ने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण उठाने पर नाराजगी जताते हुए उनके बच्चों और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।

# श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाली 'सद्बुद्धि यात्रा'

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** श्रीराम मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी और महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 'सद्बुद्धि यात्रा' निकाली गई। यात्रा जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह और महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम के नेतृत्व में कमला नेहरू भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर रिकाबगंज चौराहे के राम-जानकी मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। यहां कार्यकर्ताओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि श्रीराम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप गंभीर हैं और पूरे मामले की उच्च न्यायालय के किसी सिटिंग जज की निगरानी में निष्पक्ष व समयबद्ध जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और मंदिर की व्यवस्थाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने आरोप लगाया कि धार्मिक आस्था के नाम पर भाजपा दोहरा चरित्र अपना रही है। उन्होंने कहा कि चढ़ावे को लेकर उठे सवालों के साथ-साथ धार्मिक प्रतीकों के राजनीतिक उपयोग से श्रद्धालुओं की भावनाएं भी आहत हुई हैं।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह और रामदास वर्मा ने कहा कि श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान और चढ़ावे में कथित गड़बड़ी की खबरों ने रामभक्तों की आस्था को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि अब तक दोषियों के नाम सार्वजनिक न होना और प्राथमिकी दर्ज न किए जाने से सरकार की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।पूर्व विधायक माधव प्रसाद, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष रामसागर रावत तथा रामअवध पासी ने कहा कि मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम सोहट नौका टोला में मंगलवार सुबह एक 26 वर्षीय विवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 7 बजे सूचना मिलने पर कोठीभार पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि पुष्पा देवी ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने घर के अंदर साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित किए गए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी।

# एफएलएन के लक्ष्य समयबद्ध ढंग से प्राप्त करना सभी की सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, असेनी में बाराबंकी एवं अयोध्या जनपद के खंड शिक्षा अधिकारियों, डायट मेंटर्स, राज्य स्तरीय संदर्भ समूह (एसआरजी) तथा एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) के लिए एक दिवसीय 'निपुण संकल्प कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह (आईएएस) ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) में दक्ष बनाना है। यह लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब शिक्षक नवाचारी, बाल-केंद्रित एवं परिणामोन्मुखी शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए प्रत्येक बच्चे के अधिगम पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एफएलएन के लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त करना सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों की सक्रिय भूमिका, विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरक शैक्षिक वातावरण, सतत शैक्षणिक अनुश्रवण तथा नियमित मूल्यांकन निपुण भारत मिशन की सफलता के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने अधिकारियों से विद्यालयों का नियमित शैक्षणिक पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने तथा नवाचारों के माध्यम से शिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने का आह्वान किया। कार्यशाला में निपुण भारत मिशन के विजन, उद्देश्यों एवं कार्यनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों द्वारा एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति, प्रभावी कक्षा-कक्ष शिक्षण, अधिगम परिणामों में सुधार, शिक्षण गुणवत्ता के संवर्धन तथा विद्यालयों में सीखने के अनुकूल एवं प्रेरक वातावरण विकसित करने के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## प्रदेश की ज़िम्मेदारी मिलने के बाद उपेंद्र व शरद पहुंचे महादेवा की पूजा अर्चना



अवधनामा संवाददाता

**रामनगर, बाराबंकी।** भाजपा के नव निर्वाचित प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र सिंह रावत एवं प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव का सोमवार को रामनगर में प्रथम आगमन हुआ। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने पावन श्री लोधेश्वर महादेव धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के श्रीचरणों में विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, संगठन की निरंतर प्रगति तथा राष्ट्र कल्याण की मंगलकामना की गई। मंदिर के पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ दोनों नेताओं का पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नव निर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'सशक्त संगठन, विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के संकल्प के साथ भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में फिर से प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार बनाने के लिए अभी से जुटना होगा। पूजा-अर्चना के बाद दोनों नेताओं ने मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय प्रकाश मिश्रा, मंडल महामंत्री रवि शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा शक्ति केंद्र संयोजक, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र की बड़ी संख्या में जनता की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## ट्रक ने स्कूल जा रहे मासूम छात्र को रौंदा, दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** मगलवार को सुबह सुबह बड़ा सड़क हादसे ने जनपद बाराबंकी को हिलाकर रख दिया है। कोतवाली क्षेत्र में स्कूल जा रहे 7वी कक्षा के छात्र को ट्रक ने मालगोदाम रोड पर रौद दिया जिससे छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के दौरान वहाँ मौजूद लोगो ने ट्रक समेत ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया जबकि ट्रक व ड्राइवर को कोतवाली लें गई है। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और पुरे इलाके में शोक का माहौल है।

# वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत वन क्षेत्राधिकारी ने किया पौधारोपण



**पनियरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** पहली जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को वन क्षेत्राधिकारी बांकी रेंज पनियरा हरकेश नायक ने अपने सहयोगी वनकर्मियों के साथ नगर पंचायत के शहीद भगत सिंह वार्ड में स्थित पनियरा इण्टर कालेज मन्नान खां विद्यालय में बृहद बृक्षारोपड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया।बृक्षारोपड़ में फलदार,छायादार  व इमारती लकड़ी के सागौन आदि के वृक्षों को लगाया गया। इस अवसर वन क्षेत्राधिकारी श्री नायक ने कहा कि कहा कि बृक्ष लगाने के साथ उसकी सुरक्षा करना ,समय समय पर पानी डालना भी चाहिए। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मनीष तिवारी, अजीत पति त्रिपाठी,प्रवीण सिंह,रितेश यादव,विशाल गौड़,विनय यादव,दौलत सिंह, देवीदीन, सुनील गुप्ता,राम नारायण सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक आफाक आलम उर्फ सैफ खां व प्रधानाचार्य आफताब आलम खां ने संयुक्त रूप से सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## विदेश भेजने के नाम पर 86 हजार रुपये की कथित ठगी, दो पर मुकदमा दर्ज

**सिंदुरिया (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** विदेश भेजने के नाम पर 86 हजार रुपये की कथित ठगी, मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर सिंदुरिया पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मुजहना बुजुर्ग निवासी दिनेश कन्नौजिया का आरोप है कि उनके पुत्र को विदेश भेजने का झांसा देकर पीपीगंज (गोरखपुर) निवासी फिरोज अली और काशिम अंसारी ने कुल 86 हजार रुपये लिए, लेकिन न तो विदेश भेजा और न ही रुपये व पासपोर्ट वापस किए। शिकायत के अनुसार, रुपये वापस मांगने पर दोनों ने मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और धमकी दी। थानाध्यक्ष विशाल शुक्ला ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## नपा अध्यक्ष ने निर्माणाधीन व नव-निर्मित आरसीसी सड़कों का किया निरीक्षण

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने रविवार को वीर अब्दुल हमीद नगर में निर्माणाधीन आरसीसी सड़क का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद अध्यक्ष ने सक्सेना नगर पहुंचकर नव-निर्मित आरसीसी सड़क का भी निरीक्षण किया। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने पर क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर सड़क निर्माण से आवागमन सुगम हुआ है और क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार आया है। निरीक्षण के दौरान सभासद प्रतिनिधि नूर उल्लाह खान, सफाई नायक इंद्राशन, कार्यालय सहायक संदीप सहानी तथा आरिफ खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक हित सर्वोपरि, समस्याओं के समाधान को संगठन प्रतिबद्ध : उदय नारायण तिवारी

**अयोध्या।** माध्यमिक शिक्षक संघ (नारायण गुट) के प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण तिवारी के नेतृत्व में मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने बीकापुर तहसील के विभिन्न इंटर कॉलेजों का भ्रमण कर शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान शिक्षकों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।भ्रमण के दौरान प्रदेश महामंत्री शशिकांत पांडे, जिलाध्यक्ष रामतीर्थ, जिला मंत्री अंकुर तिवारी तथा संगठन के सदस्य रामसूरत तिवारी ने भारती इंटर कॉलेज बीकापुर, एसएन इंटर कॉलेज खपराडीह, जनता इंटर कॉलेज जयसिंहमऊ, श्री भरत इंटर कॉलेज नंदीग्राम तथा सेठ द्वारिका दास इंटर कॉलेज मसौधा का दौरा किया।प्रदेश अध्यक्ष उदय नारायण तिवारी ने कहा कि संगठन हमेशा शिक्षक हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी पूरी मजबूती से शिक्षकों के अधिकारों के लिए कार्य करता रहेगा।

## जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान की स्कूटी रैली को दिखाई हरी झंडी, शत-प्रतिशत नामांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** जनपद में संचालित स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण (1 से 15 जुलाई 2026) के तहत मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और शिक्षकों से घर-घर पहुंचकर अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। जिलाधिकारी ने विद्यालयों की ओर से बनाई गई आकर्षक रंगोली का अवलोकन किया और उसकी सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया, जिसकी जिलाधिकारी ने प्रशंसा करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं स्कूटी के माध्यम से जनजागरूकता संदेश देते हुए लोगों और अभिभावकों को बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करते हुए निकले। अपने संबोधन में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे तक पहुंचे और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करे। उन्होंने कहा कि आज परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प किया जा चुका है और वहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। शिक्षक केवल पढ़ाई ही नहीं कराते, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का भी विकास करते हैं। एक शिक्षित बच्चा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक नियमित रूप से अभिभावकों से संवाद स्थापित करें और तय लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें।

## सद्बुद्धि यात्रा निकाल कांग्रेस ने सरकार को घेरा राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सद्बुद्धि यात्रा निकाली। यह यात्रा हरिहरगंज क्रॉसिंग से शुरू होकर कलेक्ट्रगंज स्थित शिव मंदिर तक पैदल निकाली गई, जहां भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। यात्रा के समापन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने के बजाय लीपापोती कर रही है। उन्होंने कहा कि मंदिरों से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है और इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि बिना एफआईआर के एसआईटी जांच कराए जाने से कई सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने मांग की कि मामले की जांच उच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ की निगरानी में कराई जाए तथा मंदिर की व्यवस्था चारों शंकराचार्यों और अयोध्या के प्रतिष्ठित महंतों को सौंपी जाए। सद्बुद्धि यात्रा में प्रदेश सचिव शेख एजाज अहमद, राजेंद्र लोधी, शोभा दुबे, रेखा पासवान, राजीव लोचन निषाद, देवी प्रकाश दुबे, कलीम उल्ला सिद्दीकी, मनोज घायल, ओम प्रकाश कोरी, अजय बच्चा, बशीर अहमद, कौशल कुमार शुक्ला, निजामुद्दीन, अब्दुल रज्जाक, अमीरुलजमा खान, सैयद सहाब अली, रमजान अहमद, सूरज पटेल, राजीव श्रीवास्तव, आफताब ललौली, कल्लू कोरी, शैलेन्द्र सिंह, शमशाद अहमद, निजाम राइन, हम्माद हुसैन, मनोज सविता, अब्दुल हफीज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुब्रतो कप के फाइनल मुकाबले में परतावल ने सिसवा को किया पराजित



अवधनामा संवाददाता

**घुघली(महराजगंज)।** उपनगर घुघली में स्थित  डीएवी नारंग इंटर कॉलेज के क्रीड़ांगन में माध्यमिक शिक्षा निदेशक  द्वारा जारी निर्देश के क्रम में सुब्रतो कप सत्रह वर्षीय बालक जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मुकाबला पंचायत इंटर कॉलेज परतावल बाजार व महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें महात्मागांधी इंटर कॉलेज के ने पहले हाफ में एक गोल व परतावल ने पहले हाफ में दो गोल दागकर एक गोल की बढ़त बनाई थी वही दूसरे हाफ के अंतिम क्षण में सिसवा ने एक गोल दागकर बराबरी कर ली। जिसके बाद निर्णायक मंडल ने पेनाल्टी किक का निर्णय लिया जिसमें पांच गोल पंचायत इंटर कॉलेज व सिसवा मात्र तीन ही गोल मार सकी। जिसमें पंचायत इंटर कॉलेज ने 5-3 से मैच को जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक महराजगंज प्रदीप कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत नहीं होती, खेल से सिर्फ सिख मिलती है।

## फतेहपुर को मिला अपना विश्वविद्यालय, युवाओं को मिलेगी रोजगारपरक उच्च शिक्षाः अभय प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** जनपद में ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय (टीवाईएस यूनिवर्सिटी) की स्थापना को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में अभय ग्रुप के चेयरमैन अभय प्रताप सिंह ने इसे फतेहपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि जिले के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना से अब विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं रोजगारपरक उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। प्रेस वार्ता में अभय प्रताप सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे वर्षों का संकल्प, संघर्ष और समाज का सहयोग है। उन्होंने बताया कि लगभग 22-23 वर्ष पहले रानी चंद्रप्रभा महाविद्यालय की स्थापना की गई थी और वर्ष 2005 में ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय की शुरुआत इस उद्देश्य से की गई थी कि फतेहपुर के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं अपने जिले में ही उपलब्ध हो सकें। आज वही सपना साकार होकर विश्वविद्यालय के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना से जिले के विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा के साथ-साथ शोध, नवाचार, आधुनिक प्रयोगशालाओं, तकनीकी संसाधनों तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का लाभ मिलेगा। इससे युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा और उन्हें बदलते समय के अनुरूप रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। अभय प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं है, बल्कि ऐसे शिक्षित, संस्कारित, सक्षम और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है, जो समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विश्वविद्यालय भविष्य में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पूज्य पिता स्वर्गीय ठाकुर युगराज सिंह की प्रेरणा एवं आशीर्वाद, बड़े भाई एवं संरक्षक उदय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन, अभय ग्रुप परिवार, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा समाज के सहयोग को दिया। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार, संबंधित विभागों, विश्वविद्यालय अनुदान से जुड़े संस्थानों, अभिभावकों एवं सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह सपना साकार हो सका।

## खजुहा में बनेगा बाईपास

**बिंदकी/फतेहपुर।** जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। इनमें खजुहा कस्बे में बाईपास निर्माण, गंगा, यमुना, पांडु एवं रिंद नदी पर सात पक्के पुलों का निर्माण तथा सड़क और संपर्क मार्गों के विकास से जुड़े कई कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार 15 अगस्त तक सभी स्वीकृत विकास कार्यों का शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

अपने कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि प्रयागराज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

## सपा अध्यक्ष के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण



अवधनामा संवाददाता

**पनियरा (महराजगंज)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर पनियरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा सौरहा के टोला रबेलिया में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सपा के वरिष्ठ नेता राजेश निषाद ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति, मातृत्व और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। राजेश निषाद ने अखिलेश यादव के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा लगातार मजबूत हो रही है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी पौधारोपण, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान मातादीन निषाद, अर्जुन निषाद, परमहंस निषाद, फिरोज खान, छोटेलाल सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामीण एवं समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई हरिशंकरी पौधरोपित किये जाने हेतु बैठक

**ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिका/नगर पंचायत के वार्डो में होगा हरिशंकरी का पौधरोपण**



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** लोकभारती भारती द्वारा हरिशंकरी पौधरोपित किये जाने हेतु मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि 24 जुलाई को जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिका/नगर पंचायत के वार्डो में हरिशंकरी का पौधरोपण किया जायेगा। इस कार्य में जनपद के समस्त अधिकारीगण के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से यह कार्य सम्पन्न कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि हरिशंकरी पौधरोपित किये जाने हेतु ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान एवं सामाजिक संगठनों तथा नगर निकाय में अध्यक्ष नगर पालिका/नगर पंचायत, वार्ड सदस्य एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के बैठक कर कार्ययोजना तैयार कर ले जिससे एक दिन में इस वृहद कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। हरिशंकरी पौधरोपण के पश्चात उसके सुरक्षा हेतु ट्रीगार्ड लगवा दे जिससे पौधो को सुरक्षित रखा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इसको निजी कार्यक्रम मानकर करें।

इस अवसर पर ख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 प्रमोद कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, लोक भारती के राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण चौधरी, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, लोक भारती से प्रांत उपाध्यक्ष अजीत सिंह, वरिष्ठ प्रचारक जितेंद्र, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महादेव गुरूजी, जिला प्रचारक राघवेंद्र, जिला कार्यवाह शिवेंद्र सिंह, क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ अरुण प्रजापति, गायत्री परिवार से अशोक त्रिपाठी विश्व हिंदू परिषद से सुधाकर त्रिपाठी, सेवा भारती से दिवाकर विक्रम सिंह भारतीय किसान संघ से ओमप्रकाश चौधरी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्रजापति ब्रह्मकुमारी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता, अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## शाहजहांपुर में दिल का दौरा पड़ने से सपा शिक्षक महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का निधन

**शाहजहांपुर।** समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुतुलूपुर निवासी कमलेश यादव का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से समाजवादी पार्टी सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा दुख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कमलेश यादव का निधन समाजवादी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। कमलेश यादव के निधन की सूचना पाकर शाहजहांपुर जनपद ही नहीं बरेली हरदोई लखीमपुर जनपद के भी सपा नेता उनके आवास पर पहुंचे।

# चार वर्ष बाद खुला पुश्तैनी रास्ता, मंडलायुक्त के हस्तक्षेप से पीड़ित परिवार को मिली राहत

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के समक्ष प्राप्त जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का एक और उदाहरण सामने आया है। वर्षों से बंद पड़े पुश्तैनी रास्ते के मामले में प्रशासन की सक्रिय पहल से पीड़ित परिवार को न्याय मिला और अब वह अपने घर से सार्वजनिक मार्ग तक निर्बाध आवागमन कर पा रहा है।

ग्राम पंचायत सुरती, मौजा रामनगर, तहसील सदर निवासी भवानीभीख गुप्ता पुत्र रामसमुझ गुप्ता ने कुछ समय पूर्व मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी कि गांव के कुछ लोगों ने दबंगई के बल पर उनके पुश्तैनी रास्ते और निकास को लगभग चार वर्षों से अवरुद्ध कर रखा है। इसके कारण परिवार को घर से निकलने के लिए दूसरे के खेतों से होकर गुजरना पड़ता था। इतना ही नहीं, विरोधियों द्वारा परिवार के आवागमन में लगातार बाधा उत्पन्न की जा रही थी। पीड़ित परिवार ने थाना दिवस, तहसील दिवस तथा विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष कई बार शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल एवं अपर आयुक्त मीनू राणा से मिलकर अपनी समस्या बताई। मंडलायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासनिक प्रयासों के बाद बंद रास्ते को खुलवाया गया और पीड़ित परिवार के लिए घर से सार्वजनिक मार्ग तक आने-जाने का रास्ता सुचारु रूप से बहाल करा दिया गया। न्याय मिलने से उत्साहित भवानीभीख गुप्ता अपने परिवार के साथ मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। उनके साथ पत्नी सूर्यकला, पुत्र विजय कुमार, बहुएं सुशीला देवी एवं किरण देवी तथा पोते-पोतियां भी मौजूद रहे। परिवार ने मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल का सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि वर्षों से चली आ रही उनकी परेशानी का अंत हुआ है। इस अवसर पर पीड़ित परिवार की ओर से सहयोग करने वाले अधिवक्ता श्रीराम गुप्ता भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण से आमजन का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना पर डीएम सख्त, सभी पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग का लाभ दिलाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा को लेकर जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के संचालन, पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्राप्त 381 आवेदनों का शीघ्र परीक्षण कर सभी पात्र छात्र-छात्राओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निःशुल्क कोचिंग का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली कोई भी विद्यार्थी योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य नीट, जेईई, यूपीएससी, एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनके सपनों को साकार करना है। उन्होंने अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से अब तक जनपद के 9 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है। इस सत्र में छात्रा ज्योति कनौजिया का इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में क्लास-टू पद पर चयन जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने यह भी बताया कि ज्योति कनौजिया उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की मुख्य परीक्षा भी उत्तीर्ण कर साक्षात्कार की प्रक्रिया की ओर अग्रसर हैं तथा अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रही हैं। जिलाधिकारी ने मनकापुर क्षेत्र में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत नए कोचिंग सेंटर की स्थापना की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# अवैध खाद फैक्ट्री पर छापा, भारी मात्रा में सामग्री बरामद

**अवैध खाद जिंक बनाने का हब बन चुका है शाहजहांपुर**

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिले के मदनापुर थाना क्षेत्र के रजपुरा गांव में संचालित एक अवैध खाद फैक्ट्री पर सोमवार शाम जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर की टीम ने पुलिस के साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में अवैध खाद बनाने में प्रयुक्त सामग्री, मशीनें और केमिकल बरामद किए गए। पुलिस ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रजपुरा गांव में पुष्पेंद्र यादव के खेत में सर्वेश यादव द्वारा अवैध रूप से खाद और फेरस सल्फेट का निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलने पर जिला कृषि अधिकारी की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जांच के दौरान खाद के दो नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।



छापेमारी में एक बड़ा जनरेटर, 82 बोरी राख, 20 बंडल तार (प्रत्येक 40 किलो), एक तराजू, 40 खाली पीपे, 23 केमिकल से भरे पीपे, दो मोटर से बनी मशीनें तथा खाद सुखाने की मशीन बरामद हुई। पुलिस ने पूरे परिसर को सील कर दिया है। जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर सोमवार रात करीब 11 बजे मदनापुर थाने में फैक्ट्री संचालक सर्वेश यादव के खिलाफ अवैध रूप से खाद बनाकर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक आयोजित नगर में निकली जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जलालपुर के गायकवाड़ हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा आमजन को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के उपरांत बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) शेषनाथ वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने जलालपुर नगर क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। टीम ने नागरिकों से अपने घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, जलभराव न होने देने, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने, साफ पानी का उपयोग करने तथा बुखार या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराने की अपील की।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस तथा अन्य संचारी रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जनसहभागिता और स्वच्छता ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी जलालपुर उपस्थित रहे। इसके अलावा आशुतोष (बीसीपीएम, सीएचसी जलालपुर) तथा प्रत्यूष चौधरी (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, जलालपुर) ने भी अभियान की रूपरेखा और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया।

# पूर्व छात्र ने प्राथमिक विद्यालय पननी में लगवाया आरओ प्लांट



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पननी के एक पूर्व छात्र ने विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर मिसाल पेश की।विद्यालय के शिक्षक लंबे समय से बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत थे। कुछ दिन पहले विद्यालय के सहायक अध्यापक विनोद कुमार पाण्डेय की मुलाकात विद्यालय के पूर्व छात्र अखिलेश उपाध्याय से हुई।वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उतरौला में लैब तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं।बातचीत के दौरान जब विद्यालय की वर्तमान प्रगति, बढ़ते नामांकन और विद्यार्थियों की उपलब्धियों की जानकारी मिली तो उन्होंने अपने पुराने विद्यालय के लिए कुछ योगदान देने की इच्छा जताई। इस पर पाण्डेय ने विद्यालय में आरओ प्लांट स्थापित कराने का सुझाव दिया। पूर्व छात्र ने इसकी सहमति देते हुए पूरा खर्च स्वयं वहन की और विद्यालय में आरओ प्लांट स्थापित करा दिया।आरओ प्लांट के शुरू होने से अब विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। विद्यालय परिवार ने इस सहयोग के लिए अखिलेश उपाध्याय का आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज और विद्यालय के बीच मजबूत उदाहरण बताया।

## ज्वेलर्स की दुकान में लगी भीषण आग, दो मंजिला मकान तक पहुंची लपटें, लाखों का नुकसान

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर ईदगाह रोड पर मंगलवार सुबह करीब 6 बजे भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यहां स्थित आकाश ज्वेलर्स की दुकान में अचानक आग भड़क उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान से धुआं उठता देख राहगीरों ने तत्काल मालिक को सूचना दी। शटर खोलते ही अंदर भीषण आग लगी मिली, जो देखते ही देखते ऊपर दो मंजिला मकान तक फैल गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की 3-4 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद नीचे दुकान में लगी आग पर काबू पाया गया। मकान की दूसरी मंजिल पर आग लगी हुई थी। आग बुझाने के लिए फायर कर्मियों को दीवार तक तोड़नी पड़ी। स्थानीय सभासद अफजल खान ने बताया कि एहतियातन पड़ोस के मकानों से लोगों को बाहर निकाल लिया गया था। आग में लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और घरेलू सामान जलकर राख हो गए। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि दुकान में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग पर लगी थी। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण पहले बगल की दुकान और फिर ज्वेलर्स में आग पहुंची।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर दर्जनों गांवों में किया गया वृक्षारोपण



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिवस के अवसर पर जलालपुर विधानसभा क्षेत्र में पीडीए वृक्षारोपण अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक जुलाई से सात जुलाई 2026 तक चले इस अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर पर गांवों और गलियों में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान का उद्देश्य 'प्रेम, दया और अपनापन' के संदेश के साथ समाज के पीड़ित, दुःखी एवं उपेक्षित परिवारों तक पहुंचकर उन्हें समाजवादी विचारधारा से जोड़ना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक सिंह के नेतृत्व में जलालपुर विधानसभा क्षेत्र के भदोई, गणेशर, कासिमपुर कर्बला, करमैनी, भीखपुर, शिवपाल सहित दर्जनों गांवों में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया तथा अखिलेश यादव के स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पेड़-पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, बल्कि प्रदूषण कम करने, वर्षा संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रकृति और मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

## निजी लाइब्रेरियों पर प्रशासन का छापा, मानकों के उल्लंघन पर संचालकों को नोटिस

**उन्नाव।** जिले के पुरवा तहसील क्षेत्र में मंगलवार को प्रशासन ने निजी लाइब्रेरियों का औचक निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में कई लाइब्रेरियां निर्धारित मानकों का पालन करती नहीं मिलीं। प्रशासन ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर जल्द व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान पुरवा स्थित 'स्टूडेंट लाइब्रेरी' बंद मिली। इसके अलावा ब्लॉक रोड स्थित 'अमर लाइब्रेरी' तथा चमियानी की 'एमर्श लाइब्रेरी' का भी निरीक्षण किया गया। जांच में इन संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं की कमी, सुरक्षा मानकों का उल्लंघन और अन्य प्रशासनिक अनियमितताएं सामने आई। उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने लाइब्रेरी संचालकों को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सुरक्षा, सुरक्षित विद्युत व्यवस्था और अन्य मानकों का पालन किए बिना लाइब्रेरी का संचालन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण अभियान में क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया, यूपीपीसीएल के प्रदीप कुमार, जीजीआईसी के प्रधानाचार्य सुब्रॉ सिंह, फायर ब्रिगेड के उपनिरीक्षक सरदार खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रोजमर्रा समान व टेम्पू के साथ दो व्यक्तियों को पुलिस ने किया गिरफतार



**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली लोटन हरिवंशपुर चौकी क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर सोमवार रात्रि गश्त के दौरान थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा व चौकी प्रभारी राहुल गुप्ता द्वारा 15बोरी 750किलो चीनी,7बोरी मैदा,315किलो 3बोरी सोयाबीन 60किलो, 2गत्ता तील का तेल 19किलो 200ग्राम,67गत्ता रिफाइंड तेल 432किलो व 2बोरी नमक 50किलो के साथ अलग-अलग स्थानों पर दो व्यक्तियों को टेम्पू व समान के साथ पकड़ गया है।पकडे गये समानो के साथ आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहा भेजा गया है। चौकी प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि भारत व नेपाल देश पर लगे पिलर संख्या 539 पर रात्रि में गश्त पर थे उसी दौरान दो अलग-अलग स्थानों पर टेम्पू के साथ हरिवंशपुर निवासी दुर्गेश यादव ,व प्रवीन प्रजापति धरमौली निवासी बड़हरा से नेपाल जाने वाले पकडण्डी रास्ते पर दिखाई दिया रोककर तलाशी ली गई तो समान भरकर भारत से नेपाल जाने के लिए जा रहा था चेकिंग में कोई भी कागज नही दिखाया। कार्रवाई के बाद उसे कस्टम कार्यालय ककरहा भेजा गया। इस दौरान हेड कांस्टेबल गांगुली कुमार,हेड कांस्टेबल मो0 खुर्शीद मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत कंपोजित विद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली

**उन्नाव।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोरारी कला कंपोजित के छात्रों एवं शिक्षकों ने मंगलवार को विद्यालय के प्रभारी प्रधान शिक्षक एवं जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अनुपम मिश्र के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली।रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने 'स्कूल चलो अभियान' के नारे लगाते हुए गांव में जनसंपर्क किया। शिक्षकों ने ग्रामीणों से संवाद कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें अपने परिवार और

# यूपी एसटीएफ की मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर एक सिपाही भी घायल

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ को आज एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. अम्बेडकरनगर जिले के बेवाना थाना क्षेत्र में हुई एक भीषण मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ ने एक लाख रुपये के इनामी और कुख्यात बदमाश आसिम अली उर्फ विक्की को ढेर कर दिया है. इस क्रास फायरिंग में एसटीएफ का एक जांबाज सिपाही भी गोली लगने से घायल हुआ है. इस पर हत्या और लूट के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। यह आठ साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था. हाल ही बदमाश विक्की ने जौनपुर और शाहजहांपुर के शाहगंज में हत्या की वारदातों को अंजाम दिया था।जानकारी के अनुसार, एसटीएफ की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बेवाना थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के पास कुछ संदिग्ध अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है. इस सूचना पर जैसे ही एसटीएफ की टीम ने घेराबंदी की, अपराधियों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. एसटीएफ ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक लाख का इनामी बदमाश आसिम अली उर्फ विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं, मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गोली लगने से एसटीएफ का एक सिपाही भी घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डॉक्टरों के मुताबिक सिपाही की हालत अब खतरे से बाहर है.मुठभेड़ में मारा गया शातिर अपराधी आसिम अली उर्फ विक्की मूल रूप से कानपुर नगर का निवासी था. वह जघन्य अपराधों को अंजाम देने का आदी था और लंबे समय से यूपी एसटीएफ की रडार पर चल रहा था.पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आसिम के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी जैसे दो दर्जन (24) से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे।


कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्रॉंकः- 381/न0नि0अयो0/ई-निविदा/2026 दिनांक : 07/07/2026

ई-निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

नगर निगम अयोध्या में वैसिंह स्थित कान्हा गौशाला में गोवंशों से प्राप्त गोबर की निलामी हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकते हैं। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन *Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card* के माध्यम से *Link-http://emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp* से अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट *www://etender.up.nic.in* से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 08-07-2026 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 15-07-2026 दोपहर 02:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 15-07-2026 दोपहर 04:00 बजे |

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या



उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग में एलएचबी कोचों हेतु इंडस्ट्री 4.0 - सक्षम वायरलेस एरर–प्रूफ टॉर्किंग सिस्टम का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, पूर्ण डेटा अधिग्रहण एवं ट्रेसएबिलिटी समाधान सहित, तथा 03 वर्ष की पोस्ट वारंटी व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC) सहित। | | |
| कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | अनुमानित लागत | ₹2,82,69,260.00 मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। | बिड सिक्युरिटी | ₹5,65,400/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 66 माह। | | |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनॉंक 28.07.2026 समय 15:00 बजे तक। | | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | | | |

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-30 दिनॉंकः 06.07.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2327/2026

# योजनाओं की दूरी से ग्रामीण जीवन की बढ़ती मुश्किलें

भारत में समय-समय पर ऐसी अनेक योजनाएं शुरू की जाती हैं जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। स्वच्छ ईंधन, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाएं केवल सुविधाएं नहीं हैं, बल्कि सम्मानजनक जीवन की आधारशिला भी हैं। लेकिन जब इन योजनाओं की जानकारी, प्रक्रिया या लाभ जरूरतमंद लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाता, तब सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है जिनके पास पहले से ही संसाधनों की कमी होती है। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए योजनाओं का कागज़ पर होना और जीवन में उसका असर महसूस होना, दोनों अलग-अलग अनुभव बन जाते हैं। यही दूरी रोजमर्रा के संघर्ष को और कठिन बना देती है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित नरौली गांव इसकी एक झलक प्रस्तुत करता है। करीब 250 से अधिक घरों वाले इस गांव में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के परिवार रहते हैं। अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी, खेतिहर कार्य, छोटे-मोटे श्रम या स्वरोजगार के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। दिन भर की मेहनत से जितनी आमदनी होती है, उसी से घर का खर्च चलता है। ऐसे में यदि किसी सरकारी योजना का लाभ समय पर मिल जाए तो वह परिवार की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है। लेकिन जब जानकारी अधूरी हो, कागज़ी प्रक्रिया पूरी न हो पाए या आवेदन बार-बार अधूरा रह जाए, तब योजनाएं लोगों की उम्मीद बनने के बजाय उनके लिए एक अधूरा सपना बन जाती हैं।

गांव के कई परिवार आज भी उज्ज्वला योजना का पूरा लाभ नहीं प्राप्त कर सके हैं। परिणामस्वरूप उन्हें लकड़ी के चूल्हे पर ही खाना बनाना पड़ता है। रसोई में उठने वाला धुआं केवल आंखों में जलन या खांसी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि धीरे-धीरे सांस संबंधी समस्याओं का कारण भी बन सकता है। घर के भीतर घंटों तक धुएं के बीच खाना बनाने का सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ता है जो रसोई में सबसे ज्यादा समय बिताते हैं। यह केवल ईंधन का सवाल नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, समय और गरिमा से जुड़ा विषय भी है।

मानसून आने के बाद यह कठिनाई और बढ़ जाती है। बारिश में लकड़ियां गीली हो जाती हैं, जिससे उन्हें जलाना आसान नहीं होता। कई बार भोजन तैयार करने में घंटों लग जाते हैं और कई बार चूल्हा जल ही नहीं पाता। ऐसे दिनों में परिवारों को कम भोजन में काम चलाना पड़ता है या फिर बिना भोजन किए रात बितानी पड़ती है। जिन परिवारों की रोजी-रोटी पहले ही अनिश्चित हो, उनके लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है। एक साधारण-सी सुविधा की अनुपलब्धता पूरे परिवार की दिनचर्या, स्वास्थ्य और बच्चों के पोषण तक को प्रभावित करती है।

गांव के 40 वर्षीय शिव कुमार ठाकुर बताते हैं कि उन्होंने उज्ज्वला योजना का लाभ पाने के लिए कई बार आवेदन किया, लेकिन हर बार कागजात में किसी न किसी कमी की बात कहकर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। उनके लिए सबसे बड़ी परेशानी यह है कि आखिर कौन-सा दस्तावेज़ अधूरा है और उसे कैसे पूरा किया जाए, इसकी स्पष्ट जानकारी उन्हें नहीं मिल पाती। सीमित आय वाले परिवार के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाना भी आसान नहीं होता। एक दिन काम छूटने का मतलब उस दिन की मजदूरी का नुकसान है, जो सीधे घर के खर्च पर असर डालता है। गांव की 55 वर्षीय नीलम देवी की कहानी भी इसी वास्तविकता को सामने लाती है। उनकी पांच बेटियां हैं और उनके पति दैनिक मजदूरी करते हैं।

# एमपी की राजनीति में 'एम फैक्टर' की छाया में सिमटते कैलाश विजयवर्गीय



हर्षवर्धन पान्डे

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार की मजबूत पकड़, विकास परियोजनाओं पर उनका सीधा नियंत्रण और संगठनात्मक स्तर पर बढ़ती निर्णायक पकड़ ने भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के लिए मौजूदा दौर में चुनौती खड़ी कर दी है। इसी कड़ी में एक बार फिर प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नाम जुड़ा है जो कई सार्वजनिक मंचों पर पार्टी के नेतृत्व को सार्वजनिक रूप से असहज करते जा रहे हैं। हाल ही में कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने अपने गृह जिले इंदौर की उपेक्षा का सीधा आरोप लगाया। पत्र में उन्होंने दावा किया कि मोहन सरकार में पिछले ढाई वर्षों से उन्हें केवल असहयोग और उपेक्षा ही मिल रही है। कथित पत्र में मास्टर प्लान में देरी, मेट्रोपालिटन सिटी योजना में इंदौर का नाम पीछे किए जाने, एयरपोर्ट विस्तार के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराने, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विभाजन में इंदौर की अनदेखी, औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में सुविधाओं के अभाव और सिंहस्थ के कार्यों में इंदौर को शामिल नहीं किए जाने सहित कई मुद्दे उठाए जाने की बात कही है जिसके बाद पूरे प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज है। पत्र में कथित तौर पर कैलाश विजयवर्गीय ने यह भी लिखा है कि उन्हें ढाई वर्ष से सिर्फ असहयोग, उपेक्षा और विरोध ही मिला है और वह उपेक्षा से आहत हैं। यदि इन विषयों का समाधान नहीं हुआ तो इंदौर की जनता की आवाज को सार्वजनिक मंच पर उठाना उनकी विवशता होगी। इस लैटर बम ने सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्ष में भी हड़कंप मचा दिया है।

कैलाश विजयवर्गीय का नाम भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं में शुमार है जो अपनी बात किसी भी सार्वजनिक मंच में आगे रखने से नहीं हिचकिचाते। अपनी ही सरकार पर नाराजगी जताने और सदन में अपने तीखे बयानों के लिए मशहूर कैलाश विजयवर्गीय मध्यप्रदेश में मोहन सरकार के अब सबसे चर्चित चेहरे बन चुके हैं। जब भी कैलाश विजयवर्गीय बोलते हैं बिना लाग-लपेट के बोलते हैं। इंदौर के भगीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से मौतों के मामले में मीडिया के सवालों पर कैलाश ने गुस्से में आपा खो दिया और पत्रकार को 'औकात' में रहने को कहा था जिसके बाद सूबे की सियासत में बवाल मच गया। बाद में सफाई देते हुए उन्होंने माफी मांगी, लेकिन विपक्ष ने इसे लेकर मोहन सरकार की घेराबंदी करने में जुट गया और उनके इस्तीफे की मांग कर डाली। मजबूर होकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को सदन में माफी मांगनी पड़ी। सदन में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार के साथ बहस में उन्होंने असंसदीय शब्दावली का इस्तेमाल किया, जिस पर फिर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सदन में माफी मांगने पर मजबूर होना पड़ा। यही नहीं कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठकें छोड़ने में भी कैलाश विजयवर्गीय पीछे नहीं रहते। अभी कुछ समय पहले इंदौर में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में हुए एक लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंच पर बैठे थे लेकिन कैलाश विजयवर्गीय दूर कुर्सी पर बैठे थे। उनको इस तरह से अकेले बैठे देखकर मंत्री तुलसी सिलावट ने उनका हाथ पकड़कर कुर्सी से उठाया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# क्यों नींद का त्याग कर्मठता नहीं, अज्ञानता है



अब्दुल्लाह मंसूर

आधुनिक समाज ने सफलता और कर्मठता की एक बेहद खतरनाक परिभाषा गढ़ ली है, जिसके केंद्र में सबसे पहला प्रहार हमारी प्राकृतिक व्यवस्था, यानी नींद पर होता है। हमारे समाज में सदियों से 'काकचेष्टा बको ध्यानंश्वाननिद्रातथैव च। अल्पाहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पञ्चलक्षणम्।' जैसे श्लोकों के जरिए युवाओं के मन में यह बात गहराई से बैठाई जाती रही है कि कुत्ते जैसी अधूरी नींद ही एक अच्छे छात्र की असली निशानी है। इस तरह सोने को सीधे तौर पर आलस, कामचोरी और अकर्मण्यता से जोड़ दिया गया है। जब मैं एक विद्यार्थी के रूप में जीवन के चार-पांच साल परीक्षाओं और भविष्य की तैयारी में लगा रहा था, तब मेरे भीतर भी यही सामाजिक भ्रम काम कर रहा था। मुझे लगता था कि यदि जीवन में कुछ बड़ा हासिल करना है, तो सुख-चैन को छोड़कर नींद का त्याग करना ही होगा। रात-रात भर जागना, महज चार या पांच घंटे की अधूरी नींद लेना और चाय के सहारे खुद को जबरदस्ती जगाए रखना मेरी दिनचर्या बन चुका था। सालों तक अपनी जैविक घड़ी के साथ की गई इस क्रूरता का जो नतीजा निकला, उसने मेरी पूरी शारीरिक और मानसिक सेहत को हिलाकर रख दिया। मुझे गंभीर एंग्जायटी, चिड़चिड़ापन और लगातार रहने वाली दिमागी थकान ने घेर लिया, जिससे मुझे छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आने लगा और एक अजीब सी घबराहट मेरे भीतर हर वक्त मौजूद रहने लगी।

जब यह मानसिक तनाव पूरी तरह बर्दाश्त के बाहर हो गया, तब मैंने डॉक्टर से सलाह ली और उनकी बातों ने जैसे मेरी आँखें खोल दीं। उन्होंने मुझे कोई भारी-भरकम दवा देने के बजाय नींद का असली वैज्ञानिक महत्व समझाया। डॉक्टर की इसी व्यावहारिक सलाह पर मैंने अपनी दिनचर्या में कड़े बदलाव करते हुए रात में चाय पीना बिल्कुल बंद कर दिया और यह तय किया कि चाहे कुछ भी हो जाए, हर रात 7 से 8 घंटे की पूरी नींद जरूर लूँगा। बरसों की बिगड़ी आदत को बदलना शुरुआत में बेहद मुश्किल था, लेकिन जैसे-जैसे मेरी नींद का कोटा पूरा होने लगा, मेरी एंग्जायटी के बादल छंटने लगे। मेरे मन का वह ठहराव और सुकून, जो सालों पहले कहीं खो गया था, धीरे-धीरे वापस लौटने लगा और चीजों पर ध्यान लगाने की मेरी क्षमता पहले से कहीं बेहतर हो गई। तब मुझे गहराई से समझ में आया कि मैं जिसे 'तैयारी की तपस्या' समझ रहा था, वह दरअसल खुद के ही शरीर और दिमाग के साथ किया जा रहा एक भयानक अत्याचार था। आज एक शिक्षक के रूप में जब मैं सुबह की क्लास में अपने विद्यार्थियों के सुस्त और थके हुए चेहरे देखता हूँ, तो मुझे महसूस होता है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को भी उसी आत्मघाती रास्ते पर धकेल रहे हैं, जिसे विज्ञान की भाषा में 'धीमी आत्महत्या' कहा जाता है।

न्यूरोसाइंटिस्टमैथ्यूवॉकर की बुक 'हम क्यों सोते हैं?' ने मुझ पर बहुत गहरा असर डाला। मैथ्यूवॉकर की शोध और आधुनिक स्लीपसाइंस के तथ्य यह साबित करते हैं कि नींद कोई विलासिता नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की सबसे मजबूत नींव है। चिकित्सा विज्ञान और उद्विकास के इतिहास को देखें तो समझ आता है कि प्रकृति ने नींद को एक जादुई दवा के रूप में विकसित किया है, जो



हमारे पूरे सिस्टम को हर रात रिसेट करती है। जागते रहना दिमाग के लिए एक लो-लेवलब्रेनडैमेज की तरह है, और नींद उस नुकसान की मुकम्मल सफाई है। हमारे दिमाग के भीतर एक 24 घंटे की कुदरती घड़ी होती है जिसे 'सरकेडियनरिदम' कहते हैं। प्रयोगों से पता चला है कि इंसानों की यह आंतरिक घड़ी ठीक 24 घंटे की नहीं, बल्कि 24 घंटे 15 मिनट की होती है, जिसे रोज सुबह सूरज की रोशनी रिसेट करती है। दिमाग के बीचों-बीच स्थित 'सुप्राकैशमैटिकन्यूक्लियस' इस मास्टर क्लॉक को चलाता है और सोने से पहले शरीर के मुख्य तापमान को कम कर देता है। इसके साथ ही, जब हम जागते हैं, तो हमारे दिमाग में 'एडिनोसिन' नामक एक रसायन लगातार जमा होता रहता है, जो स्लीपप्रेशर या नींद का दबाव बनाता है। जब हम इस दबाव को रात के समय चाय पीकर दबाने की कोशिश करते हैं, तो हम खुद को धोखा दे रहे होते हैं। चाय में मौजूद कैफीन केवल एडिनोसिन के रिसेप्टर्स को ब्लॉक करके दिमाग को सुस्ती का सिग्नल मिलने से रोकता है। जैसे ही कैफीन का असर खत्म होता है, जमा हुआ सारा एडिनोसिन एक साथ दिमाग पर हमला करता है, जिसे 'कैफीनक्रैश' कहते हैं, और यही क्रैश इंसान को भयंकर थकान और मानसिक तनाव के गर्त में धकेल कर एंग्जायटी का रूप ले लेता है।

नींद की कमी का यह प्रहार सिर्फ थकान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दिमाग का भावनात्मक हिस्सा, जिसे 'अमिगडाला' कहते हैं, वह नींद न मिलने पर 60% तक अधिक सक्रिय और हिंसक हो जाता है। सामान्य स्थिति में हमारा अग्र-मस्तिष्क हमारे गुस्से और भावनाओं पर ब्रेक लगाता है, लेकिन नींद की कमी के कारण यह ब्रेक पूरी तरह फेल हो जाता है, जिससे इंसान का दिमाग आदिम जीवों की तरह व्यवहार करने लगता है और वह डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। इसके साथ ही, गहरी नींद के दौरान हमारा दिमाग 'एमिलॉयड' नामक जहरीले प्रोटीन की सफाई करता है, जो साफ न होने पर दिमाग में जमा होकर अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी भूलने की लाइलाज बीमारियों को जन्म देता है। मानसिक स्वास्थ्य के अलावा, अधूरी नींद हमारे पूरे भौतिक शरीर, अंगों और डीएनए को भीतर से खोखला कर देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अब नींद की कमी को एक वैश्विक महामारी घोषित कर दिया है, क्योंकि रोज छह या सात घंटे से कम सोने से इम्यूनसिस्टम इतना कमजोर हो जाता है कि कैंसर होने का खतरा दोगुना हो जाता है। दिल की नसों में रुकावट आना, बीएडप्रेशर बढ़ना और टाइप-2 डायबिटीज सीधे तौर पर खराब नींद से जुड़ी हैं। यहाँ तक कि यह हमारी प्रजनन क्षमता को भी तबाह कर देती है, जहाँ कम सोने वाले पुरुषों का स्पर्मकाउंट 29% तक घट जाता है और महिलाओं में इनफर्टिलिटी का खतरा 80% तक बढ़ जाता है।

वास्तव में, प्रकृति ने हमें 24 घंटे में केवल एक बार सोने के लिए नहीं बनाया था। पुराने कबीलों और बिना बिजली के रहने वाले समाजों को देखें, तो वे 'बाय-फेजिकस्लीप' यानी द्वि-चरण नींद लेते थे, जिसमें रात में 7-8 घंटे की नींद और दोपहर में 30 से 60 मिनट की छोटी झपकी शामिल थी। दोपहर के खाने के बाद जो आलस आता है, वह सिर्फ भारी भोजन की वजह से नहीं बल्कि हमारे जींस की वजह से होता है। प्राइमेट्स यानी बंदरों की तुलना में इंसान भले ही कम सोता है, लेकिन हम उनसे कहीं ज्यादा सपने यानी आरईएम (ऋश्वरू) नींद लेते हैं। लाखों साल पहले जब इंसान पेड़ों से उतरकर आग के सहारे जमीन पर सुरक्षित सोने लगा, तो गिरने का डर खत्म हो गया और हमें भरपूर आरईएम नींद मिलने लगी। इसी सपनों वाली नींद ने इंसानों के भीतर इमोशनलइंटेलिजेंस और रचनात्मकता को जन्म दिया, जिसने हमें दुनिया का सबसे समझदार जीव बनाया और इसी चरण में दिमाग मांसपेशियों को पूरी तरह लकवाग्रस्त कर देता है ताकि हम सपनों की हरकतों को असलियत में करके खुद को चोट न पहुँचा लें।

# मजबूत लोकतंत्र के लिये दागी नेताओं से मुक्ति जरूरी



ललित गर्ग

भारतीय लोकतंत्र ने स्वतंत्रता के बाद अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। आज भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति होने के साथ-साथ विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ देश आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक नेतृत्व की नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। किंतु यह भी उतना ही बड़ा सत्य है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसकी अर्थव्यवस्था, सैन्य क्षमता अथवा तकनीकी विकास में नहीं, बल्कि उसकी राजनीति और शासन व्यवस्था की नैतिकता में निहित होती है। यदि लोकतंत्र की आत्मा को जीवित रखना है तो राजनीति को अपराध, भ्रष्टाचार और स्वार्थ की गिरफ्त से मुक्त करना ही होगा। आजादी के बाद से लगभग हर सरकार ने भ्रष्टाचार-मुक्त शासन, पारदर्शी प्रशासन और स्वच्छ राजनीति का वादा किया। अनेक आयोग बने, कानून बने और चुनाव सुधारों की चर्चाएं भी हुईं, लेकिन जब भी कोई ठोस एवं प्रभावी सुधार लागू करने का प्रयास हुआ, राजनीतिक दलों ने अपने-अपने हितों के अनुसार उसका समर्थन अथवा विरोध किया। परिणाम यह हुआ कि राजनीतिक शुचिता का प्रश्न आज भी अधूरा है। विडंबना यह है कि अब तक कोई ऐसा खाका सामने नहीं आ सका है, जिससे सिर्फ स्वच्छ छवि के लोगों को ही जनप्रतिनिधि बनने का अवसर मिले। यह और बड़ी विडम्बना है कि जिस विषय पर पूरे राष्ट्र की सहमति होनी चाहिए, वही विषय राजनीतिक टकराव का माध्यम बन जाता है।




आए दिन संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि से आने के बावजूद चुने गए जनप्रतिनिधियों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंता तो जताई जाती है, मगर उसके हल को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होती। संविधान के तहत केवल दोषी ठहराए गए जनप्रतिनिधियों को ही पद से हटाया जा सकता है और इस संबंध में संवैधानिक पद पर बैठे नेताओं को लेकर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसी संदर्भ में भाजपा सरकार फिर से एक सौ तीसवें संविधान संशोधन विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी में है, जिसके तहत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या अन्य मंत्रियों को पाँच साल से ज्यादा सजा के प्रावधान वाले गंभीर अपराधों के लिए गिरफ्तार किए जाने और लगातार तीस दिनों तक हिरासत में रखे जाने पर पद से हटाने का प्रस्ताव है। अगर विधेयक की जांच के बाद संयुक्त संसदीय समिति इसे अपनी मंजूरी दे देती है, तो संसद के मानसून सत्र में इस पर बहस की संभावना है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अगस्त में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में यह विधेयक पेश किया था। हालांकि विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई कई आपत्तियों के बाद इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्षी दलों ने अपनी चिंताओं को नजरअंदाज किए जाने की आशंका के मद्देनजर समिति का बहिष्कार कर दिया था।

निश्चित ही संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले जनप्रतिनिधियों की बढ़ती संख्या लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। यदि कोई जनप्रतिनिधि हत्या, बलात्कार, भ्रष्टाचार, आतंकवाद अथवा संगठित अपराध जैसे गंभीर मामलों में लंबे समय तक न्यायिक हिरासत में है, तो क्या वह जनता का प्रतिनिधित्व करने का नैतिक अधिकार बनाए रखता है? यह प्रश्न केवल कानूनी नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नैतिकता से जुड़ा हुआ प्रश्न है। हालांकि इस प्रकार के कानून पर कई संवैधानिक प्रश्न भी उठते हैं। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को तब तक निर्दोष मानता है जब तक अपराध सिद्ध न हो जाए। केवल आरोप के आधार पर किसी निर्वाचित प्रतिनिधि को पद से हटाना राजनीतिक प्रतिशोध का हथियार भी बन सकता है। विपक्षी दलों की यह आशंका पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकती कि यदि पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं होंगे तो सत्ता में बैठी सरकारें विरोधियों के विरुद्ध जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर सकती हैं। इसलिए किसी भी नए कानून में प्राकृतिक न्याय, न्यायिक समीक्षा और निष्पक्ष जांच की सुदृढ़ व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। लेकिन इन आशंकाओं के कारण सुधार की पूरी प्रक्रिया को रोक देना भी उचित नहीं होगा। लोकतंत्र में सुधार का अर्थ किसी दल को लाभ या हानि पहुंचाना नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को मजबूत करना है। यदि कानून संतुलित, पारदर्शी और न्यायसंगत हो तो वह लोकतंत्र को कमजोर नहीं बल्कि अधिक विश्वसनीय बनाता है।

भारत की राजनीति में अनेक ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जिन्होंने लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाए। बिहार में लालू प्रसाद यादव से लेकर दिल्ली में अरविंद केजरीवाल तथा उनके कुछ मंत्रियों तक, विभिन्न राजनीतिक दलों के अनेक नेता ऐसे रहे हैं जो गंभीर आरोपों अथवा जेल में रहने के बावजूद सत्ता पर बने रहने का प्रयास करते रहे। यह किसी एक दल का प्रश्न नहीं है, लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल समय-समय पर इस आलोचना के घेरे में रहे हैं। जेल से सरकार चलाने अथवा संवैधानिक पद पर बने रहने की मानसिकता लोकतंत्र की गरिमा के अनुकूल नहीं कही जा सकती। यह सही है कि कानून अपना कार्य करेगा और न्यायालय अंतिम निर्णय देगा, किंतु सार्वजनिक जीवन केवल कानूनी वैधता से नहीं चलता, उसका आधार नैतिक वैधता भी होती है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि केवल अधिकारों का नहीं, बल्कि आदर्शों का भी प्रतीक होता है। यदि उसके ऊपर गंभीर आरोप हों और वह फिर भी पद से चिपका रहे, तो जनता का लोकतांत्रिक विश्वास कमजोर पड़ता है। राजनीति में पद त्यागना पराजय नहीं, बल्कि नैतिक साहस का परिचायक होता है।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, उसमें आर्थिक प्रगति के साथ सुशासन, डिजिटल पारदर्शिता, भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन और जनभागीदारी पर विशेष बल दिया गया है। विकसित भारत केवल ऊंची इमारतों, एक्सप्रेस-वे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तेज आर्थिक विकास से नहीं बनेगा, वह तभी बनेगा जब शासन चलाने वाले व्यक्तियों की विश्वसनीयता भी उतनी ही मजबूत होगी। विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखने वाले राष्ट्र की राजनीति भी विश्व के लिए आदर्श बननी चाहिए। आज आवश्यकता केवल कानून बदलने की नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति बदलने की भी है।

# अचानक बंद होते ई रिक्शा



महेन्द्र तिवारी

हाल के दिनों में ई रिक्शा से जुड़ी एक ऐसी घटना सामने आई जिसने तकनीक, सड़क सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को लेकर नई बहस छेड़ दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में कुछ लोग मोबाइल फोन पर एक ऐप का उपयोग करके चलते हुए ई रिक्शों को अचानक रोकते दिखाई दिए। पहले इसे सामान्य शरारत या इंटरनेट पर लोकप्रिय होने की कोशिश माना गया, लेकिन जैसे जैसे अधिक वीडियो सामने आए और चालकों की शिकायतें बढ़ीं, मामला प्रशासन और सरकार के संज्ञान में पहुंच गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार BAT BMS नामक एक मोबाइल ऐप, जो मूल रूप से ब्लूटूथ आधारित लिथियम बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम की निगरानी के लिए बनाया गया था, उसका दुरुपयोग कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा था। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल सुविधाओं से लैस आधुनिक वाहन केवल यांत्रिक प्रणाली नहीं रह गए हैं बल्कि वे साइबर सुरक्षा से भी सीधे जुड़े हुए हैं।

भारत में ई रिक्शा लाखों लोगों की आजीविका का साधन हैं। छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक ये सस्ती, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सेवा प्रदान करते हैं। हजारों परिवारों की रोजी रोटी इन वाहनों पर निर्भर है। ऐसे में यदि कोई तकनीकी कमजोरी इन वाहनों को अचानक बीच सड़क पर रोक सकती है तो यह केवल चालक की परेशानी नहीं बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का भी गंभीर प्रश्न बन जाता है। किसी व्यस्त चौराहे, फ्लाईओवर या बाजार में अचानक रुक जाने वाला वाहन दुर्घटना का कारण बन सकता है। यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है और चालक की दैनिक आय भी प्रभावित होती है।

BAT BMS जैसे ऐप का मूल उद्देश्य बैटरी की स्थिति पर नजर रखना है। आधुनिक लिथियम आयन बैटरियों में बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जाता है जो बैटरी के तापमान, वोल्टेज, चार्ज और डिस्चार्ज जैसी जानकारियों की निगरानी करता है। कई कंपनियां सुविधा के लिए इन प्रणालियों में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी भी देती हैं ताकि मोबाइल फोन के माध्यम से उपयोगकर्ता बैटरी की जानकारी देख सके। सामान्य परिस्थितियों में यह एक उपयोगी सुविधा है क्योंकि इससे बैटरी की स्थिति का पता चलता रहता है और रखरखाव आसान हो जाता है। लेकिन यदि इस कनेक्टिविटी में पर्याप्त सुरक्षा न हो तो वही सुविधा जोखिम में बदल सकती है।

तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि वायरल घटनाओं में सभी ई रिक्शा प्रभावित नहीं हुए बल्कि केवल वे वाहन प्रभावित होने की संभावना रखते हैं जिनमें विशेष प्रकार का ब्लूटूथ आधारित बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम लगा था। रिपोर्टों के अनुसार यह ऐप इंटरनेट के माध्यम से दूर बैठे व्यक्ति द्वारा पूरे शहर के वाहन बंद नहीं करता, बल्कि सीमित ब्लूटूथ दूरी के भीतर उपलब्ध असुरक्षित बैटरियों से



जुड़ सकता है। यदि किसी बैटरी में मजबूत प्रमाणीकरण या पासवर्ड सुरक्षा नहीं है तो अनधिकृत व्यक्ति उससे कनेक्ट होकर कुछ नियंत्रण संबंधी कमांड भेज सकता है। इसका अर्थ यह है कि समस्या का केंद्र कमजोर साइबर सुरक्षा है, न कि कोई रहस्यमय दूरस्थ हैकिंग।

सोशल मीडिया ने इस पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। कुछ लोगों ने इसे मनोरंजन का साधन समझकर वीडियो बनाए और साझा किए। लेकिन ऐसे वीडियो देखते ही देखते हजारों लोगों तक पहुंच गए और कई युवाओं ने इसे दोहराने की कोशिश की। इंटरनेट पर लोकप्रियता पाने की होड़ में यह भूल गया कि जिस वाहन को रोका जा रहा है उसके भीतर यात्री बैठे हैं और चालक की आजीविका उससे जुड़ी है। सड़क पर चलती गाड़ी को अचानक रोक देना किसी मजाक की श्रेणी में नहीं आता बल्कि इससे गंभीर दुर्घटना भी हो सकती है। इसी कारण पुलिस और प्रशासन ने ऐसी गतिविधियों को कानून के दायरे में लाने की चेतावनी दी है।

इस विवाद के सामने आने के बाद सरकार ने भी तेजी से कदम उठाए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार संबंधित ऐप और उससे जुड़े कुछ अन्य माध्यमों पर कार्रवाई की गई तथा जांच शुरू की गई कि वास्तव में यह ऐप किन परिस्थितियों में वाहनों को प्रभावित कर सकता है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि कहीं कमजोर सुरक्षा वाले बैटरी प्रबंधन सिस्टम या बिना प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल तो इस समस्या की जड़ नहीं हैं। सरकार का उद्देश्य केवल एक ऐप पर कार्रवाई करना नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि भविष्य में ऐसी कमजोरियां दोबारा सामने न आएं।

यह घटना भारत में तेजी से बढ़ रहे कनेक्टेड वाहनों की दुनिया के लिए भी चेतावनी है। आज केवल ई रिक्शा ही नहीं बल्कि कार, बस, ट्रक और दोपहिया वाहन भी डिजिटल तकनीक से लैस होते जा रहे हैं। इनमें जीपीएस, मोबाइल ऐप, वायरलेस अपडेट और क्लाउड आधारित सेवाओं का उपयोग बढ़ रहा है। जितनी अधिक डिजिटल सुविधाएं बढ़ेंगी, उतना ही साइबर सुरक्षा का महत्व भी बढ़ेगा। यदि सुरक्षा को प्रारंभिक डिजाइन का हिस्सा नहीं बनाया गया तो भविष्य में इसी प्रकार की घटनाएं अन्य वाहनों में भी देखने को मिल सकती हैं।

निर्माताओं की जिम्मेदारी इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण है। किसी भी स्मार्ट बैटरी या वाहन नियंत्रण प्रणाली को डिजाइन करते समय केवल सुविधा पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। मजबूत पासवर्ड, एन्क्रिप्शन, सुरक्षित ब्लूटूथ पेयरिंग, डिजिटल प्रमाणन और नियमित फर्मवेयर अपडेट जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य होनी चाहिए। यदि कोई सिस्टम बिना पहचान सत्यापन के किसी भी मोबाइल फोन से जुड़ जाता है तो वह शुरुआत से ही जोखिम में है। आधुनिक साइबर सुरक्षा का मूल सिद्धांत यही है कि किसी भी उपकरण तक पहुंच केवल अधिकृत उपयोगकर्ता को मिले।

सर्विस सेंटरों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। कई बार स्थानीय स्तर पर सस्ते या बिना प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल लगा दिए जाते हैं ताकि लागत कम रहे। लेकिन ऐसे उपकरणों में सुरक्षा मानकों का अभाव हो सकता है। यदि बैटरी बदली जा रही है या नया कंट्रोलर लगाया जा रहा है तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वह प्रमाणित निर्माता का हो और उसमें आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध हों। तकनीशियनों को भी यह प्रशिक्षण मिलना चाहिए कि वे केवल यांत्रिक खराबी ही नहीं बल्कि साइबर सुरक्षा संबंधी समस्याओं की भी पहचान कर सकें।

चालकों और वाहन मालिकों को भी जागरूक होना होगा। यदि वाहन में मोबाइल ऐप के माध्यम से कनेक्टिविटी उपलब्ध है तो उसका डिफॉल्ट पासवर्ड बदलना चाहिए। अनजान लोगों को ब्लूटूथ पेयरिंग की अनुमति नहीं देनी चाहिए। यदि निर्माता कोई सुरक्षा अपडेट जारी करे तो उसे समय पर स्थापित करना चाहिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में अधिकृत सर्विस सेंटर से जांच करानी चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस या साइबर सेल को सूचना देनी चाहिए। डिजिटल सुरक्षा अब केवल कंप्यूटर उपयोगकर्ताओं की जिम्मेदारी नहीं रही बल्कि वाहन मालिकों की भी जिम्मेदारी बन चुकी है।

# तमन्ना भाटिया की नेट वर्थ 120 करोड़

पिछले कुछ दिनों से सबसे ज्यादा चर्चा में रहे सेलिब्रिटी कपल्स में से एक हैं तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा। इन दोनों को अक्सर सार्वजनिक रूप से एक साथ देखा जाता रहा है। दोनों के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग और केमिस्ट्री भी देखने को मिलती रही है। हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों ने सोशल मीडिया से एक दूसरे की तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। हालांकि, दोनों की ओर से इस मामले पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सोशल मीडिया पर दोनों की कमाई और नेट वर्थ को लेकर भी चर्चा होती रही है। दोनों के नेट वर्थ में काफी बड़ा अंतर है। आइए जानते हैं तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा में किसकी नेट वर्थ सबसे ज्यादा है।



दक्षिण भारतीय फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने 85 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। तमन्ना ने साल 2005 में हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से अपने करियर की शुरुआत की थी। उसी साल उन्होंने तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया। इसके बाद साल 2006 में उन्होंने फिल्म 'केडी' के साथ तमिल सिनेमा में कदम रखा। साउथ सिनेमा के बाद तमन्ना ने बॉलीवुड में भी अच्छा नाम कमाया। पिछले कुछ सालों में अभिनेत्री ने कई हिट फिल्में दी हैं। तमन्ना भाटिया के नेट वर्थ की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तमन्ना भाटिया की नेट वर्थ 120 करोड़ रुपये है। अभिनेत्री एक फिल्म के लिए चार से पांच करोड़ रुपये की फीस लेती हैं। रिपोर्ट्स का कहना है कि बाहुबली 2 के लिए तमन्ना ने पांच करोड़ रुपये की मोटी रकम ली थी। अभिनेत्री एक लग्जरी लाइफ जीती हैं। विजय वर्मा एक्टर बनने का सपना लेकर घर से भागकर मुंबई पहुंचे थे। हालांकि, उनके लिए यह सफर इतना आसान नहीं था। वह हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अपने शुरुआती दौर में अभिनेता ने बहुत सारी मुश्किलों का सामना किया। विजय वर्मा ने शॉर्ट फिल्म 'शोर' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। फिल्म 'चटगांव' से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। हालांकि, उन्हें असली पहचान अमिताभ बच्चन की फिल्म 'पिंक' से मिली। इसके बाद उन्होंने 'मिर्जापुर' सीरीज से काफी शोहरत हासिल की।




क्लो कार्दशियन का शॉर्ट ब्लैक ड्रेस में किलर लुक

# टीवी पर पहले ही बैन है मार्को, अब हो रही ओटीटी पर बैन की मांग

उन्नी मुकुन्दन की फिल्म मार्को को बड़ा झटका लगा है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म पर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने पाबंदी लगाने की मांग की है। सीबीएफसी के एक अफसर ने कमेटी के चेयरमैन से मांग की है कि वह ओटीटी पर फिल्म की स्ट्रीमिंगी के रोक के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करें। माना जाता है कि %मार्को% फिल्म मलयालम इंडस्ट्री की सबसे हिंसक फिल्मों में से एक है। फिल्म में बहुत ज्यादा हिंसा दिखाए जाने की वजह से सीबीएफसी ने पहले ही टीवी पर इसके प्रसारण के अधिकार को रिजेक्ट कर दिया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पहले ही इस फिल्म में दिखाई गई हिंसा की निंदा की थी। उनके मुताबिक यह फिल्म युवाओं को असल जिंदगी में हिंसा के लिए उकसाएगी। मनोरमा न्यूज से बात करते हुए सीबीएफसी के क्षेत्रीय अधिकारी नदीम तुफैल ने कहा कि %सीबीएफसी की तरफ से पहले ही मार्को को ए प्रमाण पत्र दिया गया है।



फिल्म देखने से पहले मां-बाप को अपने बच्चों को सावधान कर देना चाहिए। सीबीएफसी की भूमिका प्रमाणन तक सीमित है और इसमें सेंसरशिप शामिल नहीं है। हमने टीवी पर इसके प्रसारण पर पहले ही पाबंदी लगा दी है क्योंकि यह फिल्म परिवारिक दर्शकों के लिए नहीं है। फिल्म पर उन्नी मुकुंदन का कहना है कि %इंसान के विकास में हिंसा एक अहम हिस्सा रही है। हमें जंग की बदौलत शांति मिली है। इन सभी के ऊपर जिंदा रहना हमारा सबसे बड़ा मकसद है। मैं ये नहीं कह रहा हूं कि पर्दे पर हिंसा दिखाने का यह एक बहाना है, बल्कि सच्चाई ये है कि हिंसा हमारे समाज में है। मार्को हमारे समाज मैं मौजूद हिंसा का 10 फीसद हिंसा भी नहीं दिखाती।

# पैर की चोट से उबरने के बाद रश्मिका मंदाना ने शुरू की थामा की शूटिंग, आयुष्मान भी सेट पर शामिल







आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म थामा की शूटिंग जनवरी 2025 तक जोर-शोर से चल रही थी। हालांकि, रश्मिका के पैर में चोट लगने के कारण दिल्ली शेड्यूल को रोक दिया गया। फिल्म निर्माता आदित्य सरपोतदार ने डेढ़ महीने के ब्रेक के बाद पिछले हफ्ते वैम्पायर कॉमेडी फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू की। उम्मीद थी कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी फरवरी में फिल्म की शूटिंग में शामिल होंगे। हालांकि, चीजों को फिर से तैयार किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना इस समय मुंबई में रियल लोकेशन पर शूटिंग कर रहे हैं। मिड डे के अनुसार वे अपने को-स्टार परेश रावल के साथ %थामा% की शूटिंग कर रहे हैं। 27 मार्च को कास्ट और क्रू शूटिंग के लिए फिल्म सिटी में शिफ्ट हो जाएंगे। दिल्ली के घरों और गलियों को दर्शाते सेट बनाए गए हैं। दिल्ली के लिए निर्धारित दृश्यों को यहां फिल्माया जाएगा। नवाजुद्दीन तब फिल्म की शूटिंग में शामिल होंगे। निर्देशक दिवाली पर फिल्म को रिलीज करना चाहते हैं। अप्रैल के अंत तक मुंबई में फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद, मई तक टीम ऊटी के लिए रवाना हो जाएगी। वे नीलगिरी के जंगल में आवश्यक हिस्से की शूटिंग करेंगे और मई के अंत तक प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। थामा दो समयसीमाओं में सेट है, लेकिन ताजा चर्चा यह है कि फिल्म में एक प्रेम कहानी है। कथित तौर पर यह वैम्पायर कॉमेडी फिल्म की कहानी में एकतरफा प्यार दिखाया जाएगा। हालांकि यह फिल्म वर्तमान दिल्ली में आधारित है, जहां आयुष्मान एक इतिहासकार हैं, लेकिन इसकी कहानी फ्लैशबैक से भरपूर है, जो दर्शकों को प्राचीन शहर विजयनगर में ले जाती है, जहां प्रेम कहानी शुरू होती है। थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी। निर्माताओं ने 2024 में वैम्पायर कॉमेडी के बारे में आधिकारिक घोषणा की थी। घोषणा वीडियो साझा करते हुए, मैडॉक फिल्म्स ने लिखा था, %दिनेश विजन की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स

## इंटरनेशनल स्टार इंदिरा तिवारी की लंबी छलांग

नई सदी के शो मैन संजय लीला भंसाली की खोज कही जाने वाली अभिनेत्री इंदिरा तिवारी का करियर इन दिनों बल्लियों उछल रहा है। हाल ही में एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म की श्रीलंका से शूटिंग करके लौटीं इंदिरा जल्द ही देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाली चुनिंदा महिला नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू की बायोपिक में उनकी भूमिका करते नजर आएंगी। नई सदी के शो मैन संजय लीला भंसाली की खोज कही जाने वाली अभिनेत्री इंदिरा तिवारी का करियर इन दिनों बल्लियों उछल रहा है। हाल ही में एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म की श्रीलंका से शूटिंग करके लौटीं इंदिरा जल्द ही देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने वाली चुनिंदा महिला नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू की बायोपिक में उनकी भूमिका करते नजर आएंगी। जानकारी ये भी मिली है कि फिल्म 'सरोजिनी' की शूटिंग करीब करीब पूरी हो चुकी है और इस फिल्म के लिए इंदिरा ने जो काया परिवर्तन किया है, वैसा किसी महिला कलाकार ने हाल के दिनों में हिंदी सिनेमा में नहीं किया है। इंदिरा तिवारी ने इस खास किरदार के लिए अपने रंगमंच के दिनों के अनुभव को फिर से जिया है और बताया जाता है कि अपने रूप, रंग और वजन के साथ प्रयोग करने में उन्हें अपनी छोटी बहन और कवियित्री ऐश्वर्या तिवारी की भी खासी मदद मिली है।

# कई प्यार के नगमे लिख चुके हैं संतोष आनंद

## दर्द भरी रही निजी जिंदगी



70 के दशक में अपनी कलम से कई मधुर गीत लिखने वाले गीतकार संतोष आनंद का आज 96वां जन्मदिन है। भले ही वह आज संगीत की दुनिया में गुमनाम हो गए हों, लेकिन वह आज भी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। हालांकि, गीतकार को इस बदलते जमाने से यह शिकायत जरूर रही कि उन्हें वक्त के साथ वह तवज्जो नहीं मिली, जिसकी उन्हें चाहत थी। आज भी लोग 70 के दशक के उन सदाबहार नगमों को गुनगुनाते हैं, जिनकी रचना संतोष आनंद ने की है।

संतोष आनंद हिंदी सिनेमा के मशहूर गीतकार हैं। उनका जन्म 5 मार्च 1940 को सिकंदराबाद में हुआ था। उनका जन्म एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। संतोष आनंद जी का पूरा नाम संतोष कुमार मिश्र है। शिक्षा दीक्षा पूरी करने के बाद वे मुंबई आ गए। यहीं से उनका गीतकार बनने का उनका संघर्ष शुरू हुआ। काफी मुसीबतों के बाद उन्होंने कदम जमाए और थोड़ा बहुत काम मिलना शुरू हुआ। संतोष आनंद ने एक बार अपने करियर के बारे में बात करते हुए यह बताया था कि वे मनोज कुमार के बड़े आभारी हैं। सबसे पहले उन्होंने ही उनकी कला को परखा और समझा। उन्होंने ही सबसे पहले ब्रेक भी दिया। 1970 में आई फिल्म %पूरब और पश्चिम% में उनकी कलम को जीवन मिला और %पूरबा सुहानी आई रे% गाने ने कलम को रवानगी दी। इसके बाद तो मानों मनोज उनके कायल हो गए। उन्होंने ज्यादातर फिल्मों में संतोष आनंद से गाने लिखवाए। खुद एक अच्छे गीतकार और लेखक होने की वजह से वे संतोष आनंद की कला को तवज्जो देते रहे। इसके लिए संतोष आनंद को काफी खुशी भी थी। संतोष जैसे हीरे की पहचान करने के लिए राज कपूर भी जौहरी के रूप में सामने आए। राज कपूर ने भी संतोष आनंद से कई गीत लिखवाए जो बाद में सुपरहिट साबित हुए। इनमें 'प्रेमरोगी' जैसे गाने शामिल हैं। संतोष आनंद ने कई गीत तो लिखे, जो लोगों को पसंद भी आए, लेकिन उन्हें कभी अपने नाम की तरह सुख नहीं मिला। उनकी जिंदगी में न तो संतोष का सुख और ना ही आनंद मिला। उनका निजी जीवन बहुत कष्ट में गुजरा। जवानी में ही एक दुर्घटना के कारण उन्होंने अपने पैर खो दिए थे और विकलांग हो गए थे। उनकी निजी जिंदगी उथल पुथल से भरी रही। उनके दो बच्चे थे। बेटे का नाम संकल्प आनंद और एक बेटी शैलजा आनंद। बहू का नाम नंदनी था। संतोष को शादी के 10 साल बाद बड़ी मन्नतों के बाद बेटे संकल्प का सुख मिला। पढ़ाई पूरी करने के बाद संकल्प गृह मंत्रालय विभाग में कार्यरत थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, संकल्प ने पिता संतोष को बिना बताए नंदनी से शादी कर ली थी, जिससे संतोष को सदमा लगा, लेकिन उससे भी बड़ा सदमा संतोष को तब लगा, जब अक्तूबर 2014 को संतोष को पता चला कि उनके बेटे संकल्प ने अपनी पत्नी नंदनी के साथ खुदकुशी कर ली है। इसके बाद संतोष बुरी तरह टूट गए। इस तरह संतोष आनंद का पूरा जीवन उतार चढ़ाव से ही भरा रहा।

# सोने की तस्करी करते पकड़ी गई पुलिस महानिदेशक की बेटी

दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रान्या राव को सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अभिनेत्री पुलिस महानिदेशक (पुलिस आवास निगम) रामचंद्र राव की बेटी हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने सोमवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर सोने की तस्करी के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया। अभिनेत्री के ऊपर 14.8 किलोग्राम सोना रखने का आरोप था। उन्हें मंगलवार शाम जज के सामने पेश किया गया, जिसके बाद अभिनेत्री को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह आदेश वित्तीय अपराधों के लिए एक स्पेशल कोर्ट के जज ने जारी किया। न्यायिक हिरासत में लिए जाने से पहले अभिनेत्री का बॉरिंग अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, रान्या ने दावा किया कि वह बिजनेस के लिए दुबई जा रही थीं। डीआरआई ने पाया कि वह पिछले 15 दिनों में चार बार दुबई की यात्रा कर चुकी है, जिसके बाद एजेंसी ने उनकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। इस खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारी 3 मार्च को रान्या के आने से दो घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंच गए। वह दुबई से एमिरेट्स



की फ्लाइट से आई थीं और सोमवार शाम करीब 7 बजे उन्हें बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया। अभिनेत्री रान्या राव मशहूर एक्टर सुदीप के साथ फिल्म 'मानिक्या' (2014) में काम कर चुकी हैं।

# कभी वेटर और सिक्योरिटी गार्ड था बाहूबली फेम यह एक्टर



चकाचौंध भरी फिल्मी दुनिया में ऊंचे मकाम पर पहुंचने के लिए कई कलाकारों ने बहुत मेहनत की है। बाहुबली फिल्म में भल्लालदेव के पिता का किरदान निभाने वाले नास्सर उन कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत संघर्ष किया है। उन्होंने अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष के दिनों में वेटर और सिक्योरिटी गॉर्ड तक की नौकरी की। नास्सर ने न सिर्फ साउथ की फिल्मों में अपना नाम कमाया है बल्कि उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी खूब काम किया है। अपने फिल्मी करियर में नास्सर ने 700 से ज्यादा फिल्में की हैं। नायक से ज्यादा खलनायक के लिए मशहूर नास्सर आज अपना 67वां जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत 1985 में आई तेलुगू फिल्म कल्याण अगथिगल से की थी। वह फिल्मों में काम करने के शौकीन थे। फिल्मों में छोटे रोल पाकर भी वह खुश रहते थे। शुरूआत में उन्हें फिल्मों में उतना काम नहीं मिलता था कि उनका खर्च चल सके, इसलिए उन्होंने कभी वेटर तो कभी सिक्योरिटी गार्ड तक की नौकरी की थी। तमाम दिक्कतों के बावजूद फिल्मों से उनका लगाव रहा और वह कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते गए। आज वह एक कामयाब अभिनेता के तौर पर जाने जाते हैं। नास्सर आज एक बड़ा नाम है लेकिन एक वक्त था, जब उन्हें उनकी नाक और गरीबी की वजह से ताने मारे गए। द हिंदू की एक रिपोर्ट के मुताबिक नास्सर ने बताया कि वह मुस्लिम थे और गरीब थे इसलिए उन्हें खूब ताने सुनने को मिले। उन्होंने बताया कि लोगों को लगता था कि उनका सिर बड़ा है और उनकी नाक तोते जैसी है। उन्होंने बताया कि लोग कहते थे कि ये हीरो तो नहीं बल्कि फिल्मों में विलेन बहुत अच्छा बनेगा। एक इंटरव्यू में नास्सर ने यह बात कबूल की है कि उन्हें लगान फिल्म न कर पाने का मलाल है। लगान के फिल्म निर्माताओं ने नास्सर से फिल्म में काम करने के लिए संपर्क किया था। फिल्म में उन्हें अभिनेत्री के पिता का रोल निभाने का मौका मिल रहा था। उन्हें फिल्म में क्रिकेट भी खेलना था लेकिन उन्हें थोड़ा शक था कि वह यह कर पाएंगे या नहीं। लगान की शूटिंग के दौरान नास्सर को लगान टीम के साथ 90 दिनों तक रहना था।

# संदीप वांगा संग क्यों हुए इन सेलिब्रिटीज के मतभेद, जावेद अख्तर तक हैं शामिल

हाल ही में निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि आने वाले पांच सालों में बिना लीड हीरो वाली फिल्म बनाएंगे। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में बात की। ऐसे में उनसे कहा गया कि संदीप के इस फैसले से फीमेल ऑडियंस खुश होगी। लेकिन संदीप का कहना था कि वह लिखकर देते हैं कि तब भी वे लोग खुश नहीं होंगे। दरअसल, संदीप रेड्डी वांगा 'कबीर सिंह' और 'एनिमल' जैसी अपनी फिल्मों में अल्फा मेल, वॉयलेंट हीरो कैरेक्टर दिखाने के कारण आलोचना का शिकार होते हैं। इस वजह से अब तक उनके कई लोगों के साथ विवाद भी हुए। एक टीवी रियालिटी शो में संदीप रेड्डी वांगा गए थे। वहां एक प्रतियोगी ने कहा कि उन्हें संदीप रेड्डी की फिल्म 'एनिमल' इसलिए नहीं पसंद क्योंकि उसमें हीरो, हीरोइन को जूता चाटने के लिए कहता है। साथ ही वह प्रतियोगी यह भी कहती हैं कि आपकी फिल्म के बारे में जावेद अख्तर ने भी कहा है कि ये समाज के लिए खतरनाक है। इस पर संदीप ने उस प्रतियोगी को




कहा था, 'अगर जावेद जी गीतकार, कहानीकार ना होते तो मैं उनकी बातों को सीरियसली लेता।' निर्देशक किरण राव ने भी संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को स्त्री विरोधी बताया था। इस पर संदीप रेड्डी वांगा ने किरण को जवाब दिया। संदीप रेड्डी वांगा कहते हैं, 'जब आपको कुछ नहीं पता है तो चुप रहना चाहिए। कोई किरण से पूछे कि आमिर खान की फिल्म 'दिल' में जिस लड़की के साथ उनका किरदार जबरदस्ती करने की कोशिश करता है, आगे चलकर उसी लड़की से प्यार भी हो जाता है। अब बताइए स्त्री विरोधी कौन सी फिल्म हुई।' निर्देशक किरण राव, आमिर खान की पूर्व पत्नी हैं। अभिनेता आदिल हुसैन ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'कबीर सिंह' में अभिनय किया था। एक इंटरव्यू में आदिल ने कहा था कि उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में काम करके पछतावा है। इस पर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें जवाब दिया था। संदीप ने कहा- 'कई आर्ट फिल्में करने के बाद आपको उतनी पॉपुलैरिटी नहीं मिली, जितनी एक ब्लॉकबस्टर फिल्म करने के अफसोस ने दिलाई। मुझे भी आपको कास्ट करने का अफसोस है। अब मैं एआई से आपका चेहरा बदलकर, आपको शर्म से बचाऊंगा।

हाल ही में आईएएस की कोचिंग देने वाले एक टीचर विकास दिव्यकीर्ति ने भी एक मंच पर कहा कि 'एनिमल' जैसी फिल्में हमारे समाज को 10 साल पीछे ले जाती हैं। इस तरह की फिल्में नहीं बननी चाहिए। आपका हीरो जानवरों की तरह व्यवहार करता है। यह बात सुनकर संदीप रेड्डी वांगा भी चुप नहीं रहे। उन्होंने भी विकास दिव्यकीर्ति की बात का जवाब दिया है। संदीप रेड्डी वांगा ने कहा था, 'लगता है कि वह एक आईएएस ऑफिसर हैं।

# गुरु श्री सम्मान से नवाजे गए प्रो. राजेंद्र

**अवधनामा संवाददाता**



**गाजीपुर।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गाजीपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व डॉ बी आर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा के डीन प्रो डॉ राजेंद्र राजपूत को होम्योपैथी के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान हेतु 'गुरुश्री-2026' सम्मान से नवाजा गया। यह जनपद के लिए गर्व का विषय है।उत्तर प्रदेश से अखिल भारतीय स्तर पर चुने गए एक मात्र शिक्षक हैं। ट्रिपल पी एच डी और एमडी धारक डॉ राजेंद्र राजपूत विगत 25 वर्षों से होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार से जुड़े हैं। सामुदायिक चिकित्सा विषय के आचार्य होने के साथ ही वे कई पुस्तकों के लेखक, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के विषय विशेषज्ञ, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष भी हैं। अखिल भारतीय घर-घर होम्योपैथी अभियान के अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सा जगत के शिक्षकों, वरिष्ठ चिकित्सकों एवं मागंदर्शकों के सम्मान में गुरु श्री अवार्ड कायक्रम का आयोजन अखिल मारतीय चिकित्सक एसोसिएशन एवं रिजॉइस हेल्थ फाउनडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 5 जुलाई को अमेरिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डा. राजपूत ने उन्होंने वर्तमान समय में होम्योपैथी की उपयोगिता और प्रासंगिकता पर अपने दशकों के अनुभव, चिकित्सा यात्रा और प्रेरणादायी विचारों को युवा चिकित्सकों के साथ साझा किया। 'रिज्वायस फाउंडेशन' के ग्लोबल प्रेसिडेंट डॉ नवल वर्मा ने उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी के चिकित्सकों को सेवा, समर्पण, नैतिकता और उत्कृष्ट चिकित्सा की प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## सड़क हादसे में आशा बहू बूची देवी का निधन

**देवरिया।** भलुअनी थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर दो ई-रिक्शों की आमने-सामने टक्कर में एक आशा कार्यकर्ता बूची देवी का निधन हो गया। आशा के निधि से स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सीएमओ कार्यालय परिसर में सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आशा कार्यकर्ता बूची देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर सभी ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है। हादसा मघहरा-करूअना मार्ग पर खुखुंदू थाना क्षेत्र के दोहनी गांव निवासी 32 वर्षीय बूची देवी पत्नी ओमप्रकाश आशा कार्यकर्ता थीं। वह सवारी ई-रिक्शा से जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रहे दूध लदे ई-रिक्शा से उनके वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बूची देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। मेडिकल कालेज में इलाज इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# कोटवा मोड़ पर युवक को मारी गोली

- पेट में लगी गोली से हालत गंभीर, मुख्य आरोपी हिरासत में

**अवधनामा संवाददाता**



**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र में सोमवार की रात कोटवा मोड़ के पास हुई गोलीबारी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बाइक से जा रहे एक युवक को बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट में गोली लगने के बाद उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा, फिर जिला अस्पताल और हालत नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया।

घायल युवक की पहचान रेवती थाना क्षेत्र के झड़कटहा गांव निवासी अंगद सिंह उर्फ विकास (27) पुत्र बृजेश सिंह के रूप में हुई है। घटना सोमवार शाम करीब 7:30 बजे बैरिया थाना क्षेत्र के कोटवा मोड़ (रानीगंज) के पास हुई।

ोली लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बीएचयू वाराणसी भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक गुप्ता और थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी। जिला अस्पताल में तैनात सर्जन डॉ. दानिश ने बताया कि युवक के पेट में गोली लगी है। उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे बीएचयू वाराणसी रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

क्षेत्राधिकारी आलोक गुप्ता ने बताया कि घटना की सूचना सोमवार शाम करीब 7:30 बजे मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इसके अलावा दो अन्य युवकों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। परिजनों से मिली तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, गोलीकांड के पीछे की वजह का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद घटना के कारणों का खुलासा किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# जिला जज को सिविल बार ने दी भावभीनी विदाई

**अवधनामा संवाददाता**



**गाजीपुर।** जिला सत्र एवं व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के स्थानान्तरण होने पर अधिवक्ताओ, न्यायिक अधिकारियो व शासकीय अधिवक्ताओ ने सोमवार को सिविल बार संघ के सभागार में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी। जिसकी जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राजेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश अपने कार्यकाल में जनपद के न्याय व्यवस्था को सुदृद्ध करते हुए बार बेंच की संबंध को बनाये रखा और अपने निपुण कार्यशैली से सभी को आकर्षित करते रहे है। जिनकी जितनी प्रसंशा की जाये वो कम है। विदाई समारोह में धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय को बार के अध्यक्ष श्री सिंह व सचिव विकास ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वही पूर्व अध्यक्ष रामयश ने पंचमुखी हनुमान व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। जिला शासकीय अधिवक्ता कृपाशंकर राय, अजय पाठक, रामकुमार राय, अखिलेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, प्रदीप चर्तुवेदी, सुनील सिंह ने अपने कार्यालय में स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेट कर सम्मानित किया।

न्यायिक अधिकारी विजय कुमार, नूतन द्विवेदी, शिक्ति सिंह आदि सहित वरिष्ठ अधिवक्ता सीताराम राय, रामाश्रय सिंह, दुर्गेश उपाध्याय, सुनील वर्मा, चन्द्रबली राय सहित सैकड़ो अधिवक्ताओ ने माल्यार्पण कर उन्हे भावभीनी विदाई दी।

# वाहन चोर गैंग के नौ लोग दबोचे

- दस बाइक व असलहे बरामद
- भागने के दौरान पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ शातिर आरोपी श्याम, कई जिलों में दर्ज हैं मुकदमें

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार के पर्यवेक्षण में तथा सौरिख थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सौरिख पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े अंतरजनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को पुलिस कार्यालय में पुहिलस अधीक्षक विनोद कुमार ने मामले का खुलासा करते हुये बताया कि पुलिस टीम 06 जुलाई को हरिभानपुर स्टेडियम के पास संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच युवकों को रोककर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार किया कि उनके अन्य साथी जंगल में चोरी की मोटरसाइकिलों को काट रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल दबिश देकर चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 10 चोरी की मोटरसाइकिलें, चार इंजन, विभिन्न मोटरसाइकिलों के कटे हुए पार्ट्स, चार अवैध तमंचे, कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किए। बरामदगी के आधार पर थाना सौरिख में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी श्याम ने चार जुलाई को त्रिपाठी बुक डिपो से मोबाइल चोरी की घटना भी स्वीकार की। मोबाइल की बरामदगी के लिए पुलिस उसे साथ लेकर गई थी, तभी उसने झाड़ियों में छिपाकर रखा तमंचा निकालकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें श्याम के पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में पुलिस मुठभेड़ का अलग मुकदमा भी दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में श्याम, राजा उर्फ अभिजीत वर्मा उर्फ अंकित सोनी, अनुज गुप्ता, गोविंद गुप्ता, जानू गुप्ता, अमन, अंकुर, नागेश्वर तथा शिवपाल शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार अधिकांश आरोपियों के विरुद्ध कन्नौज, औरैया, इटावा, मैनपुरी और हरदोई समेत विभिन्न जनपदों में वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर और अन्य गंभीर धाराओं में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह लंबे समय से विभिन्न जिलों से मोटरसाइकिलें चोरी कर उन्हें काटकर उनके पार्ट्स बेचने का अवैध कारोबार करता था। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सरकारी भूमि पर बनाई जाये उचित दर राशन की दुकान

**अवधनामा संवाददाता**

- चालीस ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन डीएम को सौंपा

**कन्नौज।** विकास खंड तालग्राम की ग्राम पंचायत खाड़ेदेवर के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि प्रस्तावित उचित दर (राशन) की दुकान का निर्माण ग्राम समाज की उपलब्ध सरकारी भूमि पर ही कराया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम समाज की आराजी संख्या 883, जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती (बंजर) सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है, राशन की दुकान निर्माण के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। पूर्व में हुई राजस्व जांच में भी इस भूमि के सरकारी होने की पुष्टि हो चुकी है। इसके बावजूद दुकान का निर्माण गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर दूसरे स्थान पर प्रस्तावित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की सरकारी योजनाओं का निर्माण उपलब्ध सरकारी भूमि पर ही कराया जाना जनहित एवं शासन की मंशा के अनुरूप है।

इसलिए प्रस्तावित निर्माण स्थल की निष्पक्ष जांच कराते हुए नियमों के विपरीत किसी अन्य स्थान पर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उचित दर की दुकान का निर्माण ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि आराजी संख्या 883 अथवा गांव के समीप स्थित किसी अन्य उपयुक्त सरकारी भूखंड पर कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके और सरकारी भूमि का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो। ज्ञापन पर लगभग 40 ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# तालाब की सफाई कर रही जेसीबी पलटी

- दबे युवक की हुई मौत
- तीन घंटे तक चला रेस्क्यू, चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के सहियापुर गांव में तालाब की सफाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। सफाई कार्य में लगी जेसीबी अचानक असंतुलित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक युवक उसकी नीचे दब गया। ग्रामीणों और पुलिस ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम सहियापुर में तालाब की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन से कराया जा रहा था। इसी दौरान अचानक जेसीबी पलट गई और गांव निवासी 23 वर्षीय कुलदीप सिंह मशीन के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद जेसीबी चालक मशीन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही इंदरगढ़ थानाध्यक्ष विनोद कष्यप ने पुलिस बल के मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को जेसीबी के नीचे से बाहर निकाला गया और तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना के बाद शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा फरार जेसीबी चालक की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष विनोद कष्यप का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा हादसे में आशा कार्यकर्ता की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** भलुअनी थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर दो ई-रिक्शों की आमने-सामने टक्कर में एक आशा कार्यकर्ता बूची देवी का निधन हो गया। आशा के निधि से स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सीएमओ कार्यालय परिसर में सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आशा कार्यकर्ता बूची देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर सभी ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया है। हादसा मघहरा-करूअना मार्ग पर खुखुंदू थाना क्षेत्र के दोहनी गांव निवासी 32 वर्षीय बूची देवी पत्नी ओमप्रकाश आशा कार्यकर्ता थीं। वह सवारी ई-रिक्शा से जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रहे दूध लदे ई-रिक्शा से उनके वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बूची देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। मेडिकल कालेज में इलाज इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शोक सभा में डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डिप्टी सीएमओ डॉ आरपी यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ हरेंद्र कुमार, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, डीएमओ सुधाकर मणि सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# 79 साल बाद भी नहीं मिला आशियाना

- भूमिहीन दलितों ने डीएम से लगाई आवासीय पट्टा दिलाने की गुहार

**अवधनामा संवाददाता**



**बलिया।** आजादी के करीब 79 वर्ष बीत जाने के बाद भी अपने आशियाने का सपना पूरा नहीं होने से परेशान सागरपाली गांव के भूमिहीन दलित परिवार मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर ग्राम समाज की भूमि पर आवासीय पट्टा आवंटित कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि भूमिहीन होने के कारण उनका जीवन बेहद कठिन हो गया है और अब स्थायी आवास के लिए प्रशासन से न्याय की उम्मीद है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध रखते हैं और गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे हैं। उनका कहना है कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी उन्हें आवासीय पट्टा नहीं मिल सका है। मजबूरी में वे अपनी पुश्तैनी छोटी-छोटी जमीनों पर किसी तरह गुजर-बसर कर रहे हैं। बढ़ती आबादी के कारण अब उनके सामने रहने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि दलित बस्ती में परिवारों की संख्या लगातार बढ़ी है, लेकिन भूमि का विस्तार नहीं होने से कई परिवारों के पास घर बनाने तक की जगह नहीं बची है। ऐसे में उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की कि ग्रामसभा में उपलब्ध ग्राम समाज (जीएस) की भूमि की पैमाइश कराई जाए। इसके बाद पात्र भूमिहीन दलित परिवारों की सूची तैयार कर नियमानुसार आवासीय पट्टा आवंटित किया जाए, ताकि उन्हें भी सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए स्थायी आवास मिल सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित इस समस्या का समाधान किया जाना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया तो भूमिहीन परिवारों के सामने आवास का संकट और गहरा जाएगा। इस दौरान एडवोकेट स्वतंत्र प्रताप, सुनील कन्नौजिया, दिलीप खरवार, श्याम नारायण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दिव्यागों का सेवा प्रकल्प है सक्षमः पंकज

**गाजीपुर।** सम दृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम काशी प्रान्त की 5 जुलाई स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्थापना दिवस के अवसर पर चीतनाथ घाट स्थित आर्य समाज मंदिर के सभागार में कार्यक्रम में शुभ कलश पर दीप प्रज्जवलन कर भारत माता व अष्टावक्र व सूरदास के चित्र पर जिला संघचालक जयप्रकाश व जिला प्रचारक प्रभात, शंकर पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इसके उदबोधन में प्रभात ने बताया कि सक्षम के माध्यम से दिव्यांग के सर्वागीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सक्षम परिवार पूरे भारत वर्ष में कार्यकर्ता है आज ही के दिन द्वितीय सर सघचालक सदाशिव राव गोलवरकर गुरू जी के परिकल्पना पर भईया जी जोशी ने 20 जून 2008 को इसकी स्थापना नागपुर मे की थी। जो निरंतर समाज में दिव्यांगो के प्रगति एवं विकास के लिए 18 वर्ष का सफर तय करते हुए असंख्य दिव्यागो को लाभान्वित हुए है। विगत कुंभ मेला प्रयागराज मे सक्षम के माध्यम से नेत्र कुम्भ के माध्यम से दृष्टि दिव्यांग को प्रशिक्षित नेत्र विशेषयज्ञो ने नेत्र का उपचार कर नई रोशनी देने का कार्य किया।

# राम मंदिर में चंदा चोरी : कांग्रेस ने निकाली सद्बुद्धि पदयात्रा

**अवधनामा संवाददाता**




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर मथुरा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में चढ़ावे एवं चंदा चोरों से मुक्ति के लिए सद्बुद्धि पदयात्रा का आयोजन किया गया है सद्बुद्धि पदयात्रा भूतेश्वर स्थित श्रीजी बाबा आश्रम हनुमान मंदिर पूजा अर्चना कर शुभारंभ की भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि के गेट पर हनुमान चालीसा पढ़कर समापन किया गया पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि अयोध्या स्थित भगवान श्री राम मंदिर में चढ़वे की चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी खबरों से करोड़ों करोड़ों राम भक्तों की आस्था को आहत किया गया है कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है की आस्था से जुड़ी इस संपूर्ण घटना की माननीय उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से निष्पक्ष जांच कराई जाए ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए और चारों पीठों के परम पूज्य शंकराचार्य एवं श्री राम मंदिर के सम्मानित महंतो को इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाए और देश की जनता चाहे वह गरीब मजदूर किसान व्यापारी एवं संतों और आमजन द्वारा भगवान श्री राम मंदिर में दिए गए चंदा को भाजपा सरकार ने चोरी कर आर एस एस एवं भाजपा के फाइव स्टार होटलो की तरह कार्यालयो में लगाया गया है जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी निष्पक्ष जांच होना बहुत ही आवश्यक है। पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे प्रभु श्री राम मंदिर में चंदे की चोरी किया जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है निश्चित रूप से देश के राम भक्त चोरी करने वालों को कभी माफ नहीं करेंगे। सद्बुद्धि पैदलयात्रा में उपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वश्री लता चौहान पुनीत बघेल अबरार कुरेशी रूपा लवानिया शालू अग्रवाल नीलम कुलश्रेष्ठ गीता दिवाकर अनाम धन्य तिवारी प्रवीण ठाकुर विपुल पाठक हर्ष चौरसिया काशन रिजवी प्रेम शंकर शर्मा आशीष अग्रवाल गौरांग अग्रवाल संदीप चौधरी कुंवर सिंह निषाद करन निषाद रमेश कश्यप जिलानी कादरी अमित राज विनोद दिवाकर मुस्लिम कुरैशी शैलेंद्र चौधरी शाहरुख खान धीरू चौधरी बलबीर सिंह भगवान सिंह राकेश शर्मा रूपेश धनगर पीयूष अग्रवाल भगवान देवी सुशील गौतम दीपक सिंह हाकिम सिंह छोकर कृष्ण वीर शर्मा पूरन सिंह नितिन वार्ष्णेय महेश चौबे अनिल खरे अनुज गुप्ता तपेश गौतम धर्मेंद्र सिंह गौरी शंकर यादव खुशीराम पटेल पंकज चौधरी शाहरुख खान दिलशाद हर्ष कुमार मंजू देवी ललिता देवी लक्ष्य गौड़ चंद्र प्रकाश सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस की सद्बुद्धि पदयात्रा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में 'सद्बुद्धि पदयात्रा' किया गया। पदयात्रा टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, मालवीय रोड, नगर पालिका रोड एवं कोऑपरेटिव चौराहा होते हुए राम-जानकी मंदिर पहुंची, जहां प्रार्थना एवं संकल्प के साथ इसका समापन हुआ। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण ढंग से चंदा चोर गद्दी छोड़, चढ़ावा चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सद्बुद्धि पदयात्रा पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी करोड़ों रामभक्तों की आस्था को गहरी ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम केवल किसी एक दल या संगठन के नहीं, बल्कि समस्त देशवासियों सहित पूरी दुनिया की आस्था और सांस्कृतिक चेतना के केंद्र हैं।

# गेस्ट हाउस संचालकों ने नगर मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर सील गेस्ट हॉउस खोलने माँग की

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** नगर मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्र द्वारा छोटे-छोटे गेस्ट हाउस सील किए जाने से परेशान गेस्ट हाउस संचालकों द्वारा नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा नगर मजिस्ट्रेट से सभी समस्याओं का हल एकल खिड़की प्रणाली से करने व सभी गेस्ट हाउस संचालकों की एक बड़ी बैठक जिसमें फायर विभाग, पर्यटन विभाग, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे रखने का सुझाव रखा जिस पर सहमति देते हुए नगर मजिस्ट्रेट द्वारा व्यापार मंडल से उक्त बैठक बुला सभी गेस्ट हाउस संचालकों व होटल संचालकों को आमंत्रित करने का सुझाव मानते हुए सभी विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही।

बड़ी संख्या में प्रशासनिक कार्यवाही से छोटे-छोटे गेस्ट हाउस संचालक अपना व कर्मचारियों के परिवारों का जीवन यापन करने मैं हो रही परेशानी से परेशान होकर व्यापार मंडल पदाधिकारी से संपर्क किया सक्षम अधिकारियों से हुई वार्ता के बाद पदाधिकारियों व गेस्ट हाउस संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल नगर मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा से मिला व छोटे-छोटे गेस्ट हाउस के संचालन में आ रही व्यावहारिक परेशानियों व विभिन्न विभागों में लगातार चक्कर लगाए जाने के बाद भी विभिन्न परेशानियां दूर न होने का विषय रखा जिस पर व्यापार मंडल पदाधिकारीयों द्वारा सुझाव रखा गया कि एक बड़ी बैठक सभी गेस्ट हाउस व होटल संचालकों के साथ संबंधित विभागों के आला अधिकारीयों की रखी जाए जिसमें बैठकर उनकी जिज्ञासा व समस्याओं का समाधान करें व विभिन्न विभागों से प्राप्त की जाने वाली औपचारिकताओं को पूर्ण करने हेतु एकल खिड़की की व्यवस्था हो जिस पर सहमति जताते हुए नगर मजिस्ट्रेट द्वारा व्यापार मंडल से एक बैठक बुलाने व उसमें सभी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही।

नगर महामंत्री शशिभानु गर्ग ने बताया कि इस संदर्भ में शीघ्र ही एक बड़ी बैठक जिसमें मथुरा नगर के सभी होटल व्यवसायी व छोटे बड़े गेस्ट हाउस संचालको के साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा जिससे हजारों की संख्या में होटल संचालक, गेस्ट हाउस संचालक व उनमें काम करने वाले विभिन्न कर्मचारी परिवारों का जीवन यापन सुचारू हो सके।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री शशि भानु गर्ग, उपाध्यक्ष गुरमुख दास, चौधरी राजवीर सिंह, संयुक्त महामंत्री श्रीभगवान चतुर्वेदी, नगर मंत्री व जन्मभूमि लिंक रोड व्यवसाय समिति के अध्यक्ष विजयवीर सिंह महामंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा, बलवीर सिंह, सुधीर तोमर, देवी सिंह, ओंकार गौतम, किशन चंद शर्मा, पवन शर्मा, भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# फुटबॉल विश्वकप नहीं जीते, फिर भी क्यों महान हैं रोनाल्डो?



**रिकॉर्ड्स खुद देते हैं जवाब**

**डलास।** फीफा विश्व कप 2026 से पुर्तगाल के बाहर होने के साथ ही क्रिस्टियानो रोनाल्डो का विश्व कप सफर समाप्त हो गया। हालांकि वह विश्व कप ट्रॉफी नहीं जीत सके, लेकिन उनके रिकॉर्ड, उपलब्धियां और पुर्तगाल को दिलाए गए ऐतिहासिक खिताब साबित करते हैं कि उनकी महानता किसी एक ट्रॉफी की मोहताज नहीं है।

स्पेन के खिलाफ राउंड ऑफ-16 में मिली हार के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो और पुर्तगाल का फीफा विश्वकप में सफर खत्म हो गया। रोनाल्डो ने स्पेन के खिलाफ मैच से पहले ही बोल दिया था कि यह उनका आखिरी विश्वकप है। हालांकि, वह अभी संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। इसका फैसला वह परिवार के साथ कुछ समय बिताने के बाद करेंगे। करोड़ों फैंस का सपना था कि 41 वर्षीय दिग्गज अपने करियर का समापन विश्वकप ट्रॉफी के साथ करें, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

इसके बाद सोशल मीडिया पर फिर से उनकी और लियोनल मेसी की महानता को लेकर तुलना शुरू हो गई, कोई मेसी को G.O.A.T यानी ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम बता रहा तो कोई रोनाल्डो को। सोशल मीडिया पर फिर वही सवाल उठने लगा कि क्या विश्व कप न जीत पाने से रोनाल्डो की महानता पर कोई असर पड़ेगा? अगर आंकड़ों, रिकॉर्ड्स और फुटबॉल इतिहास को देखा जाए तो जवाब साफ है- नहीं। रोनाल्डो से पहले पुर्तगाल ने कभी कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब नहीं जीता था। उनके नेतृत्व में टीम ने पहली बार यूईएफए यूरो 2016 का खिताब जीता। इसके बाद 2019 और 2025 में यूईएफए नेशंस लीग भी अपने नाम की। खुद रोनाल्डो ने भी विश्व कप से बाहर होने के बाद कहा था, 'मैंने पुर्तगाल के लिए तीन खिताब जीते हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो से पहले पुर्तगाल ने एक भी खिताब नहीं जीता था। 2016 की यूरोपीय चैंपियनशिप मेरे लिए विश्व कप जितनी ही बड़ी उपलब्धि है।' रोनाल्डो ने ये भी कहा कि वह विश्वकप से बाहर होने के बाद आवेश में कोई फैसला नहीं लेंगे। वह परिवार के साथ कुछ समय बिताएंगे, फिर संन्यास का सोचेंगे। यानी वह अभी तो संन्यास लेने नहीं जा रहे हैं। आंकड़ों पर जाएं तो रोनाल्डो के प्रभाव को अलग नजरिए से दिखाती है।

अवधि पुर्तगाल का प्रदर्शन

रोनाल्डो से पहले (75 वर्ष)

0 बड़े खिताब

रोनाल्डो के साथ (22 वर्ष)

3 बड़े खिताब (यूरो 2016, नेशंस लीग 2019, नेशंस लीग 2025)

यह तुलना बताती है कि रोनाल्डो केवल गोल करने वाले खिलाड़ी नहीं थे, बल्कि उन्होंने पुर्तगाल की फुटबॉल संस्कृति को नई पहचान दिलाई।

**फीफा विश्व कप में पुर्तगाल का प्रदर्शन**

पुर्तगाल ने अब तक एक भी फीफा विश्व कप खिताब नहीं जीता है। टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1966 में तीसरा स्थान और 2006 में चौथा स्थान रहा। 2006 में ही रोनाल्डो ने पहली बार फीफा विश्वकप खेला था। वहीं, क्रिस्टियानो रोनाल्डो के युग में टीम 2022 में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची, लेकिन 2026 में राउंड ऑफ-16 में स्पेन से हारकर बाहर हो गई।

**विश्व कप नहीं, लेकिन रिकॉर्ड्स की पूरी दुनिया**

रोनाल्डो का करियर सिर्फ ट्रॉफियों से नहीं, बल्कि ऐसे रिकॉर्ड्स से भरा है जिनमें से कुछ को तोड़ना आसान नहीं होगा।

क्लब और देश के लिए 975 से ज्यादा ऑफिशियल गोल्स।

पुर्तगाल के लिए 232 मैचों में 146 गोल, जो पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का विश्व रिकॉर्ड है।

पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी।

पांच बैलन डी'ऑर पुरस्कार।

पांच यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब। इंग्लैंड, स्पेन और इटली की घरेलू लीग जीतने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल।

विश्व कप के छह अलग-अलग संस्करणों (2006, 2010, 2014, 2018, 2022 और 2026) में गोल करने वाले इतिहास के पहले फुटबॉलर।

यूरो 2020 के गोल्डन बूट विजेता।

**महानता सिर्फ विश्व कप से तय नहीं होती**

फुटबॉल इतिहास में कई ऐसे दिग्गज हुए जिन्होंने विश्व कप नहीं जीता, लेकिन उनकी महानता पर कभी सवाल नहीं उठे।

योहान क्रूयफ

अल्फ्रेडो डी स्टेफानो

जॉर्ज बेस्ट

फेरेन्क पुस्कास

इन खिलाड़ियों को आज भी फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। यही बात रोनाल्डो पर भी लागू होती है। विश्व कप सबसे बड़ा टूर्नामेंट जरूर है, लेकिन किसी खिलाड़ी की विरासत तय करने का इकलौता पैमाना नहीं।

## मैच के बाद क्या बोले रोनाल्डो?

मैच के बाद उन्होंने स्पोर्ट-टीवी से कहा, 'मैं ठीक हूं। इस तरह विश्व कप से बाहर होना दुखद है। लेकिन जैसा कि मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और मैं पूरी तरह संतुष्ट हूं कि मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी। फुटबॉलर की जिंदगी ऐसी ही होती है। कभी हम जीतते हैं, कभी हारते हैं और हमें आगे बढ़ना पड़ता है। यह मेरा आखिरी विश्व कप था। अब मैं अपने परिवार के साथ समय बिताऊंगा ताकि भावनाओं में बहकर कोई फैसला न लूं।' रोनाल्डो ने कहा, 'मैं कल पूरी संतुष्टि के साथ उठूंगा। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। कल एक नया दिन होगा और जिंदगी आगे बढ़ती रहेगी।' 41 वर्षीय रोनाल्डो ने अपना पहला विश्व कप 2006 में जर्मनी में खेला था। उन्होंने उसी टूर्नामेंट में ईरान के खिलाफ अपना पहला विश्व कप गोल किया और पुर्तगाल को 40 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने 2010 (दक्षिण अफ्रीका), 2014 (ब्राजील), 2018 (रूस), 2022 (कतर) और 2026 विश्व कप में भी कम से कम एक-एक गोल किया। 2026 विश्व कप में उन्होंने इतिहास रचते हुए छह अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बनने का रिकॉर्ड बनाया। उज्बेकिस्तान के खिलाफ ग्रुप मैच में किया गया उनका गोल इस ऐतिहासिक उपलब्धि का गवाह बना। अपने विश्व कप करियर में रोनाल्डो ने 27 मैच खेले, जो विश्व कप इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 11 गोल किए।

## 45 साल के हुए 'कैप्टन कूल'

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। क्रिकेट जगत में 'कैप्टन कूल' और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रशंसकों के बीच 'थाला' के नाम से मशहूर धोनी के जन्मदिन पर देश-विदेश से उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है। सोशल मीडिया पर फैंस, पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों के साथ-साथ खेल जगत की कई हस्तियां उन्हें शुभकामनाएं दे रही हैं।

धोनी की आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने भी अपने सबसे सफल कप्तान को खास अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी। फ्रेंचाइजी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'एक ऐसा नायक जो सिर्फ खिलाड़ी नहीं, बल्कि जिंदगी जीने का तरीका बन गया। ऐसी विरासत, जो हर पीढ़ी में जिंदा रहेगी।'

## अफगानिस्तान क्रिकेट को बड़ा झटका! तेज गेंदबाज शापूर जादरान का निधन

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट को मंगलवार को बड़ा झटका लगा, जब टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और देश में क्रिकेट की नींव रखने वाले खिलाड़ियों में शामिल शापूर जादरान का 38 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रहे थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की जानकारी साझा करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया।

शापूर जादरान पिछले जनवरी से भारत के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा देखभाल (आईसीयू) में भर्ती थे। पिछले साल अक्टूबर में अफगानिस्तान में उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उनके भाई घमई जादरान और पूर्व कप्तान असगर अफगान उन्हें इलाज के लिए भारत लेकर आए थे।

जादरान हेमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस (HLH) नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित थे। यह ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) असामान्य रूप से सक्रिय होकर शरीर के ही अंगों पर हमला करने लगती है। परिवार के अनुसार, उनकी हालत एक गंभीर संक्रमण के कारण और बिगड़ गई थी। उनके भाई घमई जादरान ने पहले बताया था, 'यह बेहद गंभीर संक्रमण था। उनके पूरे शरीर में संक्रमण फैल गया था, जिसमें टीबी (तपेदिक) भी शामिल थी। संक्रमण उनके मस्तिष्क तक पहुंच गया था।' कुछ समय के लिए उनकी हालत में सुधार हुआ और उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई थी, लेकिन संक्रमण दोबारा तेजी से फैल गया। इसके बाद उन्हें फिर से आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां 39वें जन्मदिन से एक दिन पहले उन्होंने अंतिम सांस ली।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने बयान में कहा, 'गहरे दुख और शोक के साथ अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान के निधन पर शोक व्यक्त करता है।

## पराग्वे की सीनेटर ने एमबाप्पे पर की नस्लीय टिप्पणी? फ्रांस के स्टार फुटबॉलर ने दिया करारा जवाब

**डलास।** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-16 में फ्रांस से हार के बाद पराग्वे की सीनेटर सेलेस्टे अमारिला ने किलियन एमबाप्पे पर नस्लीय टिप्पणी की। इसके जवाब में एमबाप्पे ने उन्हें 'अपने पद के लायक नहीं' बताते हुए कड़ी आलोचना की। वहीं, फ्रेंच फुटबॉल फेडरेशन ने भी सीनेटर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का फैसला किया है।



फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-16 मुकाबले में पराग्वे पर 1-0 की जीत के बाद फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे नस्लीय टिप्पणी का शिकार हो गए। पराग्वे की सीनेटर सेलेस्टे अमारिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एमबाप्पे के खिलाफ आपत्तिजनक और नस्लीय टिप्पणी की। इसके बाद एमबाप्पे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें 'अपने पद के योग्य नहीं' बताया। मामले ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल जगत में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है।

राउंड ऑफ-16 मुकाबले में एमबाप्पे ने पेनल्टी पर मैच का एकमात्र गोल कर फ्रांस को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया। हार के बाद पराग्वे की सीनेटर सेलेस्टे अमारिला ने सोशल मीडिया पर एमबाप्पे के खिलाफ नस्लीय और अपमानजनक टिप्पणियां कीं। उन्होंने फ्रांस के स्टार खिलाड़ी की राष्ट्रीय पहचान और उनकी पृष्ठभूमि को निशाना बनाते हुए कई विवादित बातें लिखीं। इन टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई।

एमबाप्पे ने सोशल मीडिया पर सीनेटर को जवाब देते हुए लिखा, 'मैडम सेलेस्टे अमारिला, आप एक घृणित महिला हैं और अपने पद के बिल्कुल योग्य नहीं हैं। आप उस पराग्वे का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं, जिसने पूरे टूर्नामेंट में जुनून और सम्मान के साथ खेला।'

एमबाप्पे ने कहा, 'आपकी लापरवाही और खुलेआम किए गए नस्लवाद की वजह से पूरी दुनिया अब पराग्वे की टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन को भूलकर सिर्फ एक अयोग्य महिला को याद कर रही है, जिसने अपने ही देश की सबसे खराब छवि पेश की है।'

एमबाप्पे ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'मैं कभी भी ऐसे लोगों को दुनिया में नफरत और नस्लवाद फैलाने की आजादी नहीं दूंगा।'

## 'वह मेरी जिंदगी से कभी दूर नहीं...', पांचवीं पुण्यतिथी पर सायरा ने किया दिलीप साहब को याद



**मुंबई।** दिग्गज दिवांगत अभिनेता दिलीप कुमार की 5वीं पुण्यतिथी पर उनकी पत्नी और अभिनेत्री सायरा बानो ने दिलीप साहब को याद करते हुए पोस्ट साझा किया। इसके साथ ही अभिनेत्री ने उन्हें अपने जीवन का सबसे खूबसूरत हिस्सा बताया। सायरा बानो और दिलीप कुमार का साथ लगभग 45 साल का रहा। शादी से लेकर दिलीप साहब से अंतिम वक्त तक सायरा उनके साथ रहीं। दिलीप साहब की पुण्यतिथी के दिन सायरा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जिंदगी की सबसे खूबसूरत बात यह है कि यह कभी पूरी तरह से खत्म नहीं होती। यह यादों में बनी रहती है और यादें, समय की तरह नहीं, बल्कि वफादार साथी की तरह होती हैं। वे बिना बुलाए लौट आती हैं, हर मुस्कान, हर नजर, हर शब्द को साथ लेकर, जैसे कुछ भी कभी खोया ही न हो। किसी को याद करना शायद इस बात का सबसे पक्का सबूत है कि उन्हें कभी भुलाया नहीं गया।'

एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में आगे लिखा, 'साहिब के मेरी नजरों से दूर हुए पांच साल बीत चुके हैं, लेकिन वह मेरी जिंदगी से कभी दूर गए ही नहीं। हमारे प्यार मे इतनी गहराई है कि समय भी इसे रोक नहीं सकता। इतनी शालीनता वाला साथ किसी की गैर-मौजूदगी में खत्म नहीं होता। वह वहां रहते हैं जहां मेरी यादें जाती हैं और मेरी यादें हर रोज उन्हीं के पास जाती हैं। मैं उनकी शुक्रगुजार हूं।'

दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार और एक्ट्रेस सायरा बानो की शादी 11 अक्टूबर 1966 में हुई थी। अपनी शादी से लेकर दिलीप जी की अंतिम यात्रा तक सायरा साये की तरह उनके साथ रहीं। सायरा सिर्फ 22 साल की थीं जब उन्होंने 44 साल के मशहूर अभिनेता से शादी की। हालांकि इस जोड़े की कोई संतान नहीं हुई। कई हिट फिल्मों में भी यह जोड़ा साथ नजर आया। फिल्म 'गोपी', 'सगीना', 'बैराग' में इस जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। दिवांगत अभिनेता दिलीप कुमार लंबे समय से सांस संबंधित समस्याओं से जूझ रहे थे। इसी बीमारी के साथ 98 साल की उम्र में उन्होंने 7 जुलाई 2021 को आखिरी सांस ली।

## क्या खूंखार विलेन बनेंगी तब्बू? 28 वर्षों बाद नागार्जुन की किंग 100 में आएंगी नजर

**मुंबई।** तब्बू साउथ की फिल्म में एक खास रोल निभाने जा रही हैं। वह नागार्जुन की फिल्म 'किंग 100' में नजर आएंगी। यह जोड़ी 28 वर्षों के बाद एक बार फिर स्क्रीन शेयर करेगी।

साउथ के अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी की 100वीं फिल्म की जब से घोषणा हुई है, तभी से लोगों में इसे लेकर उत्सुकता है। इसका नाम अभी के लिए 'किंग 100' रखा गया है। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी एक अहम भूमिका में नजर आएंगी।

यह पहले से पता था कि फिल्म में तब्बू नागार्जुन के साथ रोमांटिक रोल में नहीं होंगी, मगर उनके किरदार के बारे में जानकारी गुप्त रखी गई थी। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि तब्बू फिल्म में विलेन (खलनायक) का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी।

वैरायटी इंडिया के मुताबिक तब्बू



'किंग 100' में विलेन का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म के जरिए वह 28 साल बाद नागार्जुन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इसके निर्देशक आर.ए. कार्तिक हैं। तब्बू ने फिल्म 'मकबूल', 'हैदर', 'अंधाधुन' और 'फितूर' जैसी फिल्मों में अलग तरह के किरदार निभाकर तारीफें बटोरी हैं।

**अंतराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान**

तब्बू को आखिरी बार अक्षय कुमार, वामिका गब्बी और परेश रावल के साथ फिल्म 'भूत बंगला' में देखा गया था। उन्होंने हाल ही में एचबीओ की 'ड्यून: प्रोफेसी' में सिस्टर फ्रांसेस्का की अहम भूमिका निभाकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है।

**कब साथ नजर आई थी जोड़ी?**

तब्बू और नागार्जुन आखिरी बार 1998 की तेलुगु फिल्म 'आविडा मा आविडे' में साथ नजर आए थे। उससे पहले 1996 की हिट फिल्म 'निन्ने पेल्लाडाटा' में भी साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में, उनका यह नया सहयोग फैंस के लिए पुरानी यादें ताजा करने वाला पल है।

तब्बू ने अप्रैल में फिल्म की शूटिंग शुरू की थी।

## लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी नेहा धूपिया की फिल्म

**मुंबई।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है। लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे मशहूर फेस्टिवल में इसकी ओपनिंग देखना किसी सपने जैसा लगता है।

## दिलजीत की फिल्म 'सतलुज' के समर्थन में राम गोपाल वर्मा, 'मां इंटी बंगारम' की निर्देशक ने कहा 'जल्दी देखें'

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' जी5 से हटाए जाने के बाद चर्चा में आ गई है। कई लोगों ने इस फिल्म के बैन किए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। इस कड़ी में फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा और साउथ की निर्देशक नंदिनी रेड्डी ने प्रतिक्रिया दी है।

राम गोपाल वर्मा ने 'सतलुज' को लेकर चल रहे विवाद पर अपनी राय दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा 'अभी 'सतलुज' देखी और यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक गहरा जख्म है, जो कभी नहीं भरेगा। यह हमारे इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक की कड़वी सच्चाई को सामने लाती है।'

उन्होंने आगे कहा 'फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने बिना किसी दिखावटी हीरोपंती के, शांत गुस्से के साथ अभिनय किया है। अर्जुन रामपाल ने सिस्टम की मिलीभगत में नैतिक पतन की परतों को दिखाया है, जो बहुत ही डरावना और असली लगता है।'

**निर्देशक की तारीफ**

> **गहरा जख्म**
>
> **राम गोपाल वर्मा ने एक्स पर लिखा 'अभी 'सतलुज' देखी और यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक गहरा जख्म है, जो कभी नहीं भरेगा।**

उन्होंने आगे लिखा 'डायरेक्टर हनी त्रेहान ने इस भयानक घटना को सनसनीखेज बनाने के बजाय, इसे सरकारी फाइलों, अंतिम संस्कार के रिकॉर्ड और दबी-छुपी बातचीत के जरिए एक धीमी गति वाली इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर की तरह पेश किया है।'

**राम गोपाल वर्मा की अपील**

फिल्म को लेकर राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा 'यह बेहद साहसी और जरूरी फिल्म है। 'सतलुज'



एक ऐसी फिल्म है जिसे देखा जाना चाहिए, दिखाया जाना चाहिए, जिस पर चर्चा और बहस होनी चाहिए, न कि फिल्म के पीड़ितों की तरह इसका 'एनकाउंटर' किया जाना चाहिए। मेरी सभी ताकतवर लोगों से अपील है कि कृपया 'सतलुज' के साथ वैसा न करें जैसा 'जसवंत सिंह कालरा' के साथ किया गया था'

साउथ की निर्देशक नंदिनी रेड्डी ने फिल्म 'सतलुज' को लेकर लिखा 'इसे जल्द से जल्द देखें। यह निस्संदेह आधुनिक समय की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। दिलजीत दोसांझ और पूरी कास्ट की परफॉर्मेंस आपको हैरान कर देगी। सविंदर पाल विक्की का खास जिक्र करना होगा। वह कमाल के हैं। दोस्तों, इसे जल्द से जल्द देख लें, इससे पहले कि इस पर बैन लग जाए।'

**क्यूं बीच में छोड़ दी फिल्म?**

रेड्डी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वीडियो को रीपोस्ट करते हुए लिखा कि फिल्म में दिखाए गए ट्रॉमा की वजह से उन्होंने फिल्म देखना बीच में ही रोक दिया था। उन्होंने कहा 'मैंने यह शानदार फिल्म देखनी शुरू की लेकिन आखिरी 30 मिनट से पहले ही रुक गई, ताकि थोड़ा ब्रेक ले सकूं और इसे अगले दिन देखूं। फिल्म में दिखाए गए ट्रॉमा ने मुझे बहुत गहराई से प्रभावित किया था। काश मैंने इसे पूरा देख लिया होता।'।

**फिल्म की स्टारकास्ट**

'सतलुज' फिल्म जसवंत सिंह खालरा की जिंदगी पर आधारित है। 1984 से 1994 के बीच राज्य में 25,000 लोगों के अंतिम संस्कार की जांच के लिए संघर्ष किया था। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने खालरा का किरदार निभाया है। इस फिल्म में अर्जुन रामपाल, कंवलजीत सिंह, सुविंदर विक्की और गीतिका विद्या ओहल्यान भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## जारी हुआ 'ओह माय डॉग' का टीजर, इंसानों और कुत्तों के बीच रिश्ते की मिली खास झलक

**मुंबई।** अमित राय की अपकमिंग फिल्म 'ओह माय डॉग' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें इंसानों और कुत्तों के बीच के खास रिश्ते की एक झलक मिली है।

अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है।

**टीजर में क्या है?**

टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



**ये स्टार आएंगे नजर**

फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे। इस फिल्म में 250 से ज्यादा कुत्ते हैं। यह फिल्म एक छोटे बच्चे और कुत्ते के बीच के खूबसूरत रिश्ते की दिल को छू लेने वाली कहानी बताती है।

**फिल्म की खास बात**

'ओह माय डॉग' की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह प्यार, दोस्ती, दया और करुणा जैसे विषयों को दिखाते हुए 250 से ज्यादा कुत्तों को शामिल करती है। यह फिल्म इंसानों और जानवरों, खासकर कुत्तों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देती है।

**कौन है निर्माता?**

फिल्म को अमित राय, राजेश भारद्वाज और सना वारसी ने प्रोड्यूस किया है। यह बाबूलाल बिस्कोप और थिंकिंग हैट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है।

# वायनाड भूस्खलन का भयावह वीडियो आया सामने

**सुरक्षित**

**घटनास्थल से मिली रिपोर्टों के अनुसार, अब तक तीन लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है।**



**तिरुवनंतपुरम/वायनाड।** केरल के वायनाड में भारी बारिश के बाद सुरंग निर्माण स्थल के पास भूस्खलन हुआ। तीन लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। वहीं, कई श्रमिकों और पर्यटकों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। मुख्यमंत्री ने राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने मंगलवार को वायनाड में हुए भूस्खलन की घटना को लेकर आपातकालीन बैठक की। इस बैठक में राज्य के कृषि मंत्री टी. सिद्दीकी भी शामिल हुए, जो वायनाड से ही हैं। बैठक में अनाक्कम्पॉयिल-कल्लाडी सुरंग सड़क परियोजना के वायनाड छोर पर हुए भूस्खलन की स्थिति और राहत-बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही इस भूस्खलन का भयावह वीडियो भी सामने आया है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जाएं। उन्होंने राजस्व मंत्री ए.पी. अनिल कुमार और कृषि मंत्री टी. सिद्दीकी को तुरंत वायनाड पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए कहा।

यह घटना मीनाक्षी पुल के पास कलाड़ी में हुई, जो सुरंग निर्माण स्थल के नजदीक है। निर्माण स्थल पर खोदी गई मिट्टी का बड़ा ढेर भूस्खलन के दौरान ढह गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। पिछले 24 घंटों में लगातार हुई भारी बारिश के बाद ढीली मिट्टी धंस गई और नीचे गिर गई, जिससे कार्यस्थल के कुछ हिस्से दब गए।

घटनास्थल से मिली रिपोर्टों के अनुसार, अब तक तीन लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। हालांकि, अधिकारियों को संदेह है कि बचाव दल द्वारा खोज जारी रखने के दौरान अभी और अधिक श्रमिक और पर्यटक फंसे हो सकते हैं। यह इलाका पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। भूस्खलन के समय कई निजी वाहन भी वहां आसपास खड़े हुए थे। निर्माण श्रमिकों को परियोजना स्थल तक ले जाने वाली एक बस भी वहां खड़ी थी। आशंका है कि वह भी मलबे में दब गई है।

दमकल और बचाव सेवा कर्मियों, पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया है। बचाव कार्य में मदद के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक टीम को भी घटनास्थल पर भेजा गया है। यह घटना मेप्पडी में पिछले 24 घंटों में असाधारण रूप से अधिक 226 मिमी बारिश दर्ज होने के बाद हुई है।

केरल के वायनाड जिले में मंगलवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रेड अलर्ट जारी किया गया, जहां दिन के दौरान मनंथावडी और वायथिरी क्षेत्रों में बहुत भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा पड़ोसी कोझिकोड जिले में भी रेड अलर्ट जारी किया गया, जबकि राज्य के मलप्पुरम, कन्नूर और कासरगोड जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं, मनंथावडी क्षेत्र में 64 मिमी और वायथिरी में दिन के दौरान 123 मिमी बारिश दर्ज की गई।

वहीं, मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशान ने भूस्खलन में एक मौत की पुष्टि की है, जबकि सात लोग अस्पतालों में भर्ती हैं।

## महिला नेता ने केसी वेणुगोपाल पर लगाए अपमान करने के आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की कलह खुलकर सामने आ गई है। पार्टी की एक वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं और आरोप लगाया कि वेणुगोपाल ने उनका अपमान किया। कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी सवाल किए हैं। कांग्रेस पार्टी कई राज्यों में लंबे समय से सत्ता से बाहर है और अब इसका असर पार्टी के संगठन पर भी पड़ने लगा है और पार्टी के भीतर फूट की खबरें आम हो गई हैं। अब गोवा कांग्रेस में भी मतभेद उभरे हैं और पार्टी की नेता शमीला सिद्दीकी ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल पर गंभीर आरोप लगा दिए हैं। शमीला सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि एक बैठक के दौरान केसी वेणुगोपाल ने उनका अपमान किया। सिद्दीकी ने केसी वेणुगोपाल से हुई पूरी बातचीत सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर दी है।

# एक मछुआरा बचा, छह अब भी लापता; नौसेना और कोस्ट गार्ड का सर्च ऑपरेशन जारी



**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम के समुद्र में सात मछुआरों की नाव हादसे का शिकार हो गई। भारतीय नौसेना ने एक मछुआरे को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन छह अन्य अब भी लापता हैं। नौसेना और कोस्ट गार्ड लगातार तीसरे दिन खोज अभियान चला रहे हैं। आखिर समुद्र में यह हादसा कैसे हुआ? खराब मौसम के बीच बचाव अभियान कितना मुश्किल है और सरकार क्या कदम उठा रही है? आइए,आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तट के पास समुद्र में बड़ा बचाव अभियान जारी है। भारतीय नौसेना ने समुद्र में फंसे एक मछुआरे को हेलीकॉप्टर के जरिए सुरक्षित बचाकर तट तक पहुंचा दिया है, लेकिन उसके साथ गए छह अन्य मछुआरे अब भी लापता हैं। भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) लगातार तीसरे दिन उनकी तलाश में जुटे हैं। खराब मौसम, तेज हवाओं और ऊंची लहरों के बावजूद समुद्र में बड़े स्तर पर खोज अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान दिखाता है कि संकट की घड़ी में भारतीय नौसेना और कोस्ट गार्ड मानव जीवन बचाने के लिए किस तरह लगातार काम करते हैं।

यह हादसा उस समय हुआ जब विशाखापत्तनम और विजयनगरम जिले के सात मछुआरे 1 जुलाई को मछली पकड़ने के लिए विशाखापत्तनम फिशिंग हार्बर से समुद्र में निकले थे। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से समुद्र का मौसम अचानक खराब हो गया। परिवारों ने उन्हें मोबाइल फोन पर वापस लौटने के लिए कहा था। मछुआरों ने 4 जुलाई की दोपहर तक लौटने की बात कही थी, लेकिन इसके बाद उनका संपर्क टूट गया और मोबाइल फोन भी बंद हो गए। इसके बाद परिजनों ने कोस्ट गार्ड और मरीन पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बड़े स्तर पर खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया।

भारतीय नौसेना और कोस्ट गार्ड लगातार तीसरे दिन भी छह लापता मछुआरों की तलाश कर रहे हैं। कोस्ट गार्ड के दो जहाज और दो हेलीकॉप्टर समुद्र में खोज अभियान चला रहे हैं। बचाए गए मछुआरे से मिली जानकारी के आधार पर गंगावरम के आसपास के समुद्री क्षेत्र में तलाश तेज कर दी गई है। हालांकि तेज हवाएं और समुद्र की ऊंची लहरें अभियान में बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। इसके बावजूद राहत दल लगातार समुद्र में खोज कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी अभियान की लगातार निगरानी कर रहे हैं और अधिकारियों को खोज का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# भारत के 'सेतु पुरुष' ने 76 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



**नई दिल्ली।** पद्मश्री से सम्मानित और 'भारत के सेतु पुरुष' के नाम से मशहूर गिरीश भारद्वाज का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने देशभर में 150 से अधिक कम लागत वाले हैंगिंग फुटब्रिज बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बढ़ाई। मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने उनके निधन पर शोक जताया।

पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित गिरीश भारद्वाज का मंगलवार को कर्नाटक के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उन्होंने 'भारत के सेतु पुरुष' के नाम से जाना जाता था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने दुख व्यक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ऑफिस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए गए पोस्ट में लिखा गया, 'पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और 'सस्पेंशन ब्रिजों के प्रमुख' के तौर पर मशहूर डॉ. गिरीश भारद्वाज के निधन की दुखद खबर से गहरा दुख हुआ है। उनके जाने से राज्य ने तकनीकी क्षेत्र में एक असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्ति को खो दिया है।' गिरीश भारद्वाज ने कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के गांवों में 150 से अधिक पर्यावरण-अनुकूल, कम लागत वाले हैंगिंग फुटब्रिज डिजाइन और निर्मित किए। 1970 के दशक में मांड्या के पीईएस कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। इसके बाद वे एक निजी कारखाने में काम करने का सपना देखते थे। हालांकि, उनके पिता, जो एक कृषक थे। उन्होंने उन्हें गांवों की समस्याओं का समाधान खोजने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होंने रैशनल इंजीनियरिंग वर्क्स की स्थापना की, जो सामान्य फैब्रिकेशन कार्य और कृषि मशीनरी का निर्माण करती थी। इसके बाद में सुलिया में अयस्शिल्पा इंडस्ट्रीज की स्थापना की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कन्नड़ जिले के सुलिया तालुक के एक दूरस्थ गांव अरम्बुरु के निवासियों ने अपनी कठिनाइयों को दूर करने के लिए भारद्वाज से पैदल पुल बनाने का अनुरोध किया।

शुरुआत में, उन्होंने ग्रामीणों के इस भोले विश्वास पर हंसा कि सभी इंजीनियर पुल बना सकते हैं। हालांकि, उनकी दुर्दशा को देखने के बाद, उन्होंने चुनौती स्वीकार करने का फैसला किया।अन्य क्षेत्रों के इंजीनियर मित्रों की मदद से और पुल निर्माण पर पुस्तकों का अध्ययन करके उन्होंने कम लागत वाले लटकते पुल का डिजाइन तैयार किया। यह एक सामूहिक निधि से वित्तपोषित परियोजना थी, जिसमें कुछ ग्रामीणों ने श्रमदान भी किया।

# बारुईपुर हत्याकांड में नया खुलासाः क्या सबूत मिटाने के लिए बच्ची को तालाब में फेंका




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बारुईपुर में 11 साल की बच्ची की कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच आगे बढ़ने के साथ नए खुलासे सामने आ रहे हैं। पुलिस का शक है कि वारदात एक झोपड़ी में हुई और बाद में बच्ची को तालाब में फेंक दिया गया। आखिर घटना की पूरी सच्चाई क्या है? पुलिस किन कड़ियों को जोड़कर मामले को आगे बढ़ाना चाह रही है... पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में 11 साल की बच्ची की कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच तेज हो गई है। पुलिस को शक है कि घटना एक झोपड़ी में हुई, जहां एक आरोपी बच्ची को लेकर पहुंचा था और वहां पहले से दो अन्य आरोपी मौजूद थे। इसके बाद बच्ची के साथ कथित अपराध किया गया। पुलिस अब झोपड़ी को संभावित घटनास्थल मानकर जांच कर रही है। मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है और फोरेंसिक व विसरा रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जांच अधिकारियों के अनुसार, अब तक मिले सबूतों, गवाहों के बयानों और वैज्ञानिक जांच के आधार पर घटना की पूरी कड़ी जोड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात किस क्रम में हुई और तीनों आरोपियों की भूमिका क्या थी। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने कथित तौर पर घटना से पहले नशीले पदार्थ का सेवन किया था। हालांकि पुलिस ने कहा है कि सभी तथ्यों की पुष्टि फोरेंसिक जांच और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही की जाएगी।झ्झ पुलिस का संदेह है कि एक आरोपी बच्ची को एक झोपड़ी में लेकर गया था, जहां दो अन्य आरोपी पहले से मौजूद थे। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि कथित अपराध उसी झोपड़ी के अंदर हुआ या नहीं। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर चोट के निशान मिलने की बात सामने आई है। जांच अधिकारी अब यह भी पता लगा रहे हैं कि ये चोटें कैसे लगीं और इनका घटना से क्या संबंध है। अंतिम निष्कर्ष फोरेंसिक और विसरा रिपोर्ट मिलने के बाद ही सामने आएगा। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने शनिवार देर रात बच्ची के शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पहले उसे एक प्लास्टिक की बोरी में डालकर ले जाया गया। रास्ते में बोरी फट जाने के बाद कथित तौर पर बच्ची को पास के तालाब में फेंक दिया गया। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटे-मॉर्टम डूबने के संकेत मिले हैं। इसका मतलब है कि पानी में फेंके जाने के समय बच्ची जीवित थी। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अंतिम निष्कर्ष फोरेंसिक और विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही निकाला जाएगा। जांचकर्ता यह भी मान रहे हैं कि चोटों के कारण बच्ची बेहोश हो गई होगी और उसी हालत में उसे पानी में फेंका गया।एक दिन से लापता बच्ची का शव रविवार को सूरज्यापुर हाट इलाके में बोरी के अंदर मिला था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बारुईपुर-जयनगर रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और कुछ पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ भी की। लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इसी दौरान बच्ची की हत्या में संलिप्त होने के शक में एक व्यक्ति की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी।

## महाराष्ट्र के रत्नागिरी में भारी बारिश से भूस्खलन, पांच मकान मलबे में दबे

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्से अभी भी बारिश के लिए तरस रहे हैं, जबकि कई हिस्से ऐसे हैं, जहां भारी बारिश हो रही है। महाराष्ट्र का मुंबई शहर इन दिनों बारिश का कहर झेल रहा है। आज गुजरात में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बड़ा भूस्खलन हो गया। पुलिस के अनुसार, इस हादसे में पांच मकान मलबे में दब गए और कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। यह घटना सोमवार रात खेड़ तहसील के दहिवली इलाके में हुई। हादसे के बाद 75 वर्षीय कल्पना शेलार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि शांताराम शेलार और सतीश शेलार समेत अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

# अमेरिका की मदद से क्या अब लीबिया में सुलह करा रहा पाकिस्तान



**अमेरिका।** अमेरिका की चापलूसी कर पाकिस्तान अपनी कूटनीतिक पहुंच को मजबूत करने में जुटा है। ईरान युद्ध में मध्यस्थता के बाद अब पाकिस्तान के लीबिया गृहयुद्ध में भी मध्यस्थता की कोशिश करने की रिपोर्ट है। आखिर इससे भारत को क्या नुकसान है और ये कैसे पाकिस्तान को फायदा पहुंचा सकता है? अमेरिका की सरपरस्ती में पाकिस्तान लगातार अपनी कूटनीतिक प्रोफाइल को मजबूत करने में जुटा है। पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कराकर पाकिस्तान पहले ही दुनिया की नजरों में आ गया है और अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान लंबे समय से हिंसाग्रस्त लीबिया में भी विद्रोही गुटों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। खास बात ये है कि यहां भी पाकिस्तान को अमेरिका का समर्थन मिला हुआ है।

रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुपचाप लीबिया के प्रतिद्वंद्वी पूर्वी और पश्चिमी सत्ता केंद्रों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। मामले से जुड़े दो पाकिस्तानी सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। अगर पाकिस्तान की यह पहल सफल होती है तो वैश्विक कूटनीति में पाकिस्तान की भूमिका और प्रभाव को नई मजबूती मिल सकती है। पिछले कई महीनों से अमेरिका के नेतृत्व में लीबिया संकट का कूटनीतिक समाधान तलाशने की कोशिशें जारी हैं। साल 2011 में नाटो समर्थित ऑपरेशन के दौरान तत्कालीन शासक मुअम्मर गद्दाफी के सत्ता से बेदखल होने के बाद से लीबिया में गृहयुद्ध छिड़ा हुआ है और देश पूर्वी और पश्चिमी प्रशासन में बंटा हुआ है।

इस साल पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसकी सार्वजनिक तौर पर ट्रंप प्रशासन ने भी तारीफ की थी।

## 26 साल की सबसे बड़ी कटौती, सऊदी अरब ने सस्ता किया कच्चा तेल

**रियाद।** सऊदी अरब ने अगस्त के लिए कच्चे तेल की कीमत में 26 साल की सबसे बड़ी कटौती कर दी है। इससे वैश्विक तेल बाजार में हलचल तेज हो गई है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए यह राहत की खबर मानी जा रही है। लेकिन आखिर सऊदी अरब ने इतना बड़ा फैसला क्यों लिया? क्या इससे पेट्रोल-डीजल सस्ता होगा और महंगाई पर कितना असर पड़ेगा दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में शामिल सऊदी अरब ने कच्चे तेल की कीमत में 26 वर्षों की सबसे बड़ी कटौती कर वैश्विक ऊर्जा बाजार को चौंका दिया है। अगस्त के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत में 11 डॉलर प्रति बैरल की कमी की गई है।

# फुटबॉल को लेकर हुए झगड़े में 10वीं के छात्र की हत्या



**पश्चिम बंगाल।** बंगाल का बारुईपुर इलाका पहले ही एक नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर तनावपूर्ण है। अब वहां पर फुटबॉल के झगड़े में एक किशोर की मौत से हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं।

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक किशोर की हत्या से तनाव बढ़ गया है। दरअसल फुटबॉल मैच से जुड़े एक पुराने झगड़े के चलते 10वीं कक्षा के 17 वर्षीय छात्र की कथित तौर पर पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के दोस्त ने जब उसे बचाने की कोशिश की तो उसे भी पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान प्रोसेनजीत बिस्वास के तौर पर हुई है, जो बारुईपुर के फुलतला इलाके का रहने वाला था। परिवारवालों के मुताबिक, कुछ दिन पहले फुलतला के एक मैदान में फुटबॉल मैच को लेकर स्थानीय युवकों के एक ग्रुप के साथ उसकी तीखी बहस हुई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी तभी से बदला लेने की योजना बना रहे थे। शुरुआती जांच के मुताबिक, तीनों आरोपियों ने कथित तौर पर सोमवार को प्रोसेनजीत और उसके एक दोस्त को पालपारा इलाके में बुलाया। बताया जा रहा है कि दोनों ग्रुप के बीच बहस हुई, जिसके बाद आरोपियों ने दोनों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमले के दौरान प्रोसेनजीत के सीने में गंभीर चोट आई। उसके दोस्त ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उस पर भी हमला किया गया और वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हालात की गंभीरता को समझते हुए आरोपी कथित तौर पर घायल किशोरों को बारुईपुर सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने बताया कि इलाज के दौरान प्रोसेनजीत की मौत हो गई। उसके घायल दोस्त का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

किशोर की मौत की खबर से परिवारवालों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया और वे अस्पताल परिसर में जमा हो गए। तनाव तब और बढ़ गया जब आरोपी कथित तौर पर अस्पताल में बने पुलिस सहायता केंद्र में छिप गए। गुस्साई भीड़ पुलिस से उन्हें सौंपने की मांग करने लगी। पुलिस ने किसी तरह से आरोपियों को सुरक्षित जगह पहुंचाया और किसी भी अप्रिय घटना को रोक दिया। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बारुईपुर पुलिस जिले के सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी अभिषेक रंजन ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह हमला फुटबॉल मैच को लेकर हुए पुराने विवाद का नतीजा था। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की जांच चल रही है। इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब बारुईपुर पहले से ही एक नाबालिग लड़की के साथ कथित यौन उत्पीड़न और गैंगरेप की घटना को लेकर चर्चा में है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान तट के पास टैंकर पर हमला

**दुबई।** ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में एक टैंकर पर हमला हुआ है। हमले के बाद टैंकर में आग लग गई। ब्रिटिश सेना ने इसकी जानकारी दी। हमले के पीछे ईरान पर शक जताया जा रहा है। ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार सुबह एक टैंकर पर हमला हुआ। ब्रिटिश सेना ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तड़के ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स सेंटर (चरम्झ्ह) ने बताया कि टैंकर को जलडमरूमध्य में ओमान के लिमाह के पास निशाना बनाया गया।वहीं, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने दावा किया है कि जहाज ने पहले जारी की गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति की सुरक्षा में बड़ी चूक, होटल के बाहर हुए बम धमाके



**दमिश्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति के सीरिया दौरे के बीच राजधानी दमिश्क में हुए धमाके। फ्रांसीसी राष्ट्रपति जिस होटल में ठहरे हैं, उसके बाहर ही हुए धमाके। इसे लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान जारी किया है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सीरिया के ऐतिहासिक दौरे पर हैं। उनके दौरे के बीच ही सीरिया की राजधानी दमिश्क में जोरदार धमाके हुए हैं। सीरियाई सरकारी मीडिया के अनुसार, इस घटना में कम से कम चार लोग घायल हुए हैं। अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि इन धमाकों के पीछे कौन है? फ्रांसीसी राष्ट्रपति के दौरे के बीच दमिश्क में बम धमाकों से उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि मैक्रों के कार्यालय ने साफ कर दिया है कि मैक्रों सुरक्षित हैं और वे अपना सीरिया दौरा जारी रखेंगे।

सीरिया की राजधानी दमिश्क में मंगलवार को दो जोरदार धमाकों से हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई, जब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से एक अहम मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे हुए थे। राष्ट्रपति भवन में बैठक के दौरान दमिश्क में फोर सीजन्स होटल के पास धमाके हुए। धमाकों के बाद भी दोनों नेताओं की बैठक जारी रही।

सीरियाई मीडिया के मुताबिक, राष्ट्रपति मैक्रों दमिश्क प्रवास के दौरान फोर सीजन्स होटल में ही ठहरे हुए हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय ने पुष्टि की कि मैक्रों पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनका सीरिया दौरा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि दमिश्क के मध्य क्षेत्र में हुए दोनों धमाके विस्फोटक उपकरणों से किए गए। धमाके के बाद घटनास्थल से धुएं का बड़ा गुबार उठता देखा गया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक वाहन आग की लपटों में घिरा दिखाई दे रहा है, जबकि सड़क पर खून के धब्बे भी नजर आ रहे हैं। किसी भी संगठन ने अब तक धमाकों की जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी दमिश्क के जस्टिस पैलेस के पास स्थित एक कैफे में विस्फोट हुआ था। उस हमले में 10 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 20 अन्य घायल हो गए थे।

मैक्रों के सीरिया दौरे की अहमयित इसी बात से लगाई जा सकती है कि सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के सत्ता में आने के बाद किसी बड़े यूरोपीय देश के मुखिया का यह पहला सीरिया दौरा हुआ है। उनका यह दौरा तुर्किए की राजधानी अंकारा में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हो रहा है। मैक्रों ने यूरोप और अमेरिका से सीरिया पर लगे अधिकांश प्रतिबंध हटाने की पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह सोमवार रात एक आर्थिक प्रतिनिधिमंडल के साथ दमिश्क पहुंचे थे। दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों (रूश्व) पर हस्ताक्षर होने हैं, ताकि 14 वर्षों के युद्ध से तबाह हो चुके सीरिया के पुनर्निर्माण के लिए विदेशी निवेश आकर्षित किया जा सके।

सीरिया के सरकारी टेलीविजन ने सुरक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि राजधानी के बीचों-बीच हुए दोनों धमाके विस्फोटक उपकरणों के कारण हुए। इनमें से एक विस्फोटक कूड़ेदान में और दूसरा सड़क किनारे खड़ी एक कार में रखा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, धमाकों में कई पुलिसकर्मियों समेत चार लोग घायल हुए हैं। फिलहाल किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां घटनास्थल पर जांच में जुटी हैं। यह स्थान दमिश्क के व्यस्त इलाकों में से एक है और पर्यटन मंत्रालय के मुख्यालय तथा दमिश्क राष्ट्रीय संग्रहालय के करीब स्थित है।

# स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के पास से गुजरा भारत का INS सुदर्शिनी



**नई दिल्ली।** अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शिनी ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। न्यूयॉर्क में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के पास से गुजरते हुए जहाज ने तिरंगा फहराया। भारतीय नौसेना ने इसे भारत-अमेरिका समुद्री सहयोग, मित्रता और कूटनीतिक साझेदारी का प्रतीक बताया।

अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में भारतीय नौसेना के नौकायन प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शिनी ने हिस्सा लिया। इस दौरान जहाज न्यूयॉर्क में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के पास से गुजरा। इस नजारे की तस्वीर साझा करते हुए भारत में अमेरिकी दूतावास ने कहा 'न्यूयॉर्क शहर में एक शानदार नजारा।' भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक्स लिखा,'न्यूयॉर्क शहर में एक शानदार नजारा। भारतीय नौसेना का आईएनएस सुदर्शनी 4 जुलाई को स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के पास से गुजरा, जो अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा था। #Sail250'

भारतीय नौसेना का नौकायन प्रशिक्षण पोत 4 जुलाई को न्यूयॉर्क बंदरगाह में प्रवेश कर गया। यह अमेरिकी स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नौसेना समीक्षा 250 और सेल 4th 250 समारोहों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य देशों के नौसैनिक जहाजों में शामिल हो गया।

हडसन नदी के किनारे आयोजित परेड ऑफ सेल के दौरान प्रतिष्ठित स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के पास से गुजरते हुए, तीन मस्तूलों वाले जहाज ने गर्व से भारतीय तिरंगा फहराया, जो तट के किनारे एकत्रित हजारों दर्शकों के सामने भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और सदियों पुरानी समुद्री परंपराओं का प्रदर्शन था।

भारतीय नौसेना ने कहा कि इस जहाज की भागीदारी भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच अटूट मित्रता, आपसी सम्मान और विस्तारित समुद्री साझेदारी को दर्शाती है। नौसेना ने आगे कहा कि यह यात्रा नौसैनिक सहयोग को मजबूत करने और समुद्री कूटनीति के माध्यम से साझेदार देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

आईएनएस सुदर्शनी की न्यूयॉर्क यात्रा उसके 10 महीने के ट्रांसोसेनिक अभियान, लोकायन 2026 का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना, अंतरराष्ट्रीय सद्भावना को बढ़ावा देना और दुनिया भर की मित्र नौसेनाओं के साथ संबंधों को गहरा करना है।

न्यूयॉर्क पहुंचने से पहले, इस पोत ने 19 से 23 जून तक नॉरफॉक, वर्जीनिया में आयोजित सेल 250 कार्यक्रमों में भाग लिया।

# रोहित यादव ने बढ़ाया जौनपुर और प्रदेश का मान : जगदीश

अवधनामा संवाददाता

- अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के घर के पास खड़ंजा रोड भी नहीं, प्रशासन से की बात
- पिता ने जैवलिन खरीदने के लिए मित्र से लिया था कर्ज



**जौनपुर।** मछलीशहर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अदारी निवासी एवं विश्व के नंबर-2 जैवलिन थ्रोअर बने रोहित यादव की ऐतिहासिक उपलब्धि पर मछलीशहर के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता जगदीश सोनकर ने उनके आवास पहुंचकर माता-पिता से मुलाकात की और परिवार को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की ओर से रोहित यादव के पिता सभाजीत यादव को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। घर पहुंचने पर उन्हें जानकारी मिली कि इस तरह सैकड़ो गोल्ड मेडल और पुरस्कार रोहित यादव को मिले हैं। जिसे उनके पिता ने एक टेबल पर सजा के रखा था। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के घर जाने के लिए खड़ंजा की भी रोड नहीं थी इस पर पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर ने जिला प्रशासन से बात की। प्रदेश के पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर ने कहा कि रोहित यादव की यह सफलता केवल मछलीशहर विधानसभा या जौनपुर जनपद की ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर रोहित ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत का कार्य किया है। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में खेलों के प्रति नया उत्साह और आत्मविश्वास पैदा होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव उन प्रतिभाओं के साथ खड़ी रहती है जो अपनी मेहनत और लगन से देश का गौरव बढ़ाते हैं। ऐसे खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग और प्रोत्साहन दिलाने के लिए पार्टी तथा हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है।

पूर्व विधायक ने कहा कि मछलीशहर विधानसभा की जनता ने उन्हें वर्षों तक सेवा का अवसर दिया है, जिसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश परिवारों से उनका आत्मीय संबंध है और आगे भी उनकी कोशिश रहेगी कि प्रत्येक व्यक्ति तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनें तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने अदारी गांव के रोहित यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह आने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भारत का तिरंगा ऊंचा लहराकर देश, प्रदेश और जौनपुर का नाम विश्व पटल पर और अधिक गौरवान्वित करेंगे। उनके पिता सभाजीत यादव ने कहां कि मछली शहर लोकसभा की साँसद बगल में आई थी लेकिन मेरे घर आना उन्होंने उचित नहीं समझा इसी तरह क्षेत्र की विधायक भी मेरे घर नहीं आई इसका उन्हें मलाल रहेगा। जब उनके पिता सभाजीत यादव ने बताया उन्होंने जैवलिन खरीदने के लिए अपने मित्र से पैसा उधार लिया था, तब पूर्व विधायक की आंखें गीली हो गई। उन्होंने कहा कि इस गांव के लिए कुछ बड़ा करने की योजना पर काम करूंगा ताकि रोहित यादव की मेहनत जिले ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बने। पूर्व विधायक जगदीश सोनकर के प्रति उन्होंने आस्था जताते हुए कहा कि आप लगातार क्षेत्र में बने रहते हैं और हर लोग की समस्याओं को सुनते हैं किसी भी अच्छे जनप्रतिनिधि में ऐसे गुण होने चाहिए जो निस्वार्थ होकर जनता की सेवा कर सके। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हुआ क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे। पूर्व विधायक के अदारी गांव में आने की सूचना पर वहां पर काफी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए इकट्ठा हो गए।

# अखिलेश यादव पर आरोप लगाने वाले भाजपा सांसद पर भड़के सपाई

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने अयोध्या स्थित राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को घेरा है। उन्होंने जेल में बंद टुन्नू यादव से अखिलेश यादव के साथ बातचीत होने का आरोप लगाया गया है। इससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता निशिकांत के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने की मांग को लेकर संदीप यादव के नेतृत्व में जार्जटाउन थाना पहुंचे। मंगलवार को एफआइआर दर्ज नहीं होने पर थाने के गेट पर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। दूसरी ओर सपा एमएलसी डॉ. मान सिंह के नेतृत्व में धूमनगंज थाना पर प्रदर्शन हुआ। सपाइयों का कहना है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा राम मंदिर प्रकरण में जेल में बंद टुन्नू यादव से सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ बातचीत होने का अनर्गल आरोप इंटरनेट मीडिया पर लगाया गया है। इसे भाजपा आईटी सेल द्वारा खूब बढ़ा चढ़ा कर पेश भी किया जा रहा है। इस मामले को पूरी तरह झूठी कहानी बताते हुए सपा नेताओं ने धूमनगंज थाने में सोमवार रात ही मुकदमा दर्ज कराने को लेकर तहरीर दी थी, लेकिन अभी तक सांसद निशिकांत दुबे पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इसे लेकर सभी जिलाध्यक्ष, एमएलसी व कार्यकर्ता धूमनगंज थाने पर धरने पर बैठ गए। इस मौके पर सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, पूर्व प्रत्याशी संदीप यादव, पूर्व विधायक सत्य वीर मुन्ना, अमरनाथ सिंह मौर्य, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविन्द्र यादव एडवोकेट, रवि मिश्रा, तारिक सईद अज्जू, रमाकांत पटेल, मयंक उर्फ़ जोंटी यादव, श्रीमती मंजू पाठक, गुड्डी यादव, लाल चंद्र कुशवाहा, शकील अहमद, कुलदीप यादव, जगदीश यादव, अरविन्द केसरवानी, यथास केसरवानी, फैजी इसरत, विनय यादव, शांति प्रकाश पटेल, नाटे चौधरी, मो सऊद, अरुण यादव, प्रमोद यादव, बच्चा यादव, सुग्गान पाल आदि रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- जलालपुर-केराकत पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो मोटरसाइकिल और भारी मात्रा में हथियार बरामद

**जौनपुर।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार देर रात जलालपुर और केराकत थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बदमाशों के कब्जे से आठ तमंचे, एक देशी रिवॉल्वर, कारतूस तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत जलालपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र विक्रम सिंह और केराकत प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय अपनी-अपनी टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। दोनों थानों की पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें सोनल वर्मा पुत्र संतोष वर्मा निवासी बीरमपुर, थाना केराकत के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने मौके से उसे समेत पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी में सोनल वर्मा (घायल), निवासी बीरमपुर, थाना केराकत,राजेश्वर पाण्डेय, निवासी एकौना, थाना गौराबादशाहपुर, अवनीश गुप्ता, निवासी बीरमपुर, थाना केराकत,बाबी कुमार, निवासी जालंधर, पंजाब,रजीत कुमार, निवासी जालंधर, पंजाब शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ तमंचे (.315 बोर), एक देशी रिवॉल्वर (.32 बोर), तीन जिंदा कारतूस, एक मिस कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं।

घायल आरोपी सोनल वर्मा के खिलाफ जलालपुर थाने में वर्ष 2021 के लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं तथा वर्ष 2022 के गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पहले से दर्ज है। अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 28 बीघे जमीन पर अवैध प्लॉटिंग पर गरजा बुलडोजर

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के कई गांवों में बड़े पैमाने पर बुलडोजर कार्रवाई की। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह द्वारा बिना लेआउट स्वीकृति के विकसित की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा दो अन्य लोगों की अवैध प्लाटिंग भी ढहाई गई।

पीडीए की प्रवर्तन टीम ने सबसे पहले असरावल खुर्द गांव में करीब 20 बीघे भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग को तीन जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त किया। इसके बाद रावतपुर गांव में लगभग आठ बीघे क्षेत्र में विकसित की गई प्लॉटिंग पर भी बुलडोजर चलाया गया। पीडीए अधिकारियों के अनुसार, अनुज सिंह की कटहुला गौसपुर स्थित अवैध प्लॉटिंग पर भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# राममंदिर में हुई चोरी के खिलाफ कांग्रेसियों ने निकाली सद्बुद्धि पद यात्रा

अवधनामा संवाददाता



- राममंदिर के नाम पर हुई लूट की जिम्मेदारी लेते हुए योगी आदित्यनाथ और नरेंद्र मोदी इस्तीफा दे : डा. प्रमोद कुमार

**जौनपुर।** राममंदिर अयोध्या में हुई चंदा चोरी और चढ़ावे में बड़े पैमाने पर घपला किए जाने तथा सरकार द्वारा मुख्य आरोपियों को बचाये जाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर कांग्रेस कार्यालय सब्जी मंडी इंदिरा भवन से सद्भावना पुल के पास स्थित केरारवीर मंदिर तक सद्बुद्धि पद यात्रा जुलुस निकाल कर राममंदिर चोरी कांड के मुख्य आरोपियों को जेल भेजे जाने की मांग की। पदयात्रा समापन के बाद केरारवीर मंदिर परिसर में कांग्रेसियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। सद्बुद्धि पदयात्रा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आस्था के नाम पर भाजपा सरकार के संरक्षण में राममंदिर में जमकर लूटपाट हुई है, चंदा चोरी और चढ़ावे में घपला हिंदू धर्म और भगवान श्री राम के भक्तों की भावनाओं के साथ धोखा और खिलवाड़ है। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने मांग करते हुए कहा कि यह चोरी सरकार के संरक्षण में होने के कारण इसके जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश की तथाकथित डबल इंजन वाली सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है, नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि सरकार जानबूझकर मुख्य आरोपी चंपतराय बंसल, नृपेन्द्र मिश्रा, अनिल मिश्रा और गोपाल राव को बचा रही है। आरिफ खान ने आगे कहा कि जो राम को लाये थे उन्ही लोगों ने भगवान राम को लूट लिया।इस मौके पर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीप सोनकर, देवराज पांडेय, शैलेन्द्र यादव, कृष्णचंद निषाद, विजय वर्मा,अरुण शुक्ला, राकेश सिंह डब्बू, इरशाद खान, फैयाज हाशमी,आदिल शेख, सभासद शहनवाज मंजूर,साद खान, आकाश मौर्या, संदीप निषाद, अरविंद यादव,देवांश द्विवेदी, चंद्रशेखर निषाद, तौफीक अहमद, इकबाल हुसैन मुहम्मद ताहिर, इस्तेमाल खारुल, सभासद अबुजर शेख, साजिद मानू संतोष निषाद, रिजवान अली खान, मजहर आसिफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पदयात्रा का संचालन जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा ने किया।

## क्राइम मीटिंग में लगी ढीले पुलिस अफसरों की लगी क्लास

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ0 अजय पाल शर्मा, समस्त पुलिस उपायुक्त, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी /विवेचकों एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित त्रिवेणी सभागार कानून- व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित किया गया। बैठक में कार्यो में ढिलाई पर पुलिस कमिश्नर सख्त दिखे। बैठक में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि 60 एवं 90 दिन की सभी लम्बित विवेचनाओं का समयबद्ध, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जुलाई माह के अन्त तक सुनिश्चित किया जाए। सभी सहायक पुलिस आयुक्त को निर्देश दिये गये कि लम्बित विवेचनाओं का नियमित पर्यवेक्षण कर निस्तारण सुनिश्चित करायें। गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित पूर्व से लम्बित मुकदमों की विवेचना के शीघ्र निस्तारण हेतु थाना प्रभारियों/विवेचकों को निर्देशित किया गया।

# आजमगढ़ में बनेगा आपदा बचाव कंट्रोल सेंटर

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने तहसील सगड़ी के अंतर्गत ग्राम रामनगर बैजाबारी में प्रस्तावित ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण स्थल का जायजा लेते हुए परियोजना को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप मुख्य मार्ग से ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' तक संपर्क मार्ग का निर्माण कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार सड़क की फीलिंग कराई जाए। उन्होंने निर्माण स्थल की भूमि को भी सड़क के निर्धारित स्तर से आवश्यक ऊंचाई तक फीलिंग कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का प्रमुख केंद्र होगा। इस केन्द्र में बाढ़ के समय बाहर से आने वाली एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं अन्य रेस्क्यू टीमों के ठहरने की व्यवस्था के साथ-साथ राहत एवं बचाव कार्यों में प्रयुक्त इमरजेन्सी उपकरण, सामग्री तथा आवश्यक संसाधनों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा। यह कदम जनपद में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने में मदद करेगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड) को निर्देश दिया कि ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' के निर्माण का डीपीआर निर्धारित समय के भीतर तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई समय से सुनिश्चित की जा सके तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग को भी निर्देशित किया कि निर्माण स्थल के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को तत्काल नियमानुसार अन्यत्र स्थानांतरित (शिफ्ट) करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की पहल पर ''आपदा बचाव कन्ट्रोल केन्द्र'' का निर्माण कराया जा रहा है।

## रमा हास्पिटल में 55 महिलाओं का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**आजमगढ़।** रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर हरबंशपुर में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन डा खूशबू सिंह की देखरेख में किया गया। रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर की एमडी (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) डा खुशबू सिंह ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच हेतु रमा हास्पिटल का यह निःशुल्क शिविर हर माह की पहली मंगलवार को लगाया जाता है। शिविर में 55 मरीजों का परीक्षण किया गया। रमा हास्पिटल का उद्देश्य है कि शिविर के माध्यम से अधिकाधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हो ताकि जच्चा-बच्चा दोनों का भविष्य सुरक्षित रहें। गर्भवती महिलाओ को सलाह देते हुए कहाकि तापमान को देखते हुए गर्भवती महिलाओं को धूप से बचना चाहिए। तेज धूप से जच्चा-बच्चा दोनो को खतरा हो सकता है। जरूरी हो तभी घर से बाहर निकले। बाहर निकलने से पहले पानी उबाल कर पिये और तन को अच्छी तरह से ढ़क लें। मौसम में फास्ट फूड व मसालेदार चीजों से बचना चाहिए।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की तैयारियां तेज

- वृक्षारोपण अभियान को चुनाव मोड में कराने के निर्देश
- मैनपुरी में 12 जुलाई को होगा महावृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा कि दि. 12 जुलाई को वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत ''एक पेड़ मॉ के नाम'' अवश्य रोपित करें। उन्होने कहा कि अभियान के दौरान पौधे रोपित किये जायें वह जीवित रहें, यही लक्ष्य निर्धारित किया जाए, पौधा रोपण के साथ रोपित पौधे की जीवितता पर विशेष ध्यान दिया जाये, पौधा रोपण स्थल पर पौधों की देखभाल हेतु कर्मी की लिखित में ड्यूटी लगायी जाये। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पौधारोपण दिवस दि. 12 जुलाई को संबंधित अधिकारी प्रत्येक घंटे के पौधारोपण की प्रगति की सूचना वन विभाग कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम को निर्वाचन की तरह इलेक्शन मोड से कराने हेतु जनपद को 06 जोन एवं 09 सेक्टर में विभाजित कर प्रत्येक जोन में उप जिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में पौधा रोपण लक्ष्य की पूर्ति हेतु तैनात किया गया है। उन्होने बताया कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत मुख्य कार्यक्रम में विकास खंड मैनपुरी के ग्राम गढ़ेरी में लगभग 11 हेक्टेयर भूमि पर 21 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे, नगर क्षेत्र के संसारपुर में 03 हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि शासन द्वारा इस वर्ष जनपद में 39 लाख 51 हजार 600 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सर्वाधिक पौधा रोपण ग्राम विकास विभाग द्वारा 14 लाख 47 हजार, वन विभाग द्वारा 10 लाख 36 हजार, कृषि विभाग द्वारा 04 लाख 48 हजार, उद्यान विभाग द्वारा 02 लाख 24 हजार, पर्यावरण विभाग द्वारा 01 लाख 99 हजार, पंचायती राज विभाग द्वारा 01 लाख 73 हजार, राजस्व विभाग द्वारा 01 लाख 12 हजार एवं नगर विकास द्वारा 40 हजार पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विश्व पर्यावरण दिवस दि. 05 जून के अवसर पर जनपद में 05 लाख 36 पौधे रोपित किये जा चुके हैं, जिसमें से ग्राम विकास विभाग द्वारा 03 लाख 34 हजार, कृषि विभाग द्वारा 84 हजार, वन विभाग द्वारा 36 हजार, पंचायती राज विभाग द्वारा 22 हजार पौधे रोपित किये जा चुके हैं।


# कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 331/न0पं0धौ0/निविदा-एसएफसी/2026-27, दिनांक- 02 जुलाई, 2026

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित/स्वीकृत, निम्न कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 10.07.2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक व्यक्ति/फर्म नियत समयान्तर्गत अपनी-अपनी निविदा कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा पर प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक 10.07.2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 05 प्रतिशत जमानत धनराशि नकद रसीद के माध्यम से कार्यालय में अथवा एफ0डी0आर0 जो कि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत धौरहरा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र नकद मूल्य पर दिनांक 09.07.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 10.07.2026 को कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा में लिपिक पटल पर समय अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करनें का अधिकार अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत धौरहरा में निहित होगा। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में मालूम की जा सकती है।

| क्रम सं. | योजना का नाम | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि जीएसटी सहित | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SFC | नगर में स्थापित आर0ओ0 वाटर कूलर प्लांट पर फाइवर शीट लगाने का कार्य। | 368514 | 18425 | 590 | 1 माह |
| 2 | SFC | नगर की सफाई व्यवस्था व अन्य कार्यों हेतु प्रयोग किये जा रहे वाहन बैकहो लोडर मशीन (जे0सी0बी0) के इंजन व हाईड्रोलिक सिस्टम का मरम्मत कार्य। | 397000 | 19850 | 590 | 1 माह |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**



# कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद- सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 785/न0पं0 कपि0सि0नगर/2026-27 दिनांक : 03-07-2026

## अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या - 768/2026/1132/नौ-5-2026/002-Com. No.- 2029647 नगर विभाग अनुभाग- 5 लखनऊ, दिनांक 20 मार्च 2026 के क्रम पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में निम्नलिखित वार्डों में पाइप लाइन विस्तार एवं हाउस कनेक्शन कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 06.07.2026 से दिनांक 18.07.2026 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 18.07.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| (A) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 06.07.2026 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (B) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 06.07.2026 अपरान्ह 01:00 बजे से |
| (C) | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 06.07.2026 अपरान्ह 02:00 बजे से |
| (D) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 18.07.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| (E) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 18.07.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कपिलवस्तु**
**जनपद- सिद्धार्थनगर**

# आरबीआई ने शुरू किया विनिर्माण क्षेत्र के लिए 115वां सर्वेक्षण, कारोबार की भावना का आकलन

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए अपने तिमाही औद्योगिक आउटलुक सर्वेक्षण का 115वां दौर शुरू किया। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही के लिए कारोबार की भावना का आकलन करना है। आरबीआई की आर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह सर्वेक्षण जुलाई-सितंबर 2026 की संदर्भ अवधि को कवर करेगा। इसमें वर्तमान कारोबारी स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसके अलावा, अक्तूबर-दिसंबर 2026 तिमाही के लिए अपेक्षाओं का भी मूल्यांकन होगा। केंद्रीय बैंक ने बताया कि यह सर्वेक्षण वर्तमान तिमाही और आगामी तिमाही के लिए कारोबारी भावनाओं का आकलन करता है। यह सर्वेक्षण विनिर्माण कंपनियों से प्रमुख कारोबारी संकेतकों पर प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने के लिए है। इनमें मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार की स्थिति और मूल्य स्थिति शामिल हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सर्वेक्षण अगली दो तिमाहियों, यानी




जनवरी-मार्च 2027 और अप्रैल-जून 2027 के लिए महत्वपूर्ण कारोबारी मापदंडों पर भी दृष्टिकोण एकत्र करेगा। यह सर्वेक्षण विनिर्माण क्षेत्र में कारोबारी विश्वास और अपेक्षाओं का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर आयोजित किया जाता है।

वर्तमान दौर के लिए, मेसर्स जेनेसिस मैनेजमेंट को आरबीआई द्वारा अपनी ओर से सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह एजेंसी चुनिंदा विनिर्माण कंपनियों से सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए संपर्क करेगी। हालांकि, आरबीआई ने अन्य विनिर्माण कंपनियों को भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। वे केंद्रीय बैंक की वेबसाइट पर सर्वेक्षण अनुभाग से सर्वेक्षण प्रश्नावली डाउनलोड कर सकती हैं।

आरबीआई के अनुसार, इच्छुक कंपनियां प्रश्नावली भर सकती हैं। वे सर्वेक्षण दस्तावेज में दिए गए संपर्क विवरण का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से विधिवत प्रमाणित प्रतिक्रियाएं जमा कर सकती हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सर्वेक्षण कारोबारी गतिविधि के विभिन्न पहलुओं पर विनिर्माण कंपनियों से गुणात्मक आकलन और अपेक्षाएं चाहता है।

इनमें मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार के रुझान और मूल्य का माहौल शामिल है। यह वर्तमान कारोबारी भावना के साथ-साथ भविष्य की तिमाहियों के लिए अपेक्षाओं का आकलन प्रदान करता है। आरबीआई नियमित रूप से औद्योगिक आउटलुक सर्वेक्षण के निष्कर्षों को सारांश प्रारूप में प्रकाशित करता है। यह व्यक्तिगत उत्तरदाताओं की गोपनीयता बनाए रखते हुए विनिर्माण क्षेत्र में कारोबारी विश्वास और अपेक्षाओं का संकेत प्रदान करने में मदद करता है।

# आरसीएफएल के 4097 करोड़ रुपये के घोटाले में पहली चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) से जुड़े 4,097 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में अपनी पहली चार्जशीट मंगलवार, 7 जुलाई 2026 को दाखिल की। यह चार्जशीट कंपनी के पांच पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ है। इन पर 13 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एक समूह को धन के हेरफेर के माध्यम से भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है। सीबीआई ने मुंबई की एक विशेष अदालत में यह चार्जशीट दाखिल की है। इसमें दो अन्य कंपनियों, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएसएफएल) को भी आरोपी बनाया गया है। यह मामला सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को हुए बड़े वित्तीय नुकसान से संबंधित है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरसीएफएल के पांच पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों को आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के आरोपों में चार्जशीट किया गया है। इन अधिकारियों में देवंग प्रवीण मोदी (निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी), रविंद्र सोमायाजुला राव (निदेशक), धनंजय भगवानप्रसाद तिवारी (निदेशक), राजेश कृष्णमूर्ति (कार्यकारी जोखिम अधिकारी) और लव चतुर्वेदी (मुख्य जोखिम अधिकारी) शामिल हैं। इन पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारी नुकसान पहुंचाने का इरादा रखने का आरोप है। सीबीआई की जांच से पता चला है कि आरसीएफएल द्वारा उधार लिए गए पैसे को मध्यस्थ और सहायक संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों में भेजा गया था। यह कार्रवाई ऐसे उधारों को नियंत्रित करने वाले नियमों और शर्तों का उल्लंघन थी। इस हेरफेर से ऋण देने वाले बैंकों को गलत नुकसान हुआ और आरोपी व्यक्तियों तथा संबंधित संस्थाओं को गलत लाभ मिला। सीबीआई ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र और समूह के अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से मिली शिकायतों के आधार पर यह मामला दर्ज किया था। कुल 13 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 4,097 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# विकसित भारत कॉन्क्लेव' में शिशिर बजाज महाराष्ट्र का गौरव सम्मान से सम्मानित

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के हयात रीजेंसी में आयोजित एक भव्य समारोह में नवभारत द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित कॉफी टेबल बुक महाराष्ट्र का गौरव का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री, नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज और देश भर से आए विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।इस विशेष एडीशनमें शामिल प्रमुख हस्तियों में बजाज ग्रुप के चेयरमैन एमेरिटस और बजाज फाउंडेशन के चेयरमैन श्री शिशिर बजाज भी हैं। उनके जीवन और योगदान को आठ पन्नों के एक खास फीचर में दिखाया गया है, जिसमें संस्थापक श्री जमनालाल बजाज जो स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, उद्योग जगत के अग्रणी और महात्मा गांधी के गोद लिए हुए पांचवें बेटे थे—के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका को पूरी स्पष्टता से दर्शाया गया है।इस कार्यक्रम में श्री शिशिर बजाज को भारतीय उद्योग, खासकर चीनी और इथेनॉल सेक्टर में उनके




बेहतरीन योगदान और ग्रामीण विकास व सामाजिक बदलाव के प्रति उनके आजीवन समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान ऐसे ऐतिहासिक समय में मिला है जब बजाज परिवार राष्ट्र निर्माण, उद्यम और जनसेवा की अपनी 100 साल पुरानी विरासत का उत्सव मना रहा है।

## सैमसंग गैलेक्सी ए27 5जी की भारत में बिक्री शुरू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने भारत में अपने नए गैलेक्सी ए27 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। यह स्मार्टफोन अब सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स, पार्टनर रिटेल आउटलेट्स, सैमसंग डाटकाम और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। गैलेक्सी ए27 5जी तीन आकर्षक रंगों में पेश किया गया हैः लाइट ग्रीन, लाइट पिंक और ब्लैक। यह तीन मेमोरी वेरिएंट्स 6 जीबी रैम + 128 जीबी, 8 जीबी रैम + 128 जीबी और 8 जीबी रैम + 256 जीबी में उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 28,999 रुपये रखी गई है। ग्राहकों को 3,000 रुपये तक का कैशबैक और जीरो डाउन पेमेंट जैसी आसान फाइनेंसिंग योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। गैलेक्सी ए27 5जी में 5000mAh की बैटरी दी गई है। कंपनी इस डिवाइस के लिए 6 वर्षों तक एंड्रायड ओएस और सुरक्षा अपडेट देने का वादा कर रही है। सुरक्षा के लिए इसमें सैमसंग नॉक्स उपलब्ध है। इसके साथ ही सैमसंग वॉलेट के जरिए टैप एंड पे, यूपीआई भुगतान और डिजिटल आईडीज (पहचान पत्रों) को सुरक्षित रखने जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

# भारथक्लाउड ने अपने पहले ब्रांड मैस्कॉट 'बादल' का अनावरण किया, भारत के सॉवरेन एआई क्लाउड विज़न को और मजबूत किया

**लखनऊ।** भारत के सॉवरेन एआई क्लाउड सेवा प्रदाता भारथक्लाउड ने आज अपने पहले ब्रांड मैस्कॉट 'बादल' का अनावरण किया। यह कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और पूरे भारत में व्यवसायों तथा उपयोगकर्ताओं के लिए क्लाउड और एआई तकनीकों को अधिक सहज, जुड़ावपूर्ण और सुलभ बनाने की उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। जैसे-जैसे भारथक्लाउड व्यवसायों, संस्थानों, स्टार्टअप्स और सरकारी इकोसिस्टम के बीच अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, बादल को एक अत्यधिक तकनीकी श्रेणी को मानवीय स्वरूप प्रदान करने तथा प्रत्येक चरण में ग्राहकों के लिए क्लाउड अपनाने की यात्रा को सरल बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जा रहा है। यह लॉन्च ऐसे समय में भी हुआ है, जब कंपनी के ग्राहकों और रणनीतिक साझेदारों की




संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा वह विभिन्न हितधारक समुदायों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

भारत की देशभक्ति की भावना तथा क्लाउड तकनीक के प्रतीकों से प्रेरित बादल, संप्रभुता, विश्वास, सुरक्षा तथा भारथक्लाउड द्वारा मेड इन इंडिया होने के गौरव के सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करता है। भारथक्लाउड के लिए मैस्कॉट चुनने के पीछे का विचार क्लाउड तकनीकी अवसंरचना और उपयोगकर्ताओं के बीच एक संबंध स्थापित करना है।

भारथक्लाउड के सह-संस्थापक राहुल तक्कल्लापल्ली ने कहा, 'क्लाउड तकनीक, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल है, कभी भी भय उत्पन्न करने वाली नहीं लगनी चाहिए। बादल के माध्यम से हम भारथक्लाउड को एक मानवीय पहचान दे रहे हैं और क्लाउड तथा एआई से जुड़ी बातचीत को अधिक आकर्षक, समावेशी और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे भारत अपना डिजिटल भविष्य निर्मित कर रहा है, हमारा मानना है कि तकनीक को सहज, सुरक्षित और स्थानीय आवश्यकताओं तथा आकांक्षाओं से गहराई से जुड़ा रहना चाहिए। '

बादल सभी ग्राहक ऑनबोर्डिंग गतिविधियों, डिजिटल अभियानों, शैक्षणिक गतिविधियों, उद्योग से संबंधित आयोजनों तथा सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए ब्रांड एम्बेसडर के रूप में भी ब्रांड का प्रतिनिधित्व करेगा।

आकर्षक स्टोरीटेलिंग और प्रभावी प्रभाव के साथ, बादल, 'क्लाउड जर्नी सिंप्लिफाइड' के बैनर तले व्यवसायों और उपयोगकर्ताओं को उनकी क्लाउड यात्रा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

भारथक्लाउड की सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी पद्मा रेड्डी सामा ने कहा, 'केवल एक मैस्कॉट होने से आगे बढ़कर, बादल का परिचय भारथक्लाउड द्वारा अपने ग्राहकों के साथ एक और गहरा भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने तथा भारत के सॉवरेन एआई क्लाउड सेवा प्रदाता के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करने का एक प्रयास है।

# नथिंग ने पेश किया फोन 4बी

**कानपुर।** लंदन की कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने आज फोन 4बी से पर्दा उठा दिया। यह बी सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग के प्रोडक्ट इकोसिस्टम में एंट्री करने वालों के लिए एक नया विकल्प है। फोन 4ए सीरीज़ की कामयाबी को आगे बढ़ाते हुए फोन 4बी में नथिंग का सिग्नेचर डिज़ाइन, दमदार रोज़मर्रा की परफॉर्मेंस, समझदार सॉफ्टवेयर और लंबे समय तक भरोसे का शानदार मेल मिलता है।इसमें नथिंग का ग्लिफ इंटरफेस अपनी कैटेगरी में सबसे दमदार स्नैपड्रैगन प्रोसेसर परफॉर्मेंस, नथिंग के किसी भी स्मार्टफोन में अब तक की सबसे बड़ी बैटरी, 50 मेगापिक्सल ओआईएस मेन कैमरा, 120 हर्ट्ज सुपर एमोलेड डिस्प्ले और नथिंग ओएस दिया गया है, जिसे एंड्रॉयड का सबसे अलग और सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले एक्सपीरियंस में गिना जाता है। इसके साथ एसेंशियल एआई टूल्स भी मिलते हैं।फोन (4बी) काले, सफेद और नीले रंगों में दो वेरिएंट्स अर्थात 8जीबी + 128जीबी और 8जीबी + 256जीबीमें उपलब्ध होगा। 7.5 फीसदी इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट और एक्सचेंज बोनस के बाद फोन (4बी) के 8जीबी + 128जीबी वेरिएंट की प्रभावी कीमत 29,999 रुपये और 8 जीबी + 256 जीबी वेरिएंट की प्रभावी कीमत 33,699 रुपये होगी। वहीं इन दोनों वेरिएंट्स का अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) क्रमशः 34,999 रुपये और 38,999 रुपये रखा गया है।फोन (4बी) की बिक्री 14 जुलाई 2026 से शुरू होगी। यह फ्लिपकार्ट के अलावा प्रमुख रिटेल पार्टनर्स जैसे कि क्रोमा, रिलायंस डिजिटल और विजय सेल्स पर भी उपलब्ध होगा।आईपीएल फ्रेंचाईजी आरसीबी के मेन टाइटल स्पॉन्सर होने और क्लब के ऐतिहासिक दूसरे आईपीएल खिताब का जश्न मनाने के लिए नथिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मिलकर फोन (4बी) आरसीबी एडिशन पेश किया है।

# इन्वेस्को म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड

**मुम्बई।** इन्वेस्को म्यूचुअल फंड ने आज समिट एसआईएफ ब्रांड नाम के तहत स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (एसआईएफ) श्रेणी में अपने प्रवेश की घोषणा की। एसआईएफ क्षेत्र में कदम रखने के साथ ही, कंपनी ने अपनी पहली एसआईएफ निवेश रणनीति, समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड को लॉन्च करने की भी घोषणा की। यह एक खुली अवधि की इक्विटी निवेश रणनीति है जो सूचीबद्ध इक्विटी और इक्विटी से संबंधित उपकरणों में निवेश करती है, जिसमें डेरिवेटिव उपकरणों के माध्यम से इक्विटी में सीमित शॉर्ट एक्सपोज़र शामिल है।इस निवेश रणनीति में पोर्टफोलियो को मजबूती देने के लिए दो अलग-अलग रणनीतियों का संयोजन किया जाएगा। इसमें पहली रणनीति एक दिशात्मक लॉन्ग रणनीति है, जो इन्वेस्को एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) के वर्गीकरण ढांचे पर आधारित बॉटम-अप स्टॉक चयन प्रक्रिया द्वारा संचालित होती है। दूसरी एक रणनीतिक शॉर्ट पोजीशन है, जो डेरिवेटिव के माध्यम से उन शेयरों में गिरावट के अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से बनाई गई है, जिनके कमजोर प्रदर्शन की उम्मीद है। इस निवेश रणनीति का प्रबंधन श्री हितेन जैन द्वारा किया जाएगा और इसका बेंचमार्क बीएसई 500 टीआरआई होगा।लॉन्च के अवसर पर, इन्वेस्को एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री सौरभ नानावटी ने कहा, 'हम भारतीय परिसंपत्ति प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। एसआईएफ श्रेणी अनुभवी निवेशकों को पोर्टफोलियो लचीलेपन का वह स्तर प्रदान करती है जो पहले केवल संस्थागत पूंजी तक ही सीमित था। समिट एसआईएफ भारत की अगली पीढ़ी के संपत्ति बनाने वालों के लिए विशेष निवेश सोच लाने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है।

# जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया सुनहरा पेंशन प्लान

**मुम्बई।** जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, निजी क्षेत्र की एक प्रमुख लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, ने 'सुनहरा पेंशन प्लान' लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग (पीएआर), नॉन-लिंक्ड, पेंशन और बचत-आधारित जीवन बीमा योजना है। इसका उद्देश्य पॉलिसीधारकों को एक सेवानिवृत्ति कोष बनाने में मदद करना है ताकि उनका भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित रहे। यह फंड मुख्य रूप से जीवन बीमा के फायदों के अलावा, कल्याण सेवाओं की सुविधा भी उपलब्ध कराता है, जो जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस की अपने पॉलिसीधारकों को बेहतर अनुभव देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस, वैश्विक बीमा अग्रणी - जेनेरली और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एक संयुक्त उद्यम है, जो अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और स्थानीय बैंकिंग की विरासत का एक अद्भुत मेल है। इस योजना की अहमियत के बारे में बताते हुए, श्री आलोक रुंगटा, एमडी और सीईओ, जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस, ने कहा, बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में जीवन बीमा न केवल जीवन सुरक्षा बल्कि लंबे समय में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक अहम भूमिका निभाता है। भारतीयों के दीर्घ जीवन और औपचारिक पेंशन तंत्र की अपर्याप्तता को देखते हुए, सेवानिवृत्ति योजना के लिए एक अनुशासित और व्यवस्थित नज़रिए से पहल करने की जरूरत है। जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस में, हमारा मानना है कि लोगों को सेवानिह्यवृत्ति के बाद के जीवन के लिए पहले से तैयार करना आवश्यक है। 'सुनहरा पेंशन प्लान' इसी मकसद से बनाया गया है। यह पार्टिसिपेटिंग उत्पाद की खूबियों और दीर्घकालिक बचत की स्थिरता का एक बेहतरीन समागम है, जो ग्राहकों को एक स्थायी सेवानिवृत्ति कोष बनाने में सहायता करता है। हम ऐसे उत्पाद लाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं जो आर्थिक मज़बूती बढ़ाने के साथ-साथ ग्राहकों को जीवन के हर पड़ाव पर भरोसा और सुरक्षा प्रदान करे।

# सोलरयान ने किया 'सोलरयान 2.0' के साथ अगले चरण में प्रवेश, FY29 तक 1,000 करोड़ कंपनी बनने का लक्ष्य

**लखनऊ।** सोलरयान ने अपने विकास के अगले चरण की शुरुआत करते हुए सोलरयान 2.0 लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने सोलर इन्वर्टर पर केंद्रित कंपनी से आगे बढ़कर व्यापक ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। देशभर में लगातार बढ़ती मौजूदगी, वित्त वर्ष 2028-29 तक ?1,000 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य और 15 से अधिक राज्यों में विस्तार की योजना के साथ कंपनी अब हाइब्रिड ऊर्जा समाधान, बैटरी स्टोरेज सिस्टम और एकीकृत ऊर्जा तकनीकों पर अपना फोकस मजबूत कर रही है, ताकि भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति मिल सके। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कंपनी का कारोबार लगातार मजबूत गति से आगे बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष में सोलरयान ने देशभर में 5 लाख से अधिक सोलर इंस्टॉलेशन्स को ऊर्जा




समाधान उपलब्ध कराए। गुजरात में मजबूत उपस्थिति और महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, बिहार तथा पश्चिम बंगाल में बढ़ती मौजूदगी के साथ कंपनी अब अपने अगले विकास चरण में प्रवेश कर रही है। इस चरण में बाजार का विस्तार, पार्टनर नेटवर्क को मजबूत करना और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ऊर्जा समाधान विकसित करना कंपनी की प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। भारत के ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों के साथ उपभोक्ता अब ऐसे एकीकृत समाधानों की तलाश कर रहे हैं, जिनकी मदद से वे अपनी बिजली का उत्पादन, भंडारण और प्रबंधन स्वयं कर सकें। इसी बदलती जरूरत को ध्यान में रखते हुए सोलरयान अब केवल सोलर इन्वर्टर तक सीमित न रहकर स्वच्छ ऊर्जा के व्यापक इकोसिस्टम की दिशा में अपने कारोबार का विस्तार कर रही है। सोलरयान 2.0 के तहत कंपनी अपने अगले विकास चरण को तीन प्रमुख कारोबारी स्तंभों के आधार पर आगे बढ़ाएगी। इनमें ग्रिड-टाइड इन्वर्टर्स, हाइब्रिड ऊर्जा समाधान और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स शामिल हैं। इन क्षेत्रों के जरिए कंपनी का लक्ष्य विश्वसनीय बिजली, ऊर्जा स्टोरेज, स्वयं उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पादन और स्मार्ट ऊर्जा प्रबंधन की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

कंपनी के अगले विकास चरण पर बात करते हुए सोलरयान के संस्थापक एवं सीएमडी मनोज पटेल ने कहा, 'पिछले छह वर्षों में सोलरयान ने भरोसेमंद सोलर इन्वर्टर समाधानों के जरिए मजबूत नींव तैयार की है। भारत के ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच हमें हाइब्रिड ऊर्जा और स्टोरेज तकनीकों में बड़ी संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। सोलरयान 2.0 हमारे उस विजन को दर्शाता है, जिसके तहत हम घरों, कारोबारों और उद्योगों के लिए समग्र ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाले भरोसेमंद भागीदार बनना चाहते हैं।

# एल.पी.सी., सहारा स्टेटस में ए. एस. आई. एस. सी. कविता लेखन प्रतियोगिता



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक कॉलेज (एलपीसी), सहारा स्टेट्स, जानकीपुरम में प्रतिष्ठित एएसआईएससी नबरून डे मेमोरियल कविता लेखन (जूनियर) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लखनऊ के 11 प्रमुख विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी डायरेक्टर एवं प्रधानाचार्या मीना टांगरी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। प्रतिभागियों को उम्मीदों की आवाज़ एवं संगीत की लय विषयों पर कविता लेखन के लिए आमंत्रित किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन शिक्षाविद् एवं उद्यमी डॉ. चारू रावत, डॉ. पॉल मैथ्यू तथा प्रीति एम. शाह द्वारा किया गया। परिणामों में माउंट कार्मेल कॉलेज की आरना श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, सेंट एंथनी इंटर कॉलेज के अर्पण द्विवेदी ने प्रथम उपविजेता तथा मॉडर्न एकेडमी की इयासा राय ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

विजेताओं एवं निर्णायकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन हेडमिस्ट्रेस मनीषा कर्टिस द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अयोध्या में बुनियादी ढांचे का तेज़ विकास बना आतिथ्य, रिटेल और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए नए अवसरों का आधार

**अयोध्या।** अयोध्या में तेजी से विकसित हो रहा बुनियादी ढांचा शहर की आर्थिक तस्वीर को नया स्वरूप दे रहा है। हवाई अड्डे के विस्तार, रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास, नई सड़क परियोजनाओं, एकीकृत बस टर्मिनलों और शहरी परिवहन सुविधाओं के विकास के साथ अयोध्या अब केवल धार्मिक पर्यटन तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वर्षभर सक्रिय रहने वाले पर्यटन एवं सेवा-आधारित आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रही है। इस परिवर्तन ने आतिथ्य (हॉस्पिटैलिटी), रिटेल और रियल एस्टेट क्षेत्रों के निवेशकों तथा डेवलपर्स का ध्यान आकर्षित किया है।

आंकड़े भी इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। वर्ष 2024 में अयोध्या में 16.44 करोड़ श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचे, जबकि वर्ष 2020 में यह संख्या केवल 60.2 लाख थी। आगंतुकों की इस अभूतपूर्व वृद्धि से होटल, रेस्तरां, परिवहन सेवाओं, संगठित रिटेल और मिश्रित उपयोग (मिक्स्ड-यूज़) परियोजनाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। अन्य प्रमुख धार्मिक शहरों की तुलना में अयोध्या की विशेषता यह है कि यहां परिवहन, शहरी सुविधाओं और पर्यटन अवसंरचना का विकास एक साथ किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक और निजी निवेश दोनों को गति मिल रही है।

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या की विकास यात्रा का प्रमुख आधार बनकर उभरा है। वित्त वर्ष 2024-25 में यहां 11.15 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। दूसरे चरण में रनवे को लगभग 2,200 मीटर से बढ़ाकर 3,750 मीटर किया जा रहा है, जिससे वाइड-बॉडी अंतरराष्ट्रीय विमानों का संचालन संभव होगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भविष्य में इसकी वार्षिक यात्री क्षमता छह मिलियन तक बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है। बेहतर हवाई संपर्क से होटल, कन्वेंशन सेंटर, प्रीमियम रिटेल, फूड एंड बेवरेज ब्रांड, टूर ऑपरेटर और पर्यटन आधारित सेवाओं के लिए नए अवसर विकसित हो रहे हैं।

रेल संपर्क भी तेजी से मजबूत हो रहा है। अयोध्या धाम जंक्शन को उच्च क्षमता वाले ट्रांजिट हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। लगभग 7,200 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाला इसका विशाल कॉनकोर्स त्योहारों और विशेष अवसरों पर प्रतिदिन दो से चार लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। वहीं हाईवे विस्तार, बाईपास, भारत पथ तथा नए बस टर्मिनलों और एकीकृत परिवहन केंद्रों का विकास अयोध्या को वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों से बेहतर तरीके से जोड़ रहा है। इससे होटल, रेस्तरां, स्थानीय बाजारों और पर्यटन उद्योग को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है।

## नेक्स्ट जेन आइकॉनिक मिस, मिस्टर एवं मिसेज इंडिया 2026' के ग्रैंड फिनाले का हुआ भव्य ऐलान



**लखनऊ।** साम रेनेसांस द्वारा आयोजित नेक्स्ट जेन आइकॉनिक मिस मिस्टर एवं मिसेज इंडिया 2026 के आगामी ग्रैंड फिनाले को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रतियोगिता की रूपरेखा, विशेष आकर्षणों एवं प्रतिभागियों को मिलने वाले अवसरों की जानकारी साझा की गई। संस्थापक एवं आयोजक सौम्या साहू ने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास*व्यक्तित्व, प्रतिभा नेतृत्व क्षमता और ग्रूमिंग को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि इस मंच का उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को स्वयं को निखारने और *मॉडलिंग* एवं फैशन इंडस्ट्री में नई पहचान बनाने का अवसर प्रदान करना है।उन्होंने बताया कि 22 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले *ग्रैंड फिनाले में प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश वयंगंकर मुख्य सेलिब्रिटी गेस्ट* के रूप में शामिल होकर विजेता प्रतिभागियों को क्राउन पहनाकर सम्मानित करेंगी। वहीं सिद्धार्थ धांधा सेलिब्रिटी फिनाले ज्यूरी के रूप में प्रतियोगिता का मूल्यांकन करेंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता के लिए पुणे लखनऊ और जयपुर सहित विभिन्न शहरों में ऑडिशन आयोजित किए गए, जबकि ऑनलाइन ऑडिशन के माध्यम से भी देशभर के प्रतिभागियों को अवसर प्रदान किया गया।

# तनिष्क़ नेचुरल डायमंड्स और राहुल मिश्रा साथ मिलकर पेरिस कूटुर वीक 2026 में अपना अनोखा और एक्सक्लूसिव ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च करेंगे

**पेरिस/भारत।** तनिष्क़ नेचुरल डायमंड्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कूटुरियर राहुल मिश्रा ने पेरिस कूटुर वीक 2026 में अपनी तरह का पहला, एक्सक्लूसिव कूटुर ज्वेलरी कलेक्शन पेश किया है। यह भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी हाउस और देश के एक सबसे चहेते फैशन डिज़ाइनर के बीच एक ऐतिहासिक पार्टनरशिप का आगाज़ है। यह कलेक्शन ओट कूटुर और हाई ज्वेलरी की दुनिया को एक साथ लाकर आधुनिक भारतीय लग्ज़री का एक अनोखा रूप पेश करता है। इसमें शानदार कूटुर के जादुई सफर को बेहद खूबसूरत और नायाब ज्वेलरी डिज़ाइन्स में ढाला गया है। कई महीनों तक किए गए क्रिएटिव कलेक्टिव वर्क का नतीजा है कि, राहुल मिश्रा के जाने-माने कूटुर स्टाइल को तनिष्क़ नेचुरल डायमंड्स की कला और कारीगरी के ज़रिये स्कल्पचुरल ज्वेलरी में ढाला गया है। कूटुर के साथ मैच करने वाली ज्वेलरी बनाने के बजाय, दोनों ब्रांड्स ने हर पीस को कपड़ों के ही एक हिस्से के रूप में डिज़ाइन किया



है जहाँ ज्वेलरी में भी वही आर्किटेक्चरल बारीकी, मूवमेंट और कहानी कहने का अंदाज़ साफ झलकता है। ढांचे और प्रकृति के आपसी तालमेल से प्रेरणा लेते हुए, इस कलेक्शन ने स्कल्पचुरल सिलएट्स, बारीक डिटेलिंग और जेमस्टोन्स की बेमिसाल कलाकारी के ज़रिए आर्किटेक्चरल रूपों को प्राकृतिक बहाव वाले फूलों के डिज़ाइन्स में बदल दिया है। अपनी तरह के अनोखे कूटुर ज्वेलरी क्रिएशंस के रूप में तैयार किया गया यह कलेक्शन, तनिष्क़ की प्राकृतिक हीरों की कारीगरी और राहुल मिश्रा के जाने-माने डिज़ाइन स्टाइल को एक नए रूप में पेश करता है। इसमें हर एक पीस कूटुर का ही एक हिस्सा महसूस होता है। इस कलेक्शन के केंद्र में 'द एनचांटेड कैनोपी' और 'द इंपीरियल कास्केड' नेकवियर हैं। इनमें से हर एक पीस प्रकृति, आर्किटेक्चर और मूवमेंट को स्कल्पचुरल ज्वेलरी में ढालने की इस कलेक्शन की सोच को बखूबी दर्शाता है। इसमें नेचुरल व्हाइट और ब्लैक डायमंड्स को सिट्रीन, एमरल्ड, एमेथिस्ट, पिंक टूरमलाइन, रुबेलाइट और गार्नेट जैसे जेमस्टोन्स के साथ जोड़ा गया है। वहीं बारीक पावे, स्नो पावे, चैनल और प्रोंग सेटिंग्स ने हर क्रिएशन में एक खूबसूरत रोशनी, गहराई और मूवमेंट का अहसास जगाया है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम का किया सघन निरीक्षण

**सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, डबल लॉक प्रणाली एवं अभिलेखों का लिया जायजा, पारदर्शिता एवं सतर्कता बनाए रखने के दिए निर्देश**

अवधनामा ब्यूरो



गोदाम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट (VVPAT) गोदाम का सघन निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, डबल लॉक व्यवस्था, सीलिंग प्रक्रिया तथा अभिलेखों के रख-रखाव का गहन परीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप गोदाम में उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग प्रणाली, प्रवेश एवं निकास नियंत्रण, सीलों की स्थिति तथा अभिलेखों के नियमित संधारण की समीक्षा करते हुए संबंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम एवं वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी निगरानी प्रणाली चौबीसों घंटे सक्रिय रहे तथा उसकी रिकॉर्डिंग का नियमित परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सीलिंग प्रक्रिया, डबल लॉक व्यवस्था एवं अभिलेखों के संधारण में पूर्ण पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने नियमित अंतराल पर गोदाम का निरीक्षण एवं सत्यापन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को किया रवाना

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत विकास भवन से निकली जागरूकता रैली, सड़क सुरक्षा सखियों को दिलाई गई शपथ**

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को परिवहन विभाग द्वारा विकास भवन सभागार से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सुरक्षित यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सड़क सुरक्षा सखियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि नारी शक्ति अपनी इच्छाशक्ति के साथ आगे आए तो परिवार से लेकर समाज तक सड़क सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता लाई जा सकती है। महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा सखियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि छोटी-सी सावधानी भी किसी अनमोल जीवन को बचा सकती है।

# पौध रोपण के साथ उनका संरक्षण भी जरूरी : डीएम

**वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत हुआ पौध वितरण कार्यक्रम**

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जनपद में 1 से 7 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को आज नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के प्रांगण में जिलाधिकारी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हरित आवरण बढ़ाने तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान आम बाहर आपके द्वार अभियान के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पौध भंडारा योजना के तहत आम के पौधों का वितरण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों से एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने तथा उसका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है पर्यावरण संतुलन बनाए रखना जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से वन महोत्सव सप्ताह तथा वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापाक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह तथा वृहद वृक्षारोपण के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पौध वितरण भी किया जा रहा है।नागरिकों से अपील है कि वह अपने घर विद्यालय कार्यालय खेत एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करें।

# सेवरही विद्युत विभागर में करोड़ों का भुगतान पहले, काम अब!

अवधनामा ब्यूरो

**मीडिया के खुलासे के बाद तेज हुए अधूरे कार्य, उठे कई सवाल**

**कुशीनगर।** सेवरही विद्युत वितरण खंड में बिजनेस प्लान 2023-24 एवं 2024-25 के अंतर्गत कराए गए कार्यों को लेकर उठे सवालों के बाद विभागीय हलकों में हलचल तेज हो गई है। मीडिया द्वारा ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, नए ट्रांसफार्मर स्थापना, ओटीएस योजना तथा कथित रूप से बिना कार्य पूर्ण कराए भुगतान किए जाने संबंधी खबरें प्रकाशित होने के बाद संबंधित कार्यों में अचानक तेजी देखी जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार जिन कार्यों को विभागीय अभिलेखों में पहले ही पूर्ण दर्शाया गया था और जिनके सापेक्ष भुगतान भी किए जाने की बात कही जा रही है, उन्हीं कार्यों को अब संबंधित एजेंसी एफएमएम कंपनी द्वारा तेजी से पूरा कराया जा रहा है। कई गांवों में ट्रांसफार्मर स्थापना, लाइन विस्तार और अन्य विद्युत कार्य अचानक शुरू होने से लोगों के बीच भी चर्चाएं तेज हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि कार्य पहले से पूर्ण थे तो उन्हें अब दोबारा या पहली बार कराने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है? वहीं यदि कार्य अधूरे थे तो भुगतान किस आधार पर किया गया? नियमों के अनुसार किसी भी कार्य का भुगतान निरीक्षण, माप पुस्तिका (एमबी) के सत्यापन तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के आधार पर किया जाता है। ऐसे में यह भी प्रश्न उठ रहा है कि भुगतान से पूर्व संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया था या नहीं। यदि निरीक्षण हुआ था तो अधूरे कार्यों को पूर्ण कैसे प्रमाणित किया गया, और यदि निरीक्षण नहीं हुआ तो भुगतान की प्रक्रिया कैसे पूरी हुई? एफएमएम कंपनी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि जिन कार्यों के लिए भुगतान हुआ, वे समय पर पूरे नहीं किए गए। अब मीडिया में मामला सामने आने के बाद कंपनी द्वारा तेजी से अधूरे कार्य पूरे कराए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की गंभीरता के बावजूद अब तक किसी अधिकारी के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से किसी विभागीय कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होगी और यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारी किसकी तय होगी। पूरे मामले में सच्चाई निष्पक्ष जांच के बाद ही सामने आएगी। फिलहाल विभाग और कार्यदायी संस्था की बढ़ी सक्रियता ने पूरे प्रकरण को चर्चा का विषय बना दिया है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग का अमेठी दौरा कल

**अमेठी।** जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग आयोग का जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम 09 जुलाई 2026 को प्रस्तावित है। आयोग के सदस्य प्रातः 9:30 बजे से सायंकाल तक जनपद में प्रवास करेंगे। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान जनपद के ऐसे व्यक्ति संस्थाएं अथवा प्रतिनिधि जो पिछड़ा वर्ग से संबंधित किसी भी विषय पर अपना मंतव्य सुझाव अथवा शिकायत प्रस्तुत करना चाहते हैं वे कलेक्ट्रेट गौरीगंज में आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष लिखित अथवा मौखिक रूप से रख सकते हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि पिछड़ा वर्ग के हितों समस्याओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अपने सुझाव अथवा अभ्यावेदन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर इस अवसर का लाभ उठाएं जिससे संबंधित विषयों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# विदेश से एमबीबीएस करने वाले मथौली के आलोक ने एफएमजीई परीक्षा में लहराया परचम

**कस्बे के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विनोद गुप्ता के बेटे की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा**

अवधनामा संवाददाता



आलोक गुप्ता, फाइल फोटो



मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते माता-पिता

**मथौली, कुशीनगर।** कस्बा के वार्ड संख्या-12 निवासी विरेन्द्र गुप्ता एवं संगीता देवी के पुत्र आलोक कुमार गुप्ता ने विदेशी मेडिकल विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद आयोजित फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई)-2026 में सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से मथौली सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

एफएमजीई परीक्षा का आयोजन नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) द्वारा किया जाता है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद ही विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भारत में चिकित्सकीय अभ्यास करने की अनुमति मिलती है। जैसे ही आलोक की सफलता की खबर मिली, उनके पिता विरेन्द्र गुप्ता, माता संगीता देवी, परिवार के अन्य सदस्यों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि आलोक की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनका मानना है कि आलोक आगे चलकर एक कुशल, संवेदनशील एवं सेवा-भाव से परिपूर्ण चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे।

आलोक की इस उपलब्धि पर विनय कुमार सिंह, भोला यादव, लवकुश जायसवाल, रमेशचंद्र यादव, प्रिंस जायसवाल, मनोज मद्धेशिया, प्रिंस मद्धेशिया सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर परिश्रम और समर्पण के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ा जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है।

# अखिलेश का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने के लिये पूर्व मंत्री तीन दिवसीय दौरे पर

**राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर राजकीय बालिका इंटर कैसरगंज में किया पौध रोपण**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में पीडीए जननायक अखिलेश यादव का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा तीन दिवसीय दौरे पर बहराइच पहुंचे। कैसरगंज पहुंचने पर सपा विधायक आनंद यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, जिला सचिव विकास चौधरी, जिला महासचिव सुनील निषाद तथा शैलेश सिंह शैलू मौर्यवंशी समेत अनेक सपा कार्यकर्ताओं ने राम आसरे विश्वकर्मा का जबरदस्त स्वागत किया गया।

तत्पश्चात विधायक कैसरगंज आनंद यादव जी द्वारा आयोजित पीडीए जनसंवाद गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि भाजपा के पास गांव, गरीब, किसान, मजदूर और शिक्षा व स्वास्थ्य का कोई एजेंडा नहीं है। इनके पास सिर्फ हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद के अलावा कुछ नही है। हिंदुत्व के नाम पर सत्ता में आई भाजपा की सरकार में आज दलितो, पिछड़ों और महिलाओं पर उन्हीं के भाजपाई गुंडे अत्याचार और शोषण कर रहे हैं। विधायक आनंद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विपक्ष के विधायकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। विकास के नाम पर पूरे देश मे गुजराती ठेका और पट्टा लेकर बड़े पैमाने पर लूट कर रहे है, उत्तर प्रदेश के दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट होकर सरकार बदलने का काम करना होगा। सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट ने महसी क्षेत्र के बेहड़ा गांव में दलित दुर्गेश गौतम की निर्मम हत्या का मामला उठाते हुये कहा कि सरे चौराहे से एक दलित नवजवान को खीच कर एक बेसमेंट में ले जाकर थाने के सामने पीट-पीट कर मार डाला गया और दस दिनों तक रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई और न अस्पताल में उसका इलाज किया गया।इस कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर राजकीय बालिका इंटर कैसरगंज में राम आसरे विश्वकर्मा ने पेड़ के पौध का रोपण किया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक

**63 लाख 12 हज़ार 600 पौधों रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित**

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराएं जाने हेतु पौधों की उपलब्धता, उठान तथा सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु रोपित गये पौधों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि 08 जुलाई 2026 को एक ही दिन निर्धारित लक्ष्य 63 लाख 12 हज़ार 600 पौधों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। साथ ही पौधरोपण करने के उपरान्त तत्काल जिओ टैगिंग कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराये तथा उक्त वृक्षारोपण महा यज्ञ में मा0 जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय।

डीएम ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रयास से उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जन आन्दोलन का स्वरूप ले चुका हैं। इसलिए सभी अधिकारी आमजन व विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित कर पौधरोपण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण का फोटोग्राफ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित कराया जाय तथा सभी विभाग पौधरोपण का विवरण प्रभागीय वनाधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराये।

डीएम ने सिचाई विभाग को निर्देश दिया कि सम्बन्धित सचिव, लेखपाल एवं ब्लाक के अवर अभियन्ता की टीम के साथ निरन्तर सर्वे कर सरयू व टेढ़ी नदियों के पुनरोद्धार के लिए कार्य योजना तैयार करें। बैठक के दौरान डीएम ने मरीमाता मन्दिर के निकट सरयू नदी की साफ-सफाई, नदी में नगर पालिका के गिरने वाले नालों पर ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट, नदियों में प्लास्टिक के बहाव को रोकने, जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा कटान प्रभावित क्षेत्रों में पौधरोपण विशेषकर बांस के पौधे रोपित कराएं जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि नदियों को प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जन जागरूकता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह कार्य जन सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता है।

## कांग्रेस की सद्बुद्धि पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग



**गौरीगंज (अमेठी)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अयोध्या श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को सद्बुद्धि पदयात्रा का आयोजन किया गया।जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने किया। पदयात्रा कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज से प्रारंभ होकर बस स्टॉप कोतवाली जीजीआईसी स्कूल चौक बाजार पोस्ट ऑफिस फल मंडी सहित नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर नारे लगाए तथा नगर भ्रमण किया। प्रदीप सिंघल ने कहा कि अयोध्या श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। चढ़ावे से जुड़े प्रकरण की निष्पक्ष पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे श्रद्धालुओं का विश्वास कायम रहे। पदयात्रा में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी परमानंद मिश्रा प्रवक्ता अनिल सिंह अर्जुन पासी जायस नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा नरेंद्र मिश्र किरन देवी विजय पासी सवीना सर्वेश सिंह राम लखन शुक्ला रजवाड़ी पासी शकील इदरीशी अशोक शुक्ला पवन दुबे शत्रुघ्न सिंह मो आशिफ शौरभ सिंह शुभम सिंह सुमित तिवारी गीता सिंह सुर्ति अवस्थी मो मतीन तुलसीराम पासी राजू पंडित अरविन्द चतुर्वेदी अजय सिंह मनोज कश्यप सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक शामिल रहे।

## सांप के काटने से 13 वर्षीय किशोर की मौत

**गोण्डा।** करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम सोनहरा सरपंचपुरवा गांव में मंगलवार की बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर सो रहे 13 वर्षीय किशोर ओमकार उर्फ मानस शुक्ला को एक जहरीले सांप ने काट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। परिजन आनन-फानन में किशोर को लेकर परसपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हादसे के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।

## खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार जुलाई से सितम्बर 2026 तक जनपद की सभी उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न वितरण से पूर्व नोडल अधिकारियों द्वारा मात्रा एवं गुणवत्ता का अनिवार्य भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सत्यापन के बाद संबंधित उप जिलाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी तथा वितरण के दौरान पर्यवेक्षणीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर व्यवस्था की निगरानी करेंगे। भारतीय खाद्य निगम से खाद्यान्न प्रेषण की रीयल-टाइम ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करने के साथ ही खाद्यान्न के दुकान तक पहुंचने की सूचना संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को समय से उपलब्ध कराई जाएगी।


भारत सरकार - रेल मंत्रालय

अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन

मानक नगर, लखनऊ-226011

**ई-निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए, संयुक्त निदेशक/सिविल, आरडीएसओ, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा (ऑनलाइन) आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. सं. | खुली निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रू0) | बयाना राशि (रू0) | कार्य समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना सं0 डब्ल्यू.के.एस-1492-डीसी दिनांक 03.07.2026 आर.डी.एस.ओ. लखनऊ स्थित बिरसा मुंडा सभागार के आंतरिक भाग के जीर्णोद्धार का कार्य। | 4,62,41,749.50 | 924800.00 | 03 (तीन) माह | 29.07.2026 |

उपरोक्त विस्तृत ई-निविदा प्रपत्र भारतीय रेल की वेबसाइट www-ireps-gov-in पर उपलब्ध है तथा दिनांक 29.07.2026 को 15:00 बजे तक मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त ई-निविदा दिनांक 29.07.2026 को ही 15:00 बजे संयुक्त निदेशक/सिविल, आरडीएसओ, लखनऊ के कार्यालय में खोली जाएँगी।

संयुक्त निदेशक/सिविल

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से


## ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

**उन्नाव।** जिले के अचलगंज थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पार करते समय एक किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने पहले शव को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। मंगलवार सुबह परिजनों ने शव की पहचान की, जिसके बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।मृतक की पहचान कोरारी कला गांव निवासी 65 वर्षीय बसंत लाल गौतम के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि वह खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे वह बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे।इसी दौरान पुलिस को कोरारी-कोटारिया के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन तत्काल पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में अज्ञात के रूप में रखवा दिया गया।

## कुशीनगर में किसानों के लिए राहत की खबर : 1900 एमटी यूरिया सहित पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता

अवधनामा ब्यूरो

**खरीफ सीजन में खाद की कमी नहीं होने देने के लिए प्रशासन सक्रिय, सहकारी समितियों व कृषक सेवा केंद्रों पर भेजी गई खेप**

**कुशीनगर।** खरीफ फसलों की बुवाई के बीच किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग ने बड़ी मात्रा में खाद का आवंटन कर दिया है। जिले में अब तक 1900 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो चुका है, जिसे सहकारी समितियों एवं पीसीएफ कृषक सेवा केंद्रों पर भेज दिया गया है। इससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध होने की उम्मीद बढ़ गई है।

कृषि विभाग के अनुसार, प्रपोजिशनिंग एवं सामान्य योजना के तहत जनपद में 1929 मीट्रिक टन डीएपी (डीएपी) तथा 2498 मीट्रिक टन एनपीके (एनपीके) उर्वरक प्राप्त हुआ है। इन उर्वरकों का आवंटन कर संबंधित सहकारी समितियों को प्रेषित कर दिया गया है, जिससे किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा पीसीएफ बफर स्टॉक के अंतर्गत प्रपोजिशनिंग योजना से 450 मीट्रिक टन यूरिया तथा 550 मीट्रिक टन एनपीके भी समितियों को आवंटित कर भेजा जा चुका है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जनपद में खाद की आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और मांग के अनुसार अतिरिक्त उर्वरक भी उपलब्ध कराया जाएगा।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि धान सहित खरीफ फसलों के लिए इस समय यूरिया, डीएपी और एनपीके की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता किसानों के लिए राहत भरी खबर है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों से ही उर्वरक खरीदें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अधिक मूल्य वसूली की शिकायत तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें।

## साइबर अपराधों से बचाव एवं बाल संरक्षण को लेकर छात्राओं को किया गया जागरूक

**अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज असैदापुर में साइबर सुरक्षा एवं बाल संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम पता विद्यालय का नाम मोबाइल नंबर आधार संख्या ओटीपी एवं पासवर्ड किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।


**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मो0 याकूब पुत्र शराफ़तअली व अपनी पुत्र वधू श्रीमती उस्माना बानो पत्नी मो0 याकूब निवासी ग्राम हरदलमऊ थाना कासिमपुर तहसील संडीला जिला हरदोई के आचरण व चाल-चलन सही ना होने के कारण उपरोक्त दोनों से संबंध विच्छेद कर सदैव के लिए अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा सभी प्रकार के नैतिक /अनैतिक कार्यों आदि से मेरा व मेरे परिवार कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा वो अपने कृत्य व अकृत्य के स्वम् जिम्मेदार होंगे।

**शराफ़त अली पुत्र स्व0 नियामत अली निवासी ग्राम हरदलमऊ थाना कासिमपुर तहसील संडीला जिला हरदोई**

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, गैसडी बलरामपुर।

पत्रांक : 744/निविदा पत्रा0/5वां- 15वां वित्त आयोग पत्रा0/2026-27 दिनांक : 06 जुलाई 2026

## अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 05वॉं वित्त आयोग एवं 15 वॉं वित्त आयोग (टाईड एवं अन्टाईड) कार्यो से प्राप्त धनराशि से प्राप्त धनराशि से निम्न स्वीकृत परियोजनाओं विकास खण्ड गैसडी द्वारा ए, बी, सी, एवं डी तक के पात्र (जिला पंचायत, पी0डब्लू0डी0, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में पंजीकृत, जिनका पंजीकरण प्रपत्र संलग्न करना होगा) ठेकेदार से नियमानुसार परियोजनाओं के सममुख अंकित स्वीकृति माप के अनुसार अंकित धनराशि पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। स्वीकृत धनराशि के लागत के सापेक्ष (कुल 10 प्रतिशत) का 02 प्रतिशत की धनराशि अग्रिम के रूप में नकद/एफ0डी0आर0 के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा, शेष 08 प्रतिशत के धनराशि की कटौती भुगतान किये जाने वाले बिल से की जायेगी। निविदा निमन्त्रण हेतु निविदा फार्म दिनांक 06.07.2026 तक समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक कार्यालय से क्रय किया जा सकता है तथा उसे दिनांक 15.07.2026 से 16.07.2026 तक समय पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक कार्यालय के निविदा बाक्स में डाला जा सकता है। तत्पश्चात् प्राप्त निविदा को दिनांक 16.07.2026 को ही अपरान्ह 04.00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में नामित कमेटी द्वारा अधोहस्ताक्षरी की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में खोला जायेगा। निर्धारित तिथि और समय के पश्चात् कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। निविदा प्रपत्र रू0 800.00 नकद देकर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | स्थल का विवरण | माप | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | हलौरा | सरयू नहर से पप्पू कश्यप के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 150X3 | 6.95 |
| 2 | बेनीनगर | परमेश्वर के घर से दिलीप भारती के घर तक सी0सी0रोड निमार्ण। | 154X3 | 9.98 |
| 3 | रतनपुर | पूरबडिहवा में बरातघर समयमाता के स्थान पर बारातघर का जीर्णोद्वार एंव सी0सी0 रोड निमार्ण कार्य। | 1 | 4.94 |
| 4 | छपिया सुखरामपुर | मौजा छपिया में गुलजार सिंह के घर से राजकीय विद्यालय तक सी0सी0रोड निमार्ण कार्य। | 155X3 | 9.98 |
| 5 | रतनपुर | पश्चिमडिहवा मेन रोड से कमलेश के घर तक सी0सी0रोड निर्माण। | 154X3 | 9.97 |
| 6 | झौव्वा | मेन रोड से काली मन्दिर तक सी0सी00रोड निर्माण कार्य। | 145X3 | 9.97 |
| 7 | इटई | सी0सी0 रोड से रामहेत के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 153X3 | 9.98 |
| 8 | पडरौना | मौजा पतुली में प्रा0वि0 से आरआरसी सेन्टर तक इन्टरलाकिंग। | 50X3 | 2.36 |
| 9 | पडरौना | मौजा पतुली में लालमन के घर से बसन्तलाल के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 100X3 | 4.65 |
| 10 | जमघरा | हरीलाल के घर से सोखा के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 215X3 | 9.97 |
| 11 | भोजपुर सन्तरी | कुडवा में दक्षिण पुल से मदरहवा पुल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 146X3 | 9.98 |
| 12 | मिश्रौलिया | कृष्ण बहादुर वर्मा के घर से सेवक साहू के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 155 X3 | 9.95 |
| 13 | नथईडीह | प्रेमनगर में बड़कऊ के घर से अल्लू के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 155X3 | 9.96 |
| 14 | जगदीशपुर | ओरीसिंहडीह पुरवा में सुखराम गौतम के घर से दक्षिण में सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.98 |
| 15 | कोईलखार | फेरई के घर से वकील अहमद के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.98 |
| 16 | सेमरी | पुरवा कुडोहा में कोदई के घर से राम छबीले के घारी तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 155X3 | 9.98 |
| 17 | डालपुर बकौली | प्राईमरी पाठशाला से सुखराज यादव के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 153X3 | 9.98 |
| 18 | लक्ष्मीनगर निश्चलडीह | मन्नू सिंह के घर से सरकारी बोरिंग तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 155X3 | 9.97 |
| 19 | गौरा बगनहा | रामसहाय के घर से सेन्टर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 146X3 | 9.93 |
| 20 | बनगाई | महोयावा में रामकैलाश के घर से उजागर के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 146X3 | 9.97 |
| 21 | रमनगरा | मेन रोड से अनिल कुमार मिश्रा के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 135X3 | 9.97 |
| 22 | बघेलखण्ड | राजकीय स्कूल से सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 130X3 | 9.97 |
| 23 | गनवरिया | हरिजन बस्ती से पारस के घर तक मेन रोड से सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 153X3 | 9.98 |
| 24 | नवानगर | आंगनवाडी से ठाकुर साहब के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 154X3 | 9.98 |
| 25 | बरगदवाकला | मन्सुरवा में कटलू धोबी के घर से हैण्डपम्प तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 149X3 | 9.98 |
| 26 | कोडरी | अरविन्द शुक्ला के घर से छेदी घोबी के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.97 |
| 27 | खखरा | विशुनपुरखुर्द छेदी यादव के घर से मन्दिर होते हुए नहर मे सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 146X3 | 9.93 |
| 28 | घन्घरा | निनौनी पुरवा में सन्तराम के घर से निब्बी के दुकान तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 148X3 | 9.96 |
| 29 | लुधौरी | मेन रोड से हिन्दु शमशान घाट तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 145X3 | 9.97 |
| 30 | पिपरादुर्गा नगर | निरमोही के घर से गांव के बाहर पुलिया तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.98 |
| 31 | महुआ | विशुनपुरडीह में श्यामलाल पाण्डेय के घर से दयाराम पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.97 |
| 32 | चमरबोझिया | सोनहटी में सी0सी0रोड से पीपल के पेड से राजन सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 175X3 | 8.06 |
| 33 | गनेशपुर | मौजा दुर्गापुर में रामदीन के घर से कमला के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.98 |
| 34 | मटेहना | एनएच 730 से असगर अली के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 185X35 | 9.96 |
| 35 | जानकीनगर | मौजा मुरावनडीह में पवन तिवारी के घर से पंचायत भवन तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 175X3 | 8.06 |
| 36 | परसापलाई डीह | मन्दिर से कामता प्रसाद मौर्या के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 154X3 | 9.95 |
| 37 | महादेवशिवपुर | मजरा शिवपुर मेन रोड से नरेन्द्र मणि के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 148X32 | 9.99 |
| 38 | चौबेपुर | जसबीर के घर से चन्द्र प्रकाश के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 145X3 | 9.98 |
| 39 | विकास खण्ड | पार्किंग शेड का निर्माण कार्य। | 1 | 3.65 |
| 40 | रमवापुर | दुर्गा मन्दिर से वरियावन धोबी के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 120X25 | 6.87 |
| 41 | टेगनहवा | पंकज पाण्डेय के घर से पी0डब्लू0डी0 रोड तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.94 |
| 42 | जिगनिहवा | पिपरी पुरवा में पी0डब्लू0डी0 रोड से लाल बिहारी प्रजापति के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 130X3 | 9.96 |
| 43 | बिजुलिया | भरिया में परसुराम के घर से चन्द्रभान के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 20X3 | 1.34 |
| 44 | जीतपुर | मजरा पुरूषोत्तमपुर में राजेन्द्र शुक्ला के घर से गोविन्द पासवान के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 156X3 | 9.98 |
| 45 | बिजुलिया | भरिया में रामअचल के घर से सजन वर्मा के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 155X3 | 9.97 |
| 46 | सदवापुर | सदवापुर में पीडब्लू डी रोड से राजकुमार पासवान के घर होते हुए पटेष्वरी के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 155X3 | 9.96 |
| 47 | बीरपुरकला | मजरा थरूआ में बहादुर पासवान के दुकान से पीडब्लूडी रोड तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 154X3 | 9.97 |
| 48 | चरनगहिया | चरनगहिया में नीरज वर्मा के घर से पीडब्लूडी रोड तक नाली निर्माण कार्य। | 70 | 2.15 |
| | | योग- | | 419.86 |

## शर्ते :-

1. निविदादाता को परियोजना की कुल लागत का कुल 10 प्रतिशत जमानत के रूप में काटा जायेगा (जिसमें 02 प्रतिशत नकद/एफ0डी0आर0 के रूप में अपनी निविदा के साथ नकद जमा करना अनिवार्य होगा) और 08 प्रतिशत धनराशि की कटौती नियमानुसार भुगतान बिल से किया जायेगा।
2. निविदा अस्वीकृत होने की दशा में जमानत की धनराशि पटल सहायक से 03 दिवस पश्चात् वापस प्राप्त की जा सकती है ।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में कार्य पर 03 दिवस के अन्दर अनुबन्ध अवर अभिश (ग्रा0अ0वि0) से सम्पर्क कर कराना अनिवार्य होगा।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत कार्यस्थल पर मानक के अनुसार अ0अभि0 (ग्रा0अ0वि0) की देखरेख में कार्य प्रारम्भ कराना होगा, जिनके द्वारा किये गये मापी के आधार पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
5. किसी भी दशा में परियोजना पर अग्रिम भुगतान की कार्यवाही नहीं की जायेगी।
6. कार्य मानक के अनुरूप एंव गुणवत्ता के अनुसार कराया जाना आवश्यक होगा। यदि कार्य मानक के अनुरूप नही पाया गया तो जमानत जब्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी को होगा।
7. स्वीकृत परियोजनाएं वर्ष 2026 27 की है। जो स्वीकृत धनराशि के अन्तर्गत करायी जानी है। जिसके फलस्वरूप कार्य की मात्रायें घट-बढ़ सकती है। वर्तमान दर/प्राक्कलन कार्यालय में अवलोकित किया जा सकता है।
8. कार्यालय द्वारा किये गये भुगतान पर नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0, लेबर सेस आदि की गणना कर उसकी कटौती की जायेगी, और उसे ससमय संबंधित खाता/लेखाशीर्षक में जमा किया जायेगा।
9. प्रत्येक कार्य पर अवशेष 08 प्रतिशत जमानत रोकी जायेगी जिसे नियमानुसार निर्धारित अवधि के बाद गुणवत्ता परीक्षण एवं तकनीकी परीक्षण के उपरान्त ही वापसी की कार्यवाही की जायेगी।
10. ठेकेदार को विगत 03 वर्षो का अपने फर्म से संबंधित आयकर, जी0एस0टी0 के जमा के विवरण की प्रतियॉं निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. ठेकेदार को निर्धारित अवधि के अन्दर कार्य प्रारम्भ कराना अनिवार्य होगा। विलम्ब की दशा में शासनादेशानुसार 05 प्रतिशत विलम्ब की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
12. निर्माण कार्य पर नियमानुसार 01 प्रतिशत कटौती लेबर सेस के रूप में की जायेगी।
13. निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।

**(पल्लवी सचान)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**गैसडी - बलरामपुर।**

# कूल्ड रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन सुविधा का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा, सैफई।** राष्ट्रीय पीएमआर (फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन) दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई के फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन (PMR) विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में आधुनिक कूल्ड रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन (Cooled Radiofrequency Ablation) सुविधा का शुभारंभ किया गया, जिससे पुराने एवं जटिल दर्द से पीड़ित मरीजों को अत्याधुनिक, सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.अजय सिंह ने इस अत्याधुनिक सुविधा का शुभारंभ करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य मरीजों को विश्वस्तरीय एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कूल्ड रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन तकनीक के माध्यम से लंबे समय से असहनीय दर्द से जूझ रहे अनेक मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान कुलपति ने जरूरतमंद मरीजों को अस्थिबंध (ऑर्थोसिस) वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं आत्मनिर्भर जीवन की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि पुनर्वास चिकित्सा केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों को सम्मानपूर्वक एवं आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने योग्य बनाना इसका प्रमुख उद्देश्य है। राष्ट्रीय पीएमआर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले दिव्यांग बच्चों को भी कुलपति द्वारा स्टेशनरी प्रदान कर उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में समावेशी सोच को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के चिकित्सक, संकाय सदस्य, रेजिडेंट चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## अटल कूप में प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर धार्मिक आयोजन संपन्न

**मौदहा।** कस्बे के मराठीपुरा स्थित प्राचीन अटल कूप में मां दुर्गा एवं हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंगलवार को भंडारे के साथ समापन हो गया।कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना, हवन और आरती हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम प्रसाद, रामदेव सिंह, उत्तम सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि बाबा कुआं के जीर्णोद्धार के बाद स्थापित देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर यह आयोजन किया गया।

# एक पौधा, एक जिम्मेदारी का लिया संकल्प

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** एक पौधा, एक जिम्मेदारी का लिया संकल्प, पीएम श्री विद्यालय में मंगलवार को हुआ वृहद वृक्षारोपण वन विभाग एवं स्वदेश सांस्कृतिक न्यास के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड बसरेहर के पीएम श्री विद्यालय, कृपालपुर में वृहद वृक्षारोपण एवं वृक्ष भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आंवला, आम, अमरूद, अनार सहित विभिन्न फलदार एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का आधार ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की अमूल्य धरोहर हैं। वन विभाग की ओर से उपस्थित बसरेहर क्षेत्र के सेक्शन प्रभारी सहदेश कुमार ने वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से पौधरोपण को जन-आंदोलन बनाने की अपील की। इस अवसर पर आयोजित वृक्ष भंडारा के माध्यम से ग्रामवासियों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे निःशुल्क वितरित किए गए, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाकर हरित वातावरण के निर्माण में योगदान दें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नृपेंद्र तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी एवं ब्लॉक पीटीआई अर्चना चौधरी ने किया। कार्यक्रम में वन दरोगा दिनेश चंद्र, वन रक्षक सुयश तिवारी, विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का 8 जुलाई को राबर्ट्सगंज में होगा भव्य स्वागत

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के माननीय प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी के सोनभद्र जनपद में प्रथम आगमन के अवसर पर 8 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे राबर्ट्सगंज स्थित स्वर्ण जयंती चौक पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह स्वागत कार्यक्रम भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्र जी एवं राबर्ट्सगंज नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित होगा। नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने नगर मंडल के सभी पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों, विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे 8 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे स्वर्ण जयंती चौक पर समय से उपस्थित होकर स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाएं।

## सांसद के पत्र के बाद खूनी हाईवे-34 के चौड़ीकरण की उम्मीद जगी

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कानपुर-कबरई राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी की पहल के बाद हाईवे के चौड़ीकरण और यातायात सुधार की उम्मीद बढ़ गई है। सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर हाईवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए सड़क चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण की मांग की थी। बताया जाता है कि केंद्रीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को यातायात सुगम बनाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मई माह में हाईवे-34 पर लगातार हो रहे हादसों के विरोध में आंदोलन भी हुआ था। क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि यदि सड़क का चौड़ीकरण और सुरक्षा संबंधी कार्य पूरे होते हैं तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आवागमन सुरक्षित होगा।

## पहली जोरदार बारिश से गर्मी से राहत, खरीफ की बुआई को मिला संबल

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** मंगलवार को हुई पहली जोरदार बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई। समय पर हुई वर्षा से खरीफ फसलों की बुआई के लिए खेतों में पर्याप्त नमी पहुंच गई है। किसानों का कहना है कि धान, उड़द, तिल, मूंग सहित अन्य खरीफ फसलों की बुआई में अब तेजी आएगी। बारिश से सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च भी कम होगा और बेहतर उत्पादन की संभावना बढ़ेगी। हालांकि बारिश के दौरान कस्बे के कुछ हिस्सों में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में भी मौसम अनुकूल बना रहा तो खरीफ की बुआई समय पर पूरी होने के साथ अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा आम के ठेले से टकराया



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** आईटीआई कॉलेज जा रहा छात्रों से भरा एक ई-रिक्शा मंगलवार को अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े आम के ठेले से टकरा गया। हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शे के ब्रेक और हैंडल में तकनीकी खराबी आने पर चालक वाहन रोककर नीचे उतरा था। इसी दौरान ई-रिक्शा स्वतः आगे बढ़ गया और आम के ठेले से जा टकराया। टक्कर से ठेले पर रखे आम सड़क पर बिखर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद लोगों ने स्कूली छात्रों के परिवहन में उपयोग होने वाले ई-रिक्शों की नियमित तकनीकी जांच कराने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। सोशल मीडिया पर घटना को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं चलती रहीं, लेकिन किसी भी दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## केंद्रीय विद्यालय के मुख्य द्वार तक सड़क अधूरी, बारिश में बढ़ी परेशानी

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** नवनिर्मित केंद्रीय विद्यालय के मुख्य द्वार तक पक्की सड़क का निर्माण अधूरा होने से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को बारिश के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद विद्यालय के मुख्य प्रवेश मार्ग पर कीचड़ फैल गया, जिससे बच्चों के स्कूल पहुंचने में कठिनाई हुई। अभिभावकों ने बताया कि सड़क निर्माण अधूरा होने के कारण हर बारिश में यही समस्या उत्पन्न होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजमंगल यादव ने बताया कि मुख्य गेट तक सड़क निर्माण कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। अभिभावकों ने भी शीघ्र सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

## युवक से मारपीट मामले में दरोगा लाइन हाजिर, कांग्रेस का प्रदर्शन



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** सदर कोतवाली क्षेत्र में वारंट तामील के दौरान गलत युवक को हिरासत में लेकर कथित मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने आरोपी दरोगा सुरेंद्र पाल को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मेरापुर निवासी शिवराज को पुलिस शनिवार शाम वारंट के आधार पर कोतवाली ले गई थी। बाद में पता चला कि वारंट किसी अन्य व्यक्ति के नाम था। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया, जबकि पुलिस का कहना था कि युवक ने स्वयं को चोट पहुंचाई थी। मामले के तूल पकड़ने पर घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने संबंधित दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सोनभद्र में मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत 6 स्कूली वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में स्कूली वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान के तहत मंगलवार को भी सघन जांच अभियान जारी रहा। राबर्ट्सगंज क्षेत्र में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) कौशल कुमार सिंह ने अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले 5 स्कूली वाहनों का चालान किया। वहीं, यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) मनोज कुमार गुप्ता ने भी जांच के दौरान 1 स्कूली वाहन का चालान किया। अभियान के दौरान स्कूली वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, चालक के लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड गवर्नर सहित अन्य सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई।एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले विद्यालयों एवं वाहन संचालकों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने सभी विद्यालय प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित करें।

# मेधावियों को सम्मानित किया पुस्तक का हुआ विमोचन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, इकदिल।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) का मेधावी सम्मान समारोह श्री एसआरएलटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन इकदिल में आयोजित किया गया। इसके साथ ही संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री द्वारा महादेवी वर्मा पर लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के वर्ष 2026 में 80 प्रतिशत तक अंक पाने वाले सभी वर्गों के आधा सैकड़ा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक नरेश चन्द्र भटेले पूर्व प्रधानाचार्य ने की तथा संचालन प्रदेश महासचिव जयशिव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वेश शर्मा ने मां सरस्वती जी की वंदना पढ़कर किया। साथ ही अतिथियों ने भगवान श्री परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप जलाकर विधि पूर्वक पूजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि मेधावियों का सम्मान करने से उनका मनोबल बढ़ता है। अध्यक्षता कर रहे नरेश चंद्र भटेले ने कहा कि परशुराम सेवा समिति का यह सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में कवि गोविन्द द्विवेदी, गोपाल पाण्डेय, विनोद कुमार राठौर आदि ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर डॉ.उमाकांत शर्मा, संरक्षक आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, कृष्ण मोहन अग्निहोत्री, हरि प्रकाश चौधरी, अनिल दुबे, राज कुमार दीक्षित, अनिल दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष के के चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश प्रभारी के के त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, शिक्षक नेता भानु प्रकाश अवस्थी, सुनील तिवारी एड.राजेंद्र देव दुबे,राजीव त्रिपाठी एड., राज तिवारी, गोपाल मिश्रा, नवीन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के बाँदा आगमन पर नरैनी विधानसभा को विकास कार्यों की सौगात

अवधनामा संवाददाता

■ अब नई उम्मीदों के साथ जनता की निगाहें योगी सरकार पर

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित बाँदा आगमन को लेकर पूरे जनपद में उत्साह का माहौल है। विशेष रूप से नरैनी विधानसभा क्षेत्र की जनता की निगाहें मुख्यमंत्री के दौरे पर टिकी हैं। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा सरकार और नरैनी विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा के प्रयासों से क्षेत्र में सड़क, पर्यटन, सेतु और विद्युत क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ स्वीकृत हुई हैं, जिनसे आने वाले समय में नरैनी के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। नरैनी से करतल मार्ग का लगभग 69 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण कार्य तथा अतर्रा से ओरन मार्ग का लगभग 32 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को मजबूत करेगा। इन दोनों परियोजनाओं का निर्माण लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड-1, बाँदा) द्वारा कराया जा रहा है। इन मार्गों के विकसित होने से ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर आवागमन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसी प्रकार कुइयाकगर-शाहपाटन में रंज नदी पर दीर्घ सेतु का निर्माण भी क्षेत्र की एक बहुप्रतीक्षित परियोजना है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और दूरस्थ गांवों को बेहतर संपर्क मिलेगा। पर्यटन की दृष्टि से ऐतिहासिक कालिंजर क्षेत्र को विकसित करने के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं रनगढ़ दुर्ग के समीप केन नदी में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से रिवर फ्रंट सहित पर्यटन विकास कार्य स्वीकृत हैं। हालांकि इन कार्यों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता भी है। रनगढ़ दुर्ग तक जाने वाले पहुंच मार्ग के उच्चीकरण, सौंदर्यीकरण तथा स्ट्रीट फर्नीचर सहित लगभग 15 करोड़ रुपये की पर्यटन विकास परियोजना को भी वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ न होने से लोगों में निराशा है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि मुख्यमंत्री के दौरे के बाद इन परियोजनाओं में तेजी आएगी। विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए करतल विद्युत उपकेंद्र को भी वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, किंतु अभी तक टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। क्षेत्रवासियों की अपेक्षा है कि इस परियोजना को भी शीघ्र गति मिले ताकि बिजली आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ हो सके। नरैनी विधानसभा की जनता का कहना है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र में विकास की मजबूत आधारशिला रखी गई है। विधायक श्रीमती ओममणी वर्मा के प्रयासों से अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएँ स्वीकृत हुई हैं, जो भविष्य में क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम करेंगी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाँदा आगमन से लोगों को उम्मीद है कि लंबित परियोजनाओं को गति देने के साथ-साथ नरैनी विधानसभा को सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, रोजगार तथा पेयजल जैसी नई विकास योजनाओं की भी सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नरैनी विधानसभा की विकास यात्रा को नई दिशा देने वाला अवसर माना जा रहा है। जनता को विश्वास है कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल बुंदेलखंड और विशेष रूप से नरैनी विधानसभा आने वाले समय में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

# स्कूल पहुंचने से पहले कीचड़ की परीक्षा

■ रहुला-जफरपुर मार्ग पर जलभराव से बच्चों की बढ़ी मुश्किलें

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम, हरदोई।** विकासखंड बिलग्राम के रहुला गांव स्थित जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं इन दिनों शिक्षा से पहले कीचड़ और जलभराव की चुनौती का सामना कर रहे हैं। स्कूल के ठीक सामने रहुला-जफरपुर मार्ग पर घुटनों तक फैले कीचड़ और जलभराव ने बच्चों के लिए स्कूल पहुंचना मुश्किल बना दिया है। रोजाना छात्र इसी रास्ते से होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे उनके कपड़े और जूते खराब हो रहे हैं तथा दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित यह सड़क लंबे समय से बदहाल है। स्कूल के सामने जलभराव की स्थिति सबसे अधिक गंभीर है, जहां कई बच्चे फिसलकर गिर चुके हैं। इससे अभिभावकों में भी रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में समस्या और विकराल हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग, बिलग्राम के अधिशासी अभियंता राजकुमार मौर्य ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अवर अभियंता सुनील कुमार को ब्लॉक प्रशासन को पत्र जारी कर रास्ते एवं नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि बच्चों को स्कूल आने-जाने में राहत मिल सके।

# डीएम ने जिला पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज राजकीय जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय परिसर की स्वच्छता, अध्ययन कक्ष, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पुस्तक संग्रह, डिजिटल संसाधनों तथा पाठकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में उपलब्ध सभी मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रहालय नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में यहां गुणवत्तापूर्ण, अद्यतन एवं उपयोगी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय में संघ लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस भर्ती, एनडीए, सीडीएस, टीईटी, सीटीईटी, नीट, जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित नवीनतम पुस्तकों, संदर्भ ग्रंथों, राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं एवं करंट अफेयर्स सामग्री की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जनपद के विद्यार्थियों एवं युवाओं को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो सकें।

## सोनभद्र किसान विरोधी संवेदनहीन प्रतिनिधियों का बन डेराः संदीप मिश्रा



**घोरावल/सोनभद्र।** घोरावल विधानसभा क्षेत्र के बट कोऑपरेटिव केंद्र पर किसानों को पेड़ हैं तो प्राण हैं अभियान के तहत फलदार पेड़ बाटे गये उसके बाद किसानों की समस्याओं को लेकर किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने समय पर डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्रा ने कहा कि किसानों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी, जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की कि प्रत्येक किसान को प्रति बीघा एक बोरी डीएपी और एक बोरी यूरिया उपलब्ध कराया जाए, ताकि खेती का कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

रामकेश पनिका ने कहा कि किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा किसानों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ रहा है और वह कंधे से कंधा मिलाकर किसानों के हित की इस लड़ाई में साथ रहेंगे।

महेंद्र पटेल ने कहा कि यदि किसानों की मांगों की अनदेखी जारी रही तो आने वाले दिनों में जनप्रतिनिधियों का बहिष्कार किया जाएगा और आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

उमाशंकर सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी नीतियां अपना रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

# दुकान पर मोबाइल छोड़कर रहस्यमय ढंग से लापता हुआ युवक

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जरौली निवासी अकरम उर्फ शैखू पुत्र स्वर्गीय तौफीक खां के अचानक लापता हो जाने से परिवार में चिंता और क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। युवक सोमवार से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब है, जिसके बाद परिजनों ने बिलग्राम कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

परिजनों के अनुसार अकरम रोज की तरह सुबह अपनी दुकान पर गए थे। उन्होंने दुकान खोली, लेकिन कुछ देर बाद अपना मोबाइल फोन दुकान पर ही छोड़कर कहीं चले गए। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। जब काफी समय तक वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

युवक के अचानक गायब होने से परिजन बेहद परेशान हैं। मामले की सूचना मिलते ही बिलग्राम पुलिस सक्रिय हुई और गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी गई है।

बिलग्राम कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवक की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है तथा संभावित स्थानों पर खोजबीन की जा रही है।

परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को अकरम उर्फ शैखू के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल बिलग्राम कोतवाली अथवा उनके परिवार को सूचित करें, ताकि युवक को सकुशल खोजा जा सके।

# बदलते मीडिया परिदृश्य में प्रभावी संचार और जनसंपर्क पर एनटीपीसी सिंगरौली में संवाद

अवधनामा संवाददाता



**शक्तिनगर/सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली के कर्मचारी विकास केंद्र (ईडीसी) में 'बदलते मीडिया परिदृश्य में प्रभावी संचार और जनसंपर्क' विषय पर संचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एनटीपीसी लिमिटेड के पूर्व महाप्रबंधक (नैगम संचार) के. एम. प्रशांत थे, जिन्होंने प्रभावी संचार, मीडिया संबंधों तथा बदलते डिजिटल युग में जनसंपर्क की बदलती भूमिका पर अपने समृद्ध अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए। अपने व्याख्यान में प्रशांत ने कहा कि आज के सूचना-प्रधान युग में केवल सूचना देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विश्वसनीय, समयबद्ध, पारदर्शी एवं संवेदनशील संवाद ही किसी भी संगठन की वास्तविक पहचान बनाता है। उन्होंने बताया कि डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया तथा पारंपरिक मीडिया के बीच समन्वय स्थापित कर सकारात्मक जनविश्वास निर्मित किया जा सकता है। उन्होंने क्राइसिस मीडिया प्रबंधन, कंटेंट निर्माण, संस्थागत ब्रांडिंग तथा जनसंपर्क की नैतिकता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डॉ. ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रभावी संचार किसी भी संगठन की सफलता का आधार है। उन्होंने कहा कि बदलते समय में प्रत्येक व्यक्ति को संप्रेषण कौशल विकसित करना आवश्यक है, जिससे संगठन की उपलब्धियों एवं सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से समाज तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली भविष्य में भी संचार एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करता रहेगा। कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण अनुभव-साझाकरण सत्र रहा, जिसमें उपस्थित पत्रकार बंधुओं ने मीडिया जगत के अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। उन्होंने स्थानीय पत्रकारिता, जनसरोकारों, समाचारों की विश्वसनीयता, डिजिटल मीडिया की चुनौतियों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों और मीडिया के बीच सकारात्मक संवाद की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने स्थानीय विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, सूचना के प्रभावी आदान-प्रदान तथा जनसंपर्क से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका के. एम. प्रशांत ने अपने अनुभवों के आधार पर विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली एवं स्थानीय मीडिया के बीच बेहतर समन्वय, सकारात्मक संवाद तथा समाजहित के मुद्दों पर रचनात्मक सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर भी सार्थक चर्चा हुई।

# वर्षा से पहले नगर निकायों को सख्त निर्देश

- जलभराव और सीवर ओवरफ्लो पर सख्ती
- बारिश में लापरवाही पर होगी कार्रवाई
- नगर निकायों की तैयारियों की मंत्री ए.के.शर्मा ने की समीक्षा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संगम सभागार (लखनऊ)में वर्षाकाल के दृष्टिगत नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में जलभराव, सीवर ओवरफ्लो, नालों की सफाई, कचरा उठान एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी नगर निकाय में जलभराव, सीवर बैक फ्लो, गंदगी अथवा कचरे के ढेर जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या संक्रमण का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी निकाय युद्धस्तर पर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए सभी नगर निकाय प्राथमिकता के आधार पर ब्लीचिंग पाउडर, एंटी-लार्वा दवाओं एवं अन्य आवश्यक रसायनों का नियमित छिड़काव सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण या महामारी की स्थिति उत्पन्न न हो।

मंत्री शर्मा ने निर्देश दिए कि जहां-जहां पंपिंग स्टेशन एवं पंपिंग सेट स्थापित हैं, उनका तत्काल रखरखाव (मेंटेनेंस) पूर्ण किया जाए तथा उन्हें ड्रिल के माध्यम से पहले ही चलाकर जांच लिया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तत्काल कार्य करना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान मशीनों के खराब होने या मेंटेनेंस के बहाने स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी मशीनें हर समय पूर्ण रूप से क्रियाशील स्थिति में रहनी चाहिए।

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री शर्मा ने लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा सहित कई नगर निगमों तथा मुजफ्फरनगर, मऊ, पीलीभीत सहित विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर निकायों के अधिकारियों से विस्तृत संवाद कर वर्षा पूर्व तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि कहीं भी सीवर ओवरफ्लो, नालियों की सफाई में लापरवाही, जलभराव या स्वच्छता व्यवस्था में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने नगर आयुक्तों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था की स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

बैठक में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव गुरुप्रसाद, निदेशक अनुज कुमार झा, विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल, मिशन निदेशक ऋतु सुहास सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश के सभी नगर आयुक्त एवं संबंधित अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े।

# चार नए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों को जल्द मिलेगा आकार

- तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल ने मंगलवार को विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में मीरजापुर, प्रतापगढ़, बस्ती एवं गोंडा के 04 नवनिर्मित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों की प्रशासकीय परिषद की बैठक की। बैठक में चारों कॉलेजों के शैक्षणिक सत्र शुरू करने और आधारभूत ढांचे को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इसी क्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोंडा, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रतापगढ़ और सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मिर्जापुर की स्थापना की गई है। इन कॉलेजों के शुरू होने से पूर्वांचल और मध्य उत्तर प्रदेश के हजारों युवाओं को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।मंत्री आशीष पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारों नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भवन, प्रयोगशाला, वर्कशॉप, पुस्तकालय और छात्रावास सहित सभी मूलभूत सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों, ताकि छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का बेहतर माहौल मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर युवा उद्योगों की मांग के अनुरूप दक्ष बने। इसके लिए नए इंजीनियरिंग कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और इंडस्ट्री 4.0 जैसे नए जमाने के कोर्स शुरू किए जाएंगे। स्थानीय उद्योगों से समन्वय कर प्लेसमेंट और इंटर्नशिप की भी पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

**पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण पर अजय राय का पीएम को पत्र**

# एथेनॉल मिश्रण के लाभ उपभोक्ताओं तक क्यों नहीं पहुंचा : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पेट्रोल में मिलाए जा रहे एथेनॉल को लेकर पत्र लिखा है। श्री राय ने एथेनॉल के संबंध में जनता में उपजे प्रश्नों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रधानमंत्री से जनता के विश्वास, पूर्ण पारदर्शिता, स्वतंत्र वैज्ञानिक परीक्षण और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जरूरी निर्णय लेने की मांग की। श्री राय ने कहा कि अगर सरकार एथेनॉल मिश्रित ईंधन को पूरी तरह सुरक्षित मानती है तो इंजन को होने वाली किसी भी प्रमाणित क्षति की भरपाई का उत्तरदायित्व वाहन निर्माता, तेल कम्पनियों या बीमा कम्पनियों का स्पष्ट रूप से निर्धारित किया जाए, जिससे उसका पूरा आर्थिक जोखिम देश के उपभोक्ताओं पर न पड़े।

पत्र में श्री राय ने लिखा कि केन्द्र सरकार पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को तेजी से लागू कर रही है और भविष्य में ई-85 और ई-100 जैसे उच्च एथेनॉल मिमिश्र ईंधनों की दिशा में भी नीति बनाई जा रही है। एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देते वक्त कहा था कि ईंधन सस्ता होगा और उसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। लेकिन आज एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल भी उसी कीमत पर है जिस मूल्य पर सामान्य पेट्रोल मिलता था। अगर एथेनॉल से लागत कम हुई तो उसका फायदा उपभोक्ताओं तक क्यों नहीं पहुंचा। देश में एथेनॉल मुख्य रूप से गन्ने और अब तेजी से बढ़ते मक्का जैसे कृषि उत्पादों से बनाया जा रहा है। इन फसलों के उत्पादन और एथेनॉल निर्माण में भारी मात्रा में पानी की जरूरी होती है। ऐसे में जबकि देश के अनेक राज्य जल संकट से जूझ रहे हैं और करोड़ों नागरिकों को पर्याप्त स्वच्छ पेजयल भी उपलब्ध नहीं है तो ऐथेनॉल नीति के भूजल, कृषि और खाद्य सुरक्षा पर दीर्घकालिक प्रभाव का स्पष्ट आंकलन जरूरी है। लोकतंत्र में केवल निष्पक्ष निर्णय लेना ही जरूरी नहीं होता बल्कि निर्णय निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक अधिकांश वाहन एथेनॉल मिश्रण के पूरी तरह उपयुक्त सिद्ध न हों तब तक सामान्य पेट्रोल और एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल दोनों विकल्प नागरिकों को उपलब्ध कराए जाएं।

## धर्म के नाम पर जनता की आस्था से किया गया खिलवाड़ : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता विरोधी दल प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान राम के दरबार में जो लूट की गयी और राम भक्तों के साथ जो विश्वासघात किया गया उसके लिए भाजपा सरकार को सजा देने के लिए जनता और श्रीराम के भक्तों को तैयार रहना चाहिए। धर्म के नाम पर श्रीराम के नाम पर जनता की आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है और खुलेआम धन की लूट की जा रही है। श्री तिवारी ने राम मंदिर में चंदा चढ़ावे के नाम पर हुई लूट पर 6 जुलाई को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे मैं और मेरे जैसे करोड़ों रामभक्तों को बेहद निराशा, हताशा और दुख हुआ है। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरि जिन पर कोष की रक्षा-देख-रेख की जिम्मेदारी है उनके रहते भगवान राम के चंदे और चढ़ावे में चोरी हो गयी।

# राशन कार्ड सत्यापन अभियान तेज होगा : मनोज पाण्डेय

- नेटवर्क समस्या दूर करने के निर्देश
- अन्नपूर्णा भवनों में बढ़ेंगी सुविधाएं
- नई राशन दुकानों के सृजन पर जोर
- खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** खाद्य तथा रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज पाण्डेय की अध्यक्षता में आज यहां विधान भवन के सभागार में रसद स्थायी समिति 2025-26 की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नामित सदस्यगण, विधानसभा /विधान परिषद, रणवीर प्रसाद, प्रमुख सचिव/आयुक्त, अतुल सिंह, विशेष सचिव, कामता प्रसाद सिंह, अपर आयुक्त (प्रशासन), सत्यदेव, अपर आयुक्त (आपूर्ति), जय मंगल राव, वित्त नियंत्रक, अशोक कुमार पाल, सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, (मुख्यालय) द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान खाद्य रसद मंत्री जी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में आपूर्ति शाखा से सम्बन्धित बिन्दु के संबंध में अपर आयुक्त (आपूर्ति) द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 लागू है, जिसके अन्तर्गत आच्छादन की अधिकतम सीमा 15.20 करोड़ यूनिट निर्धारित की गयी है तथा वर्तमान में 14.64 करोड़ व्यक्ति/लाभार्थियों को एनएफएसए-2013 के अन्तर्गत आच्छादित कर उन्हें निःशुल्क राशन का लाभ दिलाया जा रहा है। मंत्री जी द्वारा अवशेष यूनिटों के सापेक्ष अभियान चलाकर पात्रतानुसार नवीन राशनकार्ड निर्गमित किए जाने के निर्देश दिए गए। उक्त के अतिरिक्त मंत्री जी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों की शासनादेशों में प्राविधानित व्यवस्थानुसार जांच करते हुए, सत्यापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। समिति के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि कतिपय जनपदों में ई-पॉस मशीन में नेटवर्क की समस्या के कारण वितरण में देरी होने तथा लाभार्थियों को अत्यधिक समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। तत्क्रम में मंत्री जी द्वारा निर्देश दिए गए कि यथावश्यकता जनपद के जिलाधिकारी एवं बीएसएनएल के सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर नेटवर्क की समस्या का समाधान कराया जाए।

अन्नपूर्णा भवन निर्माण के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराए जाने के उपरांत मंत्री जी द्वारा निर्देश दिए गए कि अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के समय यह सुनिश्चित किया जाए कि वह परिवहनीय मार्ग के किनारे एवं आबादी क्षेत्र से नजदीक कराया जाए, जिससे लाभार्थियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा न हो। समिति के सदस्यों द्वारा अन्नपूर्णा भवनों से आवश्यक वस्तुओं के अतिरिक्त अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) तथा स्थानीय स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित वस्तुएं भी विक्रय हेतु उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था कराए जाने का प्रस्ताव दिया गया।

# लखनऊ के गोमती नगर में खुली ग्रो इन स्टैप्स की नई शाखा




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आज लखनऊ के गोमती नगर में आई आई टी दिल्ली एल्युमिनस के द्वारा ग्रो इन स्टेप मोंटेसरी प्री स्कूल का उद्घाटन विश्वनाथ प्रसाद दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम लिमिटेड की उपस्थित में हुआ,अपने प्री स्कूल के बारे में बताते हुए नरेंद्र देव एवं आशीष सिंह ने बताया कि उनके इस प्री स्कूल में लाइव कैमरा एक्सेस , ऐज ऐपप्रोप्रिएट एक्टिविटीज ,इन हाउस किचेन,सेफ एंड सिक्योर एनवायरनमेंट को प्राथमिकता दी गई है, उन्होंने बताया कि वो अपने लोगो बिल्डिंग एस्पिरेशनल इंडिया को चरित्रार्थ करने के उद्देश्य से बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा को प्राथमिकता देते हैं , बच्चों की ओवरऑल ग्रोथ के लिए उनमें नन्ही उम्र से ही लर्निंग बाय डूइंग क्रिएटिव आर्ट्स, म्यूजिक और ड्रामेटिक प्ले का प्रशिक्षण भी देंगे , उनके प्री स्कूल में अठारह से चौबीस माह उम्र वर्ग के बच्चों को ग्रोइन एक्सप्लोरर, दो से तीन वर्ष के बच्चों को ग्रोइन लर्नर्स वर्ग में तथा तीन से चार वर्ष के बच्चों को ग्रोइन इनोवेटर्स के वर्ग में रखा गया है, साथ ही उनके प्री स्कूल में बच्चों के लिए डे केयर की भी व्यवस्था रखी गई है ।

## श्रमिक रमेश की बेटी की धूमधाम से हुई शादी

**लखनऊ।** गरीब परिवारों में बेटी की शादी हमेशा एक बड़ी चिंता का विषय रही है। दहेज, बारात और अन्य खर्चों का बोझ अक्सर माता-पिता को कर्ज के जाल में फंसा देता है। उत्तर प्रदेश सरकार की ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना ऐसे ही गरीब श्रमिक परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने हजारों श्रमिकों की बेटियों के हाथ पीले करवाकर उनके सम्मान की रक्षा की है। कानपुर नगर के जाजमऊ क्षेत्र के एक कारखाने में काम करने वाले रमेश प्रसाद की कहानी भी इसी बदलाव की गवाह है। रमेश प्रसाद पिछले 15 वर्षों से कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत पंजीकृत एक चमड़ा फैक्ट्री में श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी मासिक मजदूरी 18,000 रुपये है। इस सीमित आय में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा था। ऊपर से बड़ी बेटी सीमा की शादी की उम्र होने पर रमेश की चिंता बढ़ गई थी। बेटी की शादी के लिए पैसा कहाँ से आएगा, यह सोचकर उनकी रातों की नींद उड़ जाती थी। साहूकार से कर्ज लेता तो पूरी जिंदगी ब्याज भरते निकल जाती।

# 12 जुलाई को उच्च शिक्षा विभाग लगाएगा 20 लाख पौधे

- 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' में उच्च शिक्षा विभाग का 20 लाख पौधों का लक्ष्य
- हर छात्र लगाए एक पेड़, हरित यूपी बनेगा: योगेंद्र उपाध्याय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 12 जुलाई को आयोजित होने वाले 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' में उच्च शिक्षा विभाग 20 लाख पौधरोपण कर हरित उत्तर प्रदेश की नींव को और मजबूत करेगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार ने वृक्षारोपण को केवल सरकारी अभियान तक सीमित न रखकर इसे प्रकृति संरक्षण, जल सुरक्षा और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा व्यापक जन-आंदोलन बना दिया है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में जन-जन की भागीदारी, हरित आवरण की तैयारी है। ये वास्तव में मात्र हरियाली देना या हरित आवरण बनाना ही नहीं है, ये पर्यावरण को दुरुस्त करने का निर्णायक कदम है। पूरे वातावरण में ऑक्सीजन का प्रभाव अधिक से अधिक हो, इसके लिए यह ठोस पहल है। आने वाली नस्लों को हम कैसा देश छोड़ के जा रहे हैं, कैसा वातावरण दे के जा रहे हैं, आने वाली नस्ल हमसे कृतज्ञ होगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा में लगभग 50 लाख छात्र, 22 सरकारी विश्वविद्यालय, 56 निजी विश्वविद्यालय और 8000 के करीब महाविद्यालय हैं। अगर हर छात्र एक-एक पेड़ लगाए तो यह संख्या ऐतिहासिक होगी। हमारे अधिकांश संस्थान बाउंड्री के अंदर हैं, इसलिए पौधों की सुरक्षा भी आसानी से सुनिश्चित हो जाएगी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि अगर बाउंड्री नहीं है तो पेड़ उनकी हद पर लगाएं, तो पेड़ों की बाउंड्री बन जाएगी। जहाँ बाउंड्री है, वहाँ बाउंड्री के सहारे सघन पौधरोपण कराएं। सभी छात्रों को एकत्र कर पौधे लगवाएं तो वे संरक्षित भी रहेंगे और पर्यावरण भी सुधरेगा। यही सरकार का लक्ष्य है और हम इसे पूरा करेंगे। सभी कुलपति, कुलसचिव और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अभियान को मिशन मोड में लें। उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार ने वृक्षारोपण को 'एक पेड़ माँ के नाम', 'गुरु के नाम', रक्षाबंधन पर 'भाई-बहन' जैसे भावनात्मक रूप से जोड़ा है।

## महान स्वतंत्रता सेनानी की याद में शर्बत वितरण

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** महान स्वतंत्रता सेनानी और देश की पहली अंतरिम सरकार के प्रथम प्रधानमंत्री मौलाना बरकतुल्लाह भोपाली की जयंती पर आल इंडिया मुस्लिम मजलिस की ओर से कैसरबाग के तकिया पीर जलील स्थित कार्यालय पर शर्बत वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मौलाना बरकतुल्लाह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग, बलिदान, राष्ट्रप्रेम और आजादी के संघर्ष को याद किया। प्रदेश अध्यक्ष नदीम सिद् दीकी ने कहा कि मौलाना बरकतुल्लाह भोपाली ने राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, मौलाना उबैदुल्लाह सिंधी और अन्य क्रांतिकारियों के साथ मिल कर 1 दिसम्बर 1915 को अफगानिस्तान में भारत की अंतरिम सरकार का गठन किया था।




# टापे वाली गली में जमीन को छू रहे बिजली के तार, बड़े हादसे का डर

- विद्युत विभाग की लापरवाही: स्थानीय निवासियों ने एसडीओ को पत्र लिखकर लगाई गुहार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** स्थानीय नूरबाड़ी सआदतगंज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 'टापे वाली गली' (काज़मैन रोड) में बिजली के जर्जर और ढीले तार स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। आलम यह है कि कई जगहों पर हाई-वोल्टेज बिजली के तार बेहद नीचे लटक रहे हैं, तो कुछ स्थानों पर ये सीधे जमीन को छू रहे हैं। इससे क्षेत्र में किसी बड़े हादसे या करंट लगने का खतरा हर वक्त मंडरा रहा है।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक, यह गंभीर समस्या मुख्य रूप से कासिम जनरल स्टोर के अंदर वाली गली में बनी हुई है, जिसे ' टापे वाली गली' के नाम से जाना जाता है। गली संकरी होने और तारों के जमीन के बेहद करीब होने के कारण यहाँ से गुजरने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों पर हर समय जान का खतरा बना रहता है। इस स्थिति से स्थानीय जनता में भारी डर और असुविधा का माहौल है।

## एसडीओ को सौंपा शिकायती पत्र

मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के जागरूक नागरिक मो. शाज़ान जैदी ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से उपखंड अधिकारी (एसडीओ), विद्युत विभाग, नूरबाड़ी सआदतगंज को एक लिखित शिकायती पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से मांग की गई है किः विद्युत विभाग की टीम तुरंत मौके का निरीक्षण करे। लटकते और जमीन को छूते खतरनाक तारों की अविलंब मरम्मत की जाए। तारों को कसने और उन्हें सुरक्षित ऊंचाई पर करने की उचित व्यवस्था हो ताकि किसी भी अप्रिय घटना या जान-माल के नुकसान से बचा जा सके। क्षेत्रीय जनता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। अब देखना यह है कि बिजली विभाग इस पर कब तक संज्ञान लेता है।

# मजलिसों में इमाम हुसैन की कुर्बानी का बयान

- अहलेबैत की मोहब्बत का पैगाम
- मजलिस के बाद नौहाख्वानी व सीनाजनी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नवासे रसूल (स) हजरत इमाम हुसैन (अ.स) और उनके साथियों की याद में मंगलवार को कर्बला दियानुतदौला बहादुर में मजलिस को मौलाना शब्बीर अली वारसी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि मोहम्मद और अहलेबैत नूर हैं ,अपने दिलों को उनके नूर से भर लो। किताब और शरीयत बगैर नूर समझ में नहीं आ सकती। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) इब्ने हजरत अली (अ.स.) का यह वह घराना है जिसकी वजह से आज दीने इस्लाम जिंदा और महफूज है।

इमामबाड़ा कायमा खातून सज्जाद बाग कालोनी में आज दूसरी मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने 'ज़रूरत-ए-इमाम' शीर्षक से खिताब किया। उन्होंने कहा की अल्लाह ने पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के बाद इमामों को हमारी हिदायत के लिए भेजा। मजलिस के बाद अंजुमन सज्जादिया सज्जादबाग,अंजुमन इमामिया कटरा बाराबंकी और अंजुमन गुलजारे अहलेबैत ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

अजाखाना डॉ नय्यर जैदी (जिम्मी ) हसन पुरिया में आयोजित मजलिस में फैज बाकर ने मर्सियाख्वानी करते हुए कर्बला के शहीदों की दर्दनाक शहादतों को बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलूमिया ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

बड़ा इमामबाड़ा हुसैनबाद में आयोजित मजलिस को मौलाना कल्बे अहमद नक़वी ने 'क़ुरान और अहलेबैत' शीर्षक से खिताब किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम को समझने के लिए बेहतरीन जगह है फर्श-ए-अजा। क्योंकि फर्श-ए-अजा पर हर खयाल के लोग आते हैं। मजलिसों का आयोजन हुसैनबाद ट्रस्ट कर्मचारियों ने किया है।

रौजाए सरकारे हुसैन कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना क़ासिम हुसैन मूसवी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि अजादारी और मोहर्रम जो दीन को फैलाने का सबसे बेहतरीन जरिया है। इमामबाड़ा गुलाम हुसैन बिलग्रामी पुराना तोपखाना बालागंज में मौलाना फिरोज हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन हैदरी घुघेरा सादात हरदोई, अब्बासिया जमाल नगर उन्नाव,अंजुमन इमामिया सफीपुर,अंजुमन इस्लामिया जोगी कोट,अंजुमन शैदाए हुसैन मेमन सदात और दबदबए हैदरी ने नौहाख्वानी की। इस मौके पर अलम,ताबूत, और जुलजनाह की जियारत कराई गई। कार्यक्रम का संचालन तालिब जैदी ने किया। मजलिसों का आयोजन बज्मे अजाए हुसैन ने किया था। मस्जिद घसीटी बेगम पुटाली वाली गली मौलाना अबु इफ्तखार जैदी ने विलायत व कुरान शीर्षक से मजलिस को ख़िताब किया।

मस्जिद शेरे खुदा बरगदी बक्शी का तालाब में मौलाना गुलरेज नक़्वी ने मजलिस को ख़िताब किया। उन्होंने कहा कि अगर हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) कर्बला के मैदान में अपनी व अपने साथियों की कुर्बानी नहीं देते तो आज इस्लाम न होता। मजलिस के बाद गुंचा ए तौक़ीरुल इस्लाम ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।इसके साथ ही हजरत अली अकबर (अस) के ताबूत की जियारत कराई गई। मजलिस से पहलेअब्बास अली और हसनैन अली ने पेशख्वानी की।

### अतहर विला में मजलिस 10 को

कर्बला के शहीदों की याद में 10 जुलाई को रात 8 बजे अतहर विला मंसूर नगर में एक मजलिस का आयोजन किया गया है। मजलिस के आयोजक मिर्जा अबू तैयब ने बताया कि मजलिस को मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी।

### आग और छुरियों का मातम 11 को

इमामबाड़ा डिप्टी इकराम हुसैन मशकगंज में 11 जुलाई को रात 9 बजे मजलिस को मौलाना सकलैन आब्दी खिताब करेंगे। इसके बाद आग और छुरियों का मातम होगा। इस कार्यक्रम का ये 45वां दौर है।